रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)--73

REGISTERED NO. D--73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 24, 1979 (अग्रहायण 3, 1901)

No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 24, 1979 (AGRAHAYANA 3, 1901)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 29 अक्तूबर 1979

सूचना

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :–

श्री टी० षण्मुगम ने दिनांक 25 अक्तूबर, 1979 से मुख्य महा प्रबन्धक (कार्मिक एवं मानवीय स्रोत विकास) केन्द्रीय कार्यालय, बम्बई का पदभार ग्रहण किया ।

एस० सी० नागर
उप प्रबन्ध निदेशक
(कार्मिक एवं सेवाएं)

भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान

मद्रास-600034, दिनांक 28 सितम्बर 1979

सं० 8 एस०सी०ए० (5)/79/80—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10(1) खंड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र उनके नाम के आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं :—

क्रम सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	18968	श्री एम० एस० सिद्दाराज, ए० सी० ए०, एकाउन्ट्स आफीसर, विशवेसवरा आइरन एण्ड स्टील लि०, भद्रावती-577301।	31-7-79
2.	19673	श्री जेकब वरघीस ए० सी० ए०, 51, स्टरलिंग रोड, मद्रास-600034।	1-4-79

(1)	(2)	(3)	(4)
3.	19736	श्री आर० वेंकटारामानी, ए० सी० ए०, प्लाट नं० 61, पासुमपौन स्ट्रीट, चित्रकलामिनी कालोनी। तिरुनगर, मदुराई-625006।	31-7-79

सं० 8 एस० सी० ए० /6/79-80—रेगूलेशन 10(1) के धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स के रेगूलेशन 1964 के अधिनियम 10(2) (बी) के साथ पढ़ा जाए, के अनुसार एतद्द्वारा अधिसूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों को कार्य करने के प्रमाण-पत्र 1 अगस्त 1979 से रद्द समझे जाएंगे, क्योंकि उन्होंने वर्ष 1979-80 के लिए कार्य प्रमाण-पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान 31 जुलाई, 1979 तक नहीं किया है :—

क्रम सं०	स० सं०	नाम व पता
1.	639	श्री ए० सामबन्दा मूर्ती, एफ० सी० ए०, बाशीर बाग, हैदराबाद-500029।
2.	4118	श्री आर० श्रीनिवासन, ए०सी०ए०, 136, मोब्रेस रोड, मद्रास-600018।
3.	7669	श्री पी०ई० पीताम्बरम, एफ०सी०ए०, वालनजामबालम, कोचीन-682016।]
4.	7810	श्री एम० के० वारके, एफ०सी०ए०, वालिया वीडी, चारई-683514, एरनाकुलम डिस्ट्रिक्ट।
5.	15014	श्री एस० प्रकाश चन्द मुत्था, ए० सी० ए०, 2, पैरीश्रानकन स्ट्रीट, सौकारपट, मद्रास-600001।
6.	18554	श्री आर० विजयराघवन, ए०सी०ए०, 12, ननगम वक्कम हाई रोड़, मद्रास-600034।

सं० 8 एस० सी० ए०/7/79-80—रेगुलेशन 10(1) के धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स के रेगुलेशन 1964 के अधिनियम 10(2) (बी) के साथ पढ़ा जाये, के अनुसार एतद्द्वारा अधिसूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों को कार्य करने के प्रमाण-पत्र 1 अगस्त 1979 से रद्द समझे जायेंगे क्योंकि उन्होंने वर्ष 1979-80 के लिये कार्य प्रमाण-पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान 31 जुलाई, 1979 तक नही किया है :—

क्रम संख्या	म० नं०	नाम व पता
(1)	(2)	(3)
1.	1988	श्री सी० एच० सेशागीरिपच्चर, एफ० सी० ए०, गंगा निवास, 859, नारायनन शास्त्री रोड, मैसूर।
2.	2971	श्री जे० एस० कामेश्वरा राव, ए० सी० ए०, 1-10 179, बैंक कालोनी अशोक नगर, हैदराबाद-500020।
3.	3139	श्री एम० वेंकटाकृष्णनन, ए० सी० ए० 22, सुल्कूवर स्ट्रीट, ट्रीपलीकेन, मद्रास-600005।
4.	4228	श्री डी० वासुदेवा राव, एफ० सी० ए०, गुरु कृपा, 8, कमला बाई स्ट्रीट, टी० नगर, मद्रास-600017।
5.	5783	श्री जार्ज जोसफ, एफ० सी० ए०, 22, लक्ष्मी स्ट्रीट आफ न्यू आवदी रोड, मद्रास-600010।
6.	6242	श्री वाई० एस० वेंकटारमना भट्ट, एफ०सी०ए०, बैंक रोड, कमारगौड।
7.	6247	श्री आर० वेंकटारमना, एफ०सी०ए०, बीकली मार्केट रोड़, वनीयाम्बडी-635753।
8.	6613	श्री वी० एम० कृष्णमूर्ति एफ०सी० ए०, 11, पीनया इण्डिस्ट्रीयल एस्टेट II, टुमकूर रोड, बंगलौर-560057।

(1)	(2)	(3)
9.	7843	श्री ओम प्रकाश गोयल, एफ०सी०ए०, शान्ति कुटीर, मोती महल, 2, राना प्रताप मार्ग, लखनऊ।
10.	9024	श्री के० अप्पाराव, ए०सी०ए०, मैकान, 310, रोलिंग हिल्स प्रोफेशनल बिल्डिंग, 655, दिपवेली ड्राईव, रोलिंग हिल्स एस्टेट, कैलिफोर्निया-90274 लोस ऐन्जेलस, यू० एस० ए०।
11.	9336	श्री पी० जे० जगनाथाराव, एफ० सी० ए०, सिरि पाण्डुरंगा निलाया बिहाइन्ड चमुनदेशवरी टाकीज, मैसूर-570001।
12.	9594	श्री आर० शंकरा नारायणन, ए०सी०ए०, 1, बासुदेव स्ट्रीट, टी नगर, मद्रास-600017।
13.	9948	श्री के० एस० कनकाराज, एफ० सी० ए०, 44, सम्बन्धामूर्ति स्ट्रीट, मदुराई-625001।
14.	10508	श्री के० पी० सुब्रामनीयन, एफ० सी० ए०, 26-ए, मुधूरंगा मुदालियर स्ट्रीट, ए रोड-638001।
15.	10766	श्री ए० के० कृष्ण मूर्ति, एफ० सी० ए०, महालक्ष्मी मन्डीराम, गीता रोड, मैसूर-570004।
16.	10875	श्री के० गुनाबलन, एफ० सी० ए०, शंकर इलाम, 4, 11 क्राम, वेस्टर्न एक्स्टेंशन्, थीलाई नगर, तिरुचिरापल्ली-620018।
17.	10897	श्री निसार पाशा, एफ० सी० ए०, नं० 27, सैकिण्ड फ्लोर, सिल्वर जुबली, पार्क रोड, बंगलौर-560002।
18.	11563	श्री आर० बाला सुब्रामनीयम, ए० सी० ए०, 21, नागेश्वर अय्यैर रोड, नुनगभबक्कम, मद्रास-600034।
19.	12326	श्री मजेटी वैकंटा समम्पत बाबा, ए०सी०ए०, मेल्हर कलाथ शोप, ऐलुरु रोड, विजयवाड़ा-520002।
20.	12697	श्री के० पी० रामाचन्द्रन, एफ० सी० ए०, ओ० वी० रोड, तेलीचेरी-670101।
21.	12736	श्री माधव अश्रताशयान शिराहट्टी, ए०सी० ए०, 781, राईट टाऊन, पोस्ट बाक्स नं०-300, जबलपुर-482002।
22.	12754	श्री पी० जेयाप्रगाश नारायानन एफ०सी०ए०, 50, रेलवे स्टेशन रोड, टुटीकोरिन-628001।
23.	12795	श्री एम० सीतारमन, ए०सी०ए०, 21/814, वालियासालई स्ट्रीट, त्रिवेन्द्रम-695023।
24.	12885	श्री अशोक कुमार डालमिया, एफ०सी०ए०, 14, कैथेड्रिरल गार्डन्स, नुनगभबक्कम, मद्रास-600034।
25.	13018	श्री के० जे० अन्टो, ए०सी०ए०, XXXV/1225/6, मनोकिरी क्रास रोड, पालिमुकू, कोचीन-682016।

सं० 8 एस० सी० ए०/8/79-80—रेगूलेशन 10(1) के धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के रेगुलेशन्स 1964 के अधिनियम 10(2) (बी) के साथ पढ़ा जाये, के अनुसार एतद्-द्वारा अधिसूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों को कार्य करने के प्रमाणपत्र 1 अगस्त 1979 से रद्द समझे

जायेंगे, क्योंकि उन्होंने वर्ष 1979-80 के लिये कार्य प्रमाण-पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान 31 जुलाई, 1979 तक नहीं किया है:—

क्रम सं०	स०सं०	नाम एवं पता
(1)	(2)	(3)
1.	13516	श्री कन्हैयालाल चन्डक, ए० सी० ए०, I टाईप, ब्लाक नं० 1/4, बन्गुरनगर, डानडेली (एन० के०)।
2.	13755	श्रीमती एस० ससम्बल, ए० सी० ए०, 56-57, ओपनाकारा स्ट्रीट, कोयम्बटूर-641001।
3.	13826	श्री सुबैथन जस्नीतनन, ए० सी० ए०, 115, गोपाल बिल्डर्स, पोलाची-642001।
4.	14622	श्री एन० वी० जोन, एफ० सी० ए०, सिवासुधा, XXXV/1225/6, मर्नाकीरी क्रास रोड-पालीभुकू, कोचीन-682016।
5.	14733	श्री पी० सनकरानारायनन, एफ० सी०ए०, राजा विलास, जेटी रोड, ऐलेपी।
6.	14986	श्री वी० के० रमन, एफ०सी०ए०, 46, साउथ उस्मान रोड, टी० नगर मद्रास-600017।
7	15156	श्री पी० एन० नीलाकनतन, एफ० सी० ए०, 24, जनरल पैटरस रोड, मद्रास-600002।
8.	15364	श्री एम० रामदास, ए० सी० ए०, मूथीडेथ हाउस नीर्लीकूनु पी० ओ० त्रिचुर-680005।
9.	15390	श्री एन० सुब्रामनयन, ए० सी० ए०, 15, कल्यानापुरम, चूलाभेडू, मद्रास-600094।
10	15656	श्री जे० रंगानाथम, ए०सी०ए०, 28, पेरीश वेंकटाचला अय्यैर स्ट्रीट, मद्रास-600001।
11.	15828	श्री अजावरा शिवा राव, ए० सी० ए०, 2 फ्लोर, स्वतन्त्रा मैन्सन 6, होस्पीटल रोड, बंगलौर-560053।
12.	15892	श्री सी० राजागोपाल, ए० सी० ए०, 37-सी, विंग स्ट्रीट, पटुकोटाई-614601।
13.	18092	श्री एम० पी० बद्रीनाथ, ए० सी० ए०, 'सिरी' नुरूसिम्हा निलाया, 4245, सुब्रामनया नगर, बंगलौर-560021।
14.	18148	श्री बी० वी० सत्यानारायनन्, ए० सी० ए०, 11, लकंशमना मुदालियर स्ट्रीट, कामर्सियल स्ट्रीट क्रास, बंगलौर-560001।
15.	18363	श्री टी० रेमा . रेमानन, ए०सी०ए०, कृष्णा बिल्डिंग्स, मनजेरी।
16.	18544	श्री बी० राजागोपाल, ए० सी० ए०, 15-1,503/बी/11, अशोक मार्केट, फीलखाना, हैदराबाद-500012।
17.	18575	श्री यकचूरू सुबाराव, ए० सी० ए०, 5/37, स्टोन हाउस पेट, नेलोर-524002।
18.	18827	श्री एम० कुमारासामी, ए० सी०ए०, 18-ए, म्यूनीसीपल आफिस रोड (अोप-डिस्ट्रिक्ट कोर्ट) कन्टोनमेन्ट, तिरूचिरापल्ली-620001।
19.	19099	श्री एच० एन० गिरीनाथ, ए० सी० ए०, 42/1, ईस्ट अनजानेया टैम्पल स्ट्रिट, बासवनगुडी बंगलौर-560004।
20.	19249	श्री के० वेंकटारमन, ए०सी०ए०, ए-13, विवेकानन्द नगर, ट्रीरची रोड, डिन्डीगुल-624007।
21.	19229	श्री एम० कुपूराम, ए०सी०ए०, 115, गोपाल बिल्डिंग्स, पोलाची-642001।

1	2	3
22.	19284	श्री आर० सोमनाथ शेनाय, ए०, सी० ए० थोपील हाउस, ईस्ट आफ सेन्ट एन्थोनीस चर्च, ऐलैपी।
23.	19297	श्री सतीश सी० साहा, ए० सी० ए०, 26/1, लोयड्स रोड, रोया पिटा, मद्रास-600014।
24.	19349	श्री के० निचला रामननदा स्वामी ए० सी० ए०, 815, न्यूपेट, अत्तुर-636102 सेलम डिस्ट्रिक्ट।
25.	19463	श्री वी० वी० रंगानाथन, ए० सी० ए०, सिरि भाग अमम कोविल रोड, कोचीन-682011।
26.	19476	श्री ई० चैतन्य मूर्ती, ए० ए० सी० ए०, एच० नं० 2-2-3/6/बी, ओपोसिट सी० टी० आई०, हैदराबाद-500044।
27.	19562	श्री एस० शंकर, ए० सी० ए०, 63, नूर बिल्डिंग्स, 1 फ्लोर, जे० सी० रोड, बंगलौर 560002।
28.	19600	श्रीमती बाग्यालक्ष्मी शंकर, ए० सी० ए०, 5/49, 34 क्रास IV, टी ब्लाक, जयानगर बंगलौर-560011।
29.	19628	श्री एम० श्रीनिवासा राव, ए० सी० ए०, 1-9-648, 'जाता भवन', विद्यानगर, हैदराबाद-500044।
30.	19668	श्री एस० श्रीनिवासाराव, ए० सी० ए०, 32, नोर्थ मसी स्ट्रीट, मदुराई-625001।
31.	19690	श्री सी० राममूर्ति, ए० सी० ए०, 6, साउथ स्ट्रीट, सी० आई० टी० नगर वेस्ट, मद्रास-600035।
32.	19735	श्री जी० मोहन राजू, ए० सी० ए०, 3, गोम्स स्ट्रीट, मद्रास-600001।
33.	19750	श्री आर० नागाराजन, ए० सी० ए०, भवानी, 5, V स्ट्रीट गोपालापुरम, मद्रास-600086।
34.	19989	श्री एस० प्रभुदेव आराध्या, ए० सी० ए०, 27, I मेन रोड, गांधीनगर, बंगलौर-560009।
35.	20052	श्री एन० मोहन, ए० सी० ए०, 20, विनायकर कोईल स्ट्रीट, ईस्ट तम्बरम, मद्रास-600059।
36.	30719	श्री राजेश गुरुनाथ धकापा, ए० सी० ए०, ब्लाक 20, II/फ्लोर, कारपोरेशन बिल्डिंग सुपर बाजार, हुबली-580020।

पी० एस० गोपालाकृष्णन्,
सचिव

कलकत्ता-700071, दिनांक 3 अक्तूबर 1979

सं० 4 ई०सी०ए०(6)/79-80--चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा (1)(ग) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से श्री खोनिश चन्द्र राए, हाऊस नं० एफ-34, सैक्टर-4, राऊरकेला-769002, उड़ीसा, का नाम 1 अगस्त, 1978 से निर्धारित शुल्क न जमा कराने के कारण हटा दिया गया है। उसकी सदस्य संख्या 3567 है।

पी० एस० गोपालाकृष्णन्,
सचिव

मद्रास-600034, दिनांक 5 अक्तूबर 1979

सं० 4 एस० सी० ए० (5)/79-80—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1(क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है :—

क्रम सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	134	श्री सी० एस० सिवारामकृष्णन, ओल्ड कलपाथी, पालघाट-678008।	15-8-79
2.	188	श्री के० एन० सुब्बारामा अईर, 161, माऊंट रोड, मद्रास-600002।	4-10-79
3.	211	श्री टी० एस० रामा अईर, 10-ए, कृष्णनामाचारी एवेन्यू, लाटिस ब्रिज रोड़, एदयार, मद्रास-600020।	25-9-79

पी० एस० गोपालाकृष्णन्,
सचिव

कलकत्ता-700071, दिनांक 17 अक्तूबर 1979

सं० 5 ई० सी० ए० (11)/79-80—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 4 ई० सी० ए० (6)/79-80 दिनांक 3 अक्तूबर, 1979 के संदर्भ में चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान ने अपने सदस्यता रजिस्टर में श्री खौनीश चन्द्र राय, एफ० सी० ए०, 153, मनमथा दत्ता रोड, कलकत्ता-700037 का नाम दिनांक 6 अगस्त, 1979 से पुनः स्थापित कर दिया गया है। उनकी सदस्य संख्या 3567 है।

पी० एस० गोपालाकृष्णन, सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 28 अक्तूबर 1979

सं० यू०-16/53/76-चिकित्सा-2(गुजरात)—इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या 12(1)-2/67-चिकित्सा-2 दिनांक 31-8-68 का आंशिक संशोधन करते हुए और कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत मुझे निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में मैं इसके द्वारा निवासी चिकित्सा अधिकारी, ग्रेड-2, भवसजी अस्पताल को बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण पत्रों की सत्यता में संदेह होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए दिनांक 15-11-79 से पोरबन्दर के लिए चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करता है।

वी० एम० चर्नालिया, महानिदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 31 अक्तूबर, 1979

सं० एक्स-11/14/20/77—यो० एवं वि० कर्मचारी राज्य बीमा निगम (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 5 के उप विनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक ने यह निश्चय किया है कि राज्य सरकार तामिलनाडु की अधिसूचना संख्या जी० ओ० एम० एस० संख्या 1483, दिनांक 12 सितम्बर, 1979 जो कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 की धारा 1 की उप धारा (5) के अन्तर्गत अधिनियम के उपबन्धों का उन स्थापनाओं पर विचार करने के लिए जारी किया गया था जोकि अधिसूचना में निर्दिष्ट है तथा उन स्थापनाओं में वर्ग 'क', 'ख' तथा 'ग' के लिये प्रथम अंशदान एवं प्रथम लाभ अवधियों नियत दिवस 29-9-1979 की मध्य रात्रि को बीमा योजना रोजगार में लगे व्यक्तियों का लिये प्रारम्भ एवं समाप्त होगी जैसा कि निम्न सूची में दिया गया है :—

वर्ग	प्रथम अंशदान अवधि		प्रथम लाभ अवधि	
	जिस मध्य रात्रि को प्रारम्भ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है	जिस मध्य रात्रि को प्रारम्भ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है
क.	29-9-79	26-1-80	28-6-80	25-10-80
ख.	29-9-79	29-3-80	28-6-80	27-12-80
ग.	29-9-79	24-11-79	28-6-80	30-8-80

दिनांक 5 नवम्बर 1979

सं० एन० 15/13/10/1/78—यो० एवं वि० (1) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के चिकित्सा विनियम 5 के उपविनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक ने निश्चय किया है कि निम्न अनुसूची में निर्दिष्ट क्षेत्रों में वर्ग 'क', 'ख' तथा 'ग' के लिये प्रथम अंशदान एवं प्रथम लाभ अवधियां नियत दिवस 10-11-79

की मध्य रात्रि को बीमा योग्य रोजगार में लगे व्यक्तियों के लिये प्रारम्भ व समाप्त होगी जैसा निम्न सूची में दिया गया है :—

वर्ग	प्रथम अंशदान अवधि		प्रथम लाभ अवधि	
	जिस मध्य रात्रि को प्रारम्भ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है	जिस मध्य रात्रि को प्रारम्भ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है
क.	10-11-79	26-1-80	9-8-80	25-10-80
ख.	10-11-79	29-3-80	9-8-80	27-12-80
ग.	10-11-79	24-11-79	9-8-80	30-8-80

अनुसूची:—"जिला पुरी, तहसील भुवनेश्वर के कालरपुर और पण्डारा राजस्व ग्राम की सीमा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र।"

सं० एन० 15/13/10/1/78—यो० एवं बि० (2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 11-11-79 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम, 95-क तथा उड़ीसा राज्य कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1951 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ उड़ीसा राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जायेंगे :

अर्थात्:

"जिला पुरी, तहसील भुवनेश्वर के कालरपुर और पण्डरा राजस्व ग्राम की सीमा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र।

फकीर चन्द, निदेशक

परमाणु ऊर्जा विभाग

रिऐक्टर अनुसंधान केन्द्र

कलपाक्कम, दिनांक 25 सितम्बर 1979

आदेश

सं० आर० आर० सी०/डब्ल्यू० एस०/1069/73/52-पी/79-15102—चूंकि श्री ए० एम० अब्दुल खादर को, जब कि वे रिऐक्टर अनुसंधान केन्द्र के फास्ट ब्रीडर टैस्ट रिऐक्टर (मैकेनिकल) निर्माण वर्ग में कारीगर "ए" (रिगर) के पद पर नियुक्त थे, अपने मूल निवास-स्थान जाने के लिए 16 मई, 1979 से 32 दिन की अर्जित छुट्टी स्वीकृत की गई थी।

2. चूंकि श्री ए० एम० अब्दुल खादर जो, जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, कारीगर "ए" (रिगर) के पद पर नियुक्त हैं, 18-6-1979 से अपनी ड्यूटी से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं।

3. और चूंकि श्री ए० एम० अब्दुल खादर को दिनांक 10 अगस्त, 1979 के पत्र संख्या आर० आर० सी०/पी० एफ०/1069/73/12824 द्वारा, जो कि उनके पते पर रजिस्टर्ड रसीदी डाक से भेजा गया था, ड्यूटी पर तत्काल हाजिर होने का निदेश दिया गया था तथा वे ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुए

4. और चूंकि श्री अब्दुल खादर को दिनांक 7 सितम्बर 1979 के ज्ञापन संख्या आर० आर० सी०/डब्ल्यू० एस०/1069/73/14077 द्वारा एक आरोप-पत्र जारी किया गया था। इस आरोप-पत्र की एक प्रति रजिस्टर्ड डाक से उनके स्थायी पते पर और दूसरी प्रति उनकी छुट्टी की अर्जी में दिए गये पते पर भेजी गई थी।

5. और चूंकि उक्त श्री अब्दुल खादर से कोई संदेश अब तक नहीं मिला है।

6. और चूंकि पूर्ववर्ती पैरों में दिए गए कारणों से मैं इस बारे में सन्तुष्ट हूं कि श्री अब्दुल खादर की अनधिकृत अनुपस्थिति के सम्बन्ध में दिनांक 7 सितम्बर, 1979 के आरोप-पत्र में उल्लिखित पद्धति से जांच करवाना समुचित रूप से व्यावहारिक नहीं है।

7. और चूंकि श्री अब्दुल खादर का 18-6-1979 से अनुपस्थित रहना घोर कदाचार है तथा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि श्री अब्दुल खादर इस योग्य नहीं हैं कि उनकी नौकरी कायम रखी जाए।

8. इसलिए मैं प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री अब्दुल खादर को एतद्द्वारा तत्काल नौकरी से बरखास्त करता हूं।

एन० एस० चार,
प्रधान परियोजना अभियंता

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

बम्बई, दिनांक 5 नवम्बर 1979

सं० जी० एस० आर०—कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 का 10) की धारा 32 (2) के अनुसरण में 30 जून 1979 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निगम के कामकाज के बारे में बोर्ड की रिपोर्ट और 30 जून, 1979 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निगम का तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा नीचे प्रकाशित किये जाते हैं।

कृपुविनि एक दृष्टि में

(करोड़ रुपये)

साधन	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को			उपयोग	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को		
	1977	1978	1979		1977	1978	1979
चुकता शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधियां	42	59	85	निम्नलिखित को प्रदान किया गया पुनर्वित्त (बकाया)			
भारत सरकार से लिए गए उधार	340	428	502	राज्य भूमि विकास बैंक	525	589	663
(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की सहायता का अंश)	260	360	444	(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक परियोजनाओं के अधीन)	(332)	(384)	(435)
भारतीय रिजर्व बैंक				अनुसूचित वाणिज्य बैंक	186	273	372
				(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/ अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक परियोजनाओं के अधीन)	(102)	(135)	(184)
दीर्घकालीन प्रचलन निधि	173	217	264				
अल्पावधि	--	--	--				
खुले बाजार से लिए गए उधार	182	202	246	राज्य सहकारी बैंक	11	11	11
				(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाओं के अधीन)	(--)	(2)	(3)

विकास का इतिहास

(करोड़ रुपये)

विवरण	जून के अंत को विद्यमान स्थिति						
	1969	1974	1975	1976	1977	1978	1979
चुकता शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधियां	5	17	23	29	42	59	85
विशेष जमाराशियां	1	1	2	2	3	4	5
विशेष ऋण लेखा	--	--	--	--	--	5	7
सहायता ऋण	--	--	--	--	--	--	--
उधार :							
भारत सरकार से	26	164	197	250	340	428	502
भारतीय रिजर्व बैंक से	--	66	93	140	173	217	264
अल्पावधि	--	12	5	2	--	--	--
दीर्घावधि	--	54	88	138	173	217	264
खुले बाजार से	—	66	99	138	182	202	246
दिया गया पुनर्वित्त (शुद्ध)	30	310	407	549	722	874	1046
डिबेंचर	28	272	344	426	525	590	661
ऋण	2	38	63	123	197	284	385
अन्य आस्तियां	1	9	14	20	30	46	62
निवेश और प्रारक्षित नकदी निधियां	1	—	—	--	--	23	32
सकल आय	1	16	22	30	41	55	69
करपूर्व लाभ	1	3	4	6	8	12	14
देय कर	--	2	2	3	3	--	--
करोत्तर लाभ	--	1	2	3	5	12	14
अदा किया गया लाभांश	--	1	1	1	2	2	3

सारणी 1 पुनर्वित्त का वितरण-प्रयोजनवार (जुलाई-जून)

करोड़ रुपये

प्रयोजन	चौथी योजना		निम्नलिखित वर्षों में					30 जून 1979 तक
	1963-69£	1969-69	1974-74£75	1975-76	1976-77	1977-78	1978-79	
लघु सिंचाई	13 (43.3)	242 (84.6)	84 (79.3)	108 (63.1)	142 (64.3)	143 (61.1)	171 (60.0)	903 (67.7)
भूमि विकास*	14 (46.7)	14 (4.9)	2 (1.9)	5 (2.9)	6 (2.7)	4 (1.7)	11 (3.8)	56 (4.2)
कृषि मशीनीकरण*	--	7 (2.5)	12 (11.3)	46 (26.9)	52 (23.5)	28 (12.0)	41 (14.4)	187 (14.0)
बागान/बागवानी	2 (6.7)	9 (3.1)	2 (1.9)	3 (1.7)	5 (2.3)	8 (3.4)	12 (4.2)	42 (3.2)
मुर्गीपालन/भेड़ पालन/सुअरपालन	--	--	1 (0.9)	1 (0.6)	1 (0.4)	2 (0.9)	4 (1.4)	8 (0.6)
मत्स्यपालन	--	2 (0.7)	2 (1.9)	2 (1.2)	2 (0.9)	5 (2.2)	8 (2.8)	22 (1.7)
डेरीविकास	--	2 (0.7)	1 (0.9)	3 (1.8)	3 (1.4)	4 (1.7)	7 (2.5)	20 (1.5)
भंडार और बाजार केन्द्र	1 (3.3)	10 (3.5)	2 (1.9)	3 (1.8)	10 (4.5)	38 (16.2)	27 (9.5)	91 (6.8)
वन उद्योग	--	--	--	--	--	1 (0.4)	1 (0.4)	2 (0.1)
कृषि विमानन	--	--	--	--	--	--	--	--
समन्वित रूई विकास परियोजना	--	--	--	--	--	1 (0.4)	3 (1.0)	3 (0.2)
गोबर गैस संयंत्र	--	--	--	--	--	--	--	--
अन्य	--	--	--	--	--	--	--	--
जोड़	30 (100.0)	286 (100.0)	106 (100.0)	171 (100.0)	121 (100.0)	234 (100.0)	285 (100.0)	1334$ (100.0)

सारणी 2 पुनर्वित्त का वितरण-एजेंसीवार (जुलाई-जून)

(करोड़ रुपये)

एजेंसी	(चौथी योजना)	निम्नलिखित वर्षों में						
	1963-69£	1969-	1974-74£	1975-76	1976-77	1977-78	1978-79	30 जून 1979 तक
राज्य भूमि विकास बैंक	28 (93.4)	246 (86.0)	77 (72.6)	99 (57.9)	127 (57.4)	112 (47.9)	131 (46.0)	820 (61.5)
उसमें से अपुधि बैंक की परियोजनाओं के अधीन	--	--	--	--	--	--	1	1
अंवि संघ की परियोजनाएं	--	122	52	91	100	86	88	539
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	1 (3.3)	28 (9.8)	28 (26.4)	71 (41.5)	93 (42.1)	120 (51.3)	150 (52.6)	491 (36.8)
उसमें से अपुधि बैंक की परियोजनाओं के अधीन	--	1	--	1	--	--	--	2
अंवि संघ की परियोजनाएं	--	4	10	41	55	46	72	228
राज्य सहकारी बैंक	1 (3.3)	12 (4.2)	1 (1.0)	1 (0.6)	1 (0.5)	2 (0.8)	4 (1.4)	23 (1.7)
उसमें से अंवि संघ की परियोजनाओं के अधीन	--	--	--	--	--	2	4	6
जोड़	30 (100.0)	286 (100.0)	106 (100.0)	171 (100.0)	221 (100.0)	234 (100.0)	285 (100.0)	1334 5 (100 0)

कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ का प्रतिशत है।

*कृपया पृष्ठ 2733 में विवरणिका के अधीन टिप्पण 2 देखें।

£वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिए गए हैं।

**1976-77 और 1977-78 में किए गए वितरणों में अल्पावधि वितरणों शामिल नहीं है।

मुख्य मुख्य बातें

वर्ष 1978-79 के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के कार्यों की मुख्य मुख्य बातों का सारांश नीचे दिया जाता है :

इस वर्ष के दौरान वितरित कुल राशि गत वर्ष वितरित 234 करोड़ रुपयों के मुकाबले 285 करोड़ रुपयों तक पहुंच गई। यह वितरण का एक नया स्तर था।

वितरणों के लिये निगम ने भारत सरकार से 95 करोड़ रुपयों, भारतीय रिजर्व बैंक से 75 करोड़ रुपयों तथा बांड जारी कर 44 करोड़ रुपयों के उधार लिए। इसके अलावा पुनर्वित्त की वार्षिक चुकौती के रूप में प्राप्त राशि का भी इस उद्देश्य के लिए प्रयोग किया।

पुनर्वित्त पर लगाई जानेवाली ब्याज दरों को 7.5 और 8 प्रतिशत से घटाकर 6.5 और 7.5 प्रतिशत कर दिया गया और अंतिम ऋण दर क्रमशः 10.5 और 11 प्रतिशत से 9.5 और 10.5 प्रतिशत कर दी गई। यह कटौती प्रयोजन के आधार पर की गई है और 15 मार्च 1979 से लागू है।

निगम को 5 वर्ष की अवधि के लिए निगम कर से छूट मिली है। भारत सरकार ने भी निगम को अपनी ओर से दिये जाने वाले ऋण की ब्याज दर में भी प्रतिशत कमी कर दी है।

पुनर्वित्त मंजूर करने के अधिकार का विकेन्द्रीकरण किया गया है और कुछ निश्चित सीमाओं तक उसे क्षेत्रीय निदेशकों को सौंपा गया है।

निगम के लिए 2500 लाख डालरों की तीसरी सामान्य ऋण की व्यवस्था करने के बारे में अंविसंघ के साथ सफलतापूर्वक बातचीत पूरी हो गई है।

निगम के विकास कार्यक्रमों के लिए कैनडियन अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेन्सी ने 150 लाख डालर और यू० के० सरकार ने 150 लाख पौंड की सहायता प्रदान की है।

अंविसंघ ने पंजाब के लिये एक सिंचाई परियोजना मंजूर की है जिसमें ऋण का एक अंश (460 लाख डालर) कृपुविनि के माध्यम से दिया जाएगा।

कृषि क्षेत्र में वाणिज्य बैंकों के कार्य का पुनरीक्षण करने तथा उनकी वसूली स्थिति को सुधारने के लिए यथोचित उपाय सुझाने के लिए एक स्थायी समिति की स्थापना की गई जो "वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि ऋण दिये जाने के संबंध में निर्मित समिति" के नाम से अभिहित है।

कृपुविनि के कार्यकलाप

(क) वितरण

1.2 निगम के वितरण की गति में तेजी आती गई और वर्ष 1978-79 के दौरान वितरित कुल राशि 285 करोड़ रुपयों तक पहुंच गयी जो पिछले वर्ष अर्थात् 1977-78 के वितरण, अर्थात् 234 करोड़ रुपये के मुकाबले 51 करोड़ से अधिक थी, । तमिलनाडु और मध्य प्रदेश को छोड़कर अन्य सभी बड़े राज्य वितरित राशि में हुई वृद्धि से लाभान्वित हुए। निगम के प्रारंभ से लेकर जून 1979 के अंत तक किया गया संचयी वितरण 1331 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसमें 3 करोड़ रुपए का अल्पावधि ऋण शामिल नहीं है। पिछले वर्ष के मुकाबले में इस वर्ष की अत्यंत महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि वितरित राशि में से करीब 100 करोड़ रुपयों की भारी राशि केवल जून महीने में निकाली गयी। इस वर्ष के दौरान किए गए कुल वितरण में से 164 करोड़ रुपये अथवा 57 प्रतिशत राशि (पिछले वर्ष के प्रतिशत के बराबर) विश्व बैंक और अंविसंघ की सहायता प्राप्त परियोजनाओं के अधीन वितरित की गयी। 1977-78 और 1978-79 में किए गए वितरणों का ब्यौरा संक्षेप में नीचे सारणी-3 में दिया गया है :

सारणी 3

पुनर्वित्त का वितरण

(करोड़ रुपये)

	1977-78 के दौरान	1978-79	30 जून 1979 तक
अंविसंघ/अंपुवि बैंक की परियोजनाओं के अधीन वितरण	134	164	775
कुल वितरण	234	285	1334

इन परियोजनाओं के अधीन किया गया संचयी वितरण वर्ष के अंत में 775 करोड़ रुपये तक आ पहुंचा जो कुल वितरण का 58 प्रतिशत था।

1.3 विविध राज्यों में कार्यरत सदस्य बैंकों की प्रतिक्रिया पिछले वर्ष के समान ही थी। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य की वितरित राशि में भी कोई खास परिवर्तन नहीं आया। आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और हरियाणा में से प्रत्येक राज्य ने 20 करोड़ रुपये से अधिक राशि प्राप्त की। ये राज्य इस मामले में सबसे आगे रहे। इनमें से आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश ने कुल वितरण का लगभग एक तिहाई अंश प्राप्त किया। विकसित राज्यों में से तमिलनाडु शोचनीय रूप से पिछड़ गया। कुल पुनर्वित्त की राशि में विकसित राज्यों के अंश में 37 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और वह बढ़कर 158 करोड़ रुपये हो गयी। दूसरी ओर कृपुविनि द्वारा कम विकसित अथवा कम बैंक सुविधावाले राज्यों के रूप में निर्धारित राज्यों में वितरित राशि में 14 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और वह बढ़कर 127 करोड़ रुपये हो गई। अल्पवृद्धि की यह स्थिति उत्तर पूर्वी राज्यों में पायी गयी अशांति तथा उड़ीसा में विकास की गति को तेज बनाये रखने के लिए वांछित मूलभूत आवश्यकताओं की कमी के कारण उत्पन्न हुई।

1.4 एजेन्सीवार, वाणिज्य बैंक, भूमि विकास बैंकों से आगे रहे; यह स्थिति पिछले साल पहली बार देखी गई थी।

पिछले दो वर्षों के दौरान किए गए ऐजेन्सीवार वितरण का सारांश नीचे सारणी–4 में दिया गया है :

सारणी 4

एजेन्सीवार वितरण

(करोड़ रुपये)

वर्ष	रा०भू०वि० बैंक	वाणिज्य बैंक	रा०स० बैंक	जोड़
1977–78	112	120	2	234
1978–79	131	150	4	285
30 जून 1979 तक	820	491	23	1334

वाणिज्य बैंकों ने पुनर्वित्त के रूप में 150 करोड़ रुपये प्राप्त किये जो कुल पुनर्वित्त के 53 प्रतिशत थे। यह स्थिति पिछले वर्ष के बराबर ही थी। फिर भी अलग अलग राज्यों में वाणिज्य बैंकों का योगदान भिन्न भिन्न था। ग्यारह राज्यों में पुनर्वित्त की प्राप्ति में 30 करोड़ रुपयों की वृद्धि हुई। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा और राजस्थान जैसे कम विकसित राज्य शामिल थे। इस संदर्भ में केवल तमिलनाडु में काफी अधिक गिरावट दिखाई पड़ी।

1.5 जहां तक भूमि विकास बैंकों का सवाल है, उनके कारोबार में आशाजनक लक्षण दिखाई पड़ते हैं। उन्हें 131 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त हुआ जब कि यह राशि वर्ष 1977–78 में केवल 112 करोड़ रुपये थी। कुछ राज्यों में विशेषकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब और आंध्र प्रदेश में उक्त बैंकों को प्राप्त पुनर्वित्त में 22 करोड़ रुपये तक की वृद्धि हुई। इसमें केवल आंध्र प्रदेश राज्य भूमि विकास बैंक का हिस्सा ही 50 प्रतिशत था। अन्य राज्यों में स्थित बैंकों ने परिस्थितियों का समुचित लाभ नहीं उठाया।

1.6 राज्य सहकारी भूमि विकास बैंकों को पिछले वर्ष वितरित 2 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त के मुकाबले इस वर्ष केवल 4 करोड़ रुपये वितरित किये गये।

1.7 वितरण के प्रयोजनवार विश्लेषण से यह विदित होता है कि भण्डारण को छोड़कर (सारणी–1) अन्य सभी प्रमुख प्रयोजनों के लिए वितरित पुनर्वित्त की राशि में वृद्धि हुई है। इसका सारांश संक्षेप में नीचे सारणी–5 में दिया गया है :

सारणी 5

प्रयोजनवार वितरण

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	1977–78 के दौरान	1978–79	30 जून 1979 तक
लघु सिंचाई	143	171	903
भूमि विकास	4	11	56
कृषि मशीनीकरण	29	41	187
अन्य	58	62	188
जोड़ :	234	285	1334

1.8 पिछले वर्ष की ही तरह लघु सिंचाई के लिए किये गये पूंजी निवेश में 171 करोड़ रुपये लग गये जो कुल वितरण के 60 प्रतिशत थे। पिछले वर्ष इस में 143 करोड़ रु० (61 प्रतिशत) लगे थे। (सारणी–1)। कुल वितरण में 48.4 करोड़ रुपये पम्पसेटों के विद्युतीकरण के निमित्त राज्य बिजली बोर्डों को दिए जानेवाले ऋण के पुनर्वित्त के रूप में दिए गये, जबकि पिछले वर्ष केवल 27 करोड़ रुपये दिए गए थे। पम्पसेटों के विद्युतीकरण के लिए वितरित पुनर्वित्त में राज्य भूमि विकास बैंकों का हिस्सा 31.6 करोड़ रुपये था जो पिछले वर्ष वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राप्त किये गये 16.8 करोड़ रुपयों की तुलना में अधिक था। लघु सिंचाई के लिए राज्य भूमि विकास बैंकों को प्राप्त हिस्सा 108 करोड़ रुपये था जबकि 1977–78 में उन्हें 99 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। वाणिज्य बैंकों को प्राप्त राशि 61 करोड़ रुपये थी जो पिछले वर्ष की 43 करोड़ रुपयों की अपेक्षा काफी अधिक थी।

1.9 भूमि विकास के अधीन वितरित 11.4 करोड़ रुपये की राशि 1977–78 में वितरित 4.1 करोड़ रुपये की तुलना में अधिक थी। जैसा कि रिपोर्ट में अन्यत्र चर्चा की गई है, कई सघन क्षेत्र विकास परियोजनाओं की प्रगति पर कई कारणों से बुरा असर पड़ा। इस वर्ग के अंतर्गत, कार्यकारी एजेन्सियों को अंतरिम वित्त के रूप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में वितरित राशि 2.4 करोड़ रुपये भी शामिल है, सघन क्षेत्र विकास परियोजना के अलावा भूमि विकास के लिए पंजाब और केरल दोनों राज्यों में करीब दो दो करोड़ रुपये वितरित किए गए।

1.10 वितरण के क्षेत्र में भूमि विकास के बाद कृषि मशीनीकरण का स्थान आता है। इसके लिए वर्ष 1977–78 में दिये गये 28.7 करोड़ रुपयों की तुलना में इस वर्ष 541 करोड़ रुपये दिये गये इस उद्देश्य के लिए आंध्र प्रदेश (5 करोड़ रुपये) हरियाणा (8.8 करोड़ रुपये) और उत्तर प्रदेश में (11.3 करोड़ रुपये) वितरित की गई राशि काफी अधिक थी। निगम कृषि मशीनीकरण कार्यक्रमों की स्वीकृति के संबंध में एक जागरूक नीति अपनाता आ रहा है ताकि मजदूरों को बेरोजगार न होना पड़े और साथ ही निगम बिजलीचालित हल की पूरक योजनाएं बनाने और अन्य छोटी किस्म की मशीनरियों की पूर्ति की योजनाओं को भी सहायता देता आ रहा है।

1.11 बाजार केन्द्रों के लिए 11.9 करोड़ रुपये वितरित किए गए। भंडार योजना के अधीन वितरित की जाने वानेवाली राशि में तेज गिरावट आ गई। यह राशि पिछले वर्ष के 26.1 करोड़ रुपये से गिरकर 15.2 करोड़ रुपये हो गई, क्योंकि गत वर्ष के दौरान भारतीय खाद्य निगम के लिए गोदामों के निर्माण का एक पुरजोर कार्यक्रम पूरा किया गया था। इस वर्ष के दौरान भी ऐसा ही एक छोटा सा कार्यक्रम उसी प्रयोजन के लिए स्वीकृत हुआ है और इस योजना के अधीन वितरण में अभी तेजी आनी है।

1.12 बागान/बागवानी, मत्स्यपालन, डेरी विकास, सुअरपालन इत्यादि के अधीन किए जाने वाले वितरण में भी

वर्ष के दौरान तेजी आ गई है, फिर भी ऋण से लाभान्वित होने की मात्रा राज्यों के बीच अलग अलग थी ।

1.13 क्षेत्रवार, उत्तर पूर्वी क्षेत्र को छोड़कर, जहां पुनर्वित्त का वितरण 1977–78 के 3.1 करोड़ रुपयों से घटकर 1978–79 में 2.2 करोड़ रुपये रह गया है, बाकी सभी अन्य क्षेत्रों में इसकी स्थिति में सुधार हुआ (विवरण–7) । इस स्थिति का सारांश नीचे सारणी–6 में दिया गया है :

सारणी 6

वितरण–क्षेत्रवार

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	निम्नलिखित वर्षों में		30 जून 1979 तक
	1977–78	1978–79	
उत्तरी	36	54	258
उत्तरपूर्वी	3	3	8
पूर्वी	37	42	147
मध्यवर्ती	60	65	317
पश्चिमी	34	40	218
दक्षिणी	64	81	386
जोड़	234	285	1334

1.14 निगम की स्थापना से लेकर जून 1979 के अंत तक 1331 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई (अल्पावधि वित्तीय सहायता को छोड़कर) । उससे 1500 करोड़ रुपये का आधार-स्तरीय निवेश सम्पन्न हो गया जिसमें ऋण पाने वालों के अंशदान सदस्य बैंकों एवं राज्य सरकारों के अंशदान भी शामिल हैं । विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों की भौतिक स्थिति अद्यतन आंकड़ों के आधार पर नीचे प्रस्तुत है :

नलकूप	2,63,000
खोदे गए कुएं	4,48,000
बिजलीचालित पम्पसेट/तेल इंजन	6,62,000
	हेक्टेयर
काफी	12,200
चाय	5,100
रबड़	2,900
इलायची	1,600
नारियल	40,300
सुपारी	1,300
अन्य	27,400

1.15 अपनी गतिविधियों के पिछले 16 वर्षों के दौरान निगम ने 30.25 लाख हेक्टेयर भूमि में अनेक फसलें उगाने के लिए सहायता प्रदान की । प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के सघन क्षेत्रों में विकसित भूमि और भू संरक्षण योजनाओं के अधीन सुधारे गए क्षेत्र दोनों मिलाकर 9.95 लाख हेक्टेयर थे । बागान और बागवानी की विभिन्न योजनाओं के अधीन कुल 90,800 हेक्टेयर क्षेत्र का विकास हुआ ।

1.16 निगम से जिन अन्य कार्यों के लिए पुनर्वित्त सुविधाएं मिलीं, वे इस प्रकार हैं :

भंडार	55 लाख टन
बाजार केन्द्र	123 इकाइयां
ट्रैक्टर	40,400 इकाइयां

*अनंतिम

सारणी 7

पुनर्वित्त का वितरण–राज्यवार

(जुलाई–जून)

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	चौथी योजना		निम्नलिखित वर्षों में					30 जून 1979 तक
	1963–69£	1969–74£	1974–75	1975–76	1976–77	1977–78	1978–79	
I उत्तरी क्षेत्र								
चंडीगढ़	—	—	—	—	—	3 (—)	—	3 (—)
दिल्ली	—	13 (0.1)	12 (0.1)	28 (0.2)	10 (0.1)	19 (0.1)	15 (—)	98 (0.1)
हरियाणा	303 (9.9)	2774 (9.7)	1075 (10.1)	1569 (9.2)	1770 (8.0)	1111 (4.7)	2101 (7.4)	10684 (7.9)
हिमाचल प्रदेश	—	4 (—)	4 (0.1)	16 (0.1)	2 (—)	23 (0.1)	50 (0.2)	101 (0.1)
जम्मू और काश्मीर	32 (1.0)	38 (0.1)	— (—)	17 (0.1)	6 (—)	15 (0.1)	14 (—)	123 (0.1)

1	2	3	4	5	6	7	8	9
पंजाब . . .	653	2692	407	1306	1731	1177	1625	9548
	(21.4)	(9.4)	(3.8)	(7.6)	(7.8)	(5.0)	(5.7)	(7.2)
राजस्थान . . .	6	656	350	536	787	1312	1616	5269
	(0.2)	(2.3)	(3.3)	(3.1)	(3.6)	(5.6)	(5.7)	(4.0)
	994	6177	1848	3472	430	3660	5421	25826
	(32.5)	(21.6)	(17.4)	(20.3)	(19.5)	(15.6)	(19.0)	(19.4)
II. उत्तर पूर्वी क्षेत्र								
असम . . .	70	65	—	5	70	273	235	718
	(2.4)	(0.2)	—	(—)	(0.3)	(1 2)	(0. 8)	(0. 5)
मणिपुर . . .	—	—	—	5	8	23	43	79
				(—)	(0.1)	(0.1)	(0.2)	(0.1)
मेघालय . . .	—	—	—	—	—	—	—	—
नागालैंड . . .	—	4	1	2	3	5	—	18
		(—)	(0.1)	(—)	(—)	(—)		(—)
त्रिपुरा . . .	—	—	—	1	2	8	1	12
				(—)	(—)	(—)	(—)	(—)
	70	69	4	13	83	309	279	827
	(2.4)	(0.2)	(0.1)	(—)	(0.4)	(1.3)	(1.0)	(0.6)
III. पूर्वी क्षेत्र								
बिहार . . .	18	980	932	1318	1696	1864	2253	9055
	(0.6)	(3.4)	(8.8)	(7.7)	(7.7)	(8.0)	(7.9)	(6.7)
उड़ीसा . . .	4	51	82	338	565	816	875	2727
	(0.1)	(0.2)	(0.8)	(2.0)	(2.6)	(3.5)	(3.1)	(2.0)
पश्चिम बंगाल . . .	2	42	69	159	590	996	1045	2900
	(0.1)	(0.1)	(0.6)	(1.9)	(2.7)	(4.3)	(3.7)	(2.2)
	24	1073	1083	1815	2851	3676	4173	14682
	(0.8)	(3.7)	(10.2)	(10.6)	(13.0)	(15.8)	(14.7)	(10.9)
IV. मध्यवर्ती क्षेत्र								
मध्य प्रदेश . . .	29	1291	1234	1932	2610	1670	1666	10441
	(1,0)	(4.5)	(11.6)	(11.3)	(11.8)	(7.1)	(5.9)	(7.8)
उत्तर प्रदेश . . .	122	3794	1849	2598	3720	4317	4877	21275
	(4 0)	(13.3)	(17.3)	(15.2)	(16 9)	(18.4)	(17.1)	(16.0)
	151	5085	3083	3530	6330	5987	6543	31716
	(5.0)	(17.8)	(28.9)	(26.5)	(28.7)	(25.5)	(23.0)	(23.8)
V. पश्चिमी क्षेत्र								
गोवा . . .		3	5	23	24	68	84	207
		(—)	(0.1)	(0.1)	(0.1)	(0.3)	(0.3)	(0.2)
गुजरात . . .	207	4165	427	333	402	1319	1516	8369
	(6.8)	(14.6)	(4.0)	(1.9)	(1.8)	(5.6)	(5.3)	(6.3)
महाराष्ट्र . . .	189	3041	1358	2248	1928	1971	2431	13170
	(6.2)	(10.6)	(12.7)	(13.2)	(8.7)	(8.4)	(8.5)	(9.9)
	396	7209	1790	2604	2354	3361	4031	21746
	(13.0)	(25.2)	(16.8)	(15.2)	(10.6)	(14.3)	(14.1)	(16.3)

1	2	3	4	5	6	7	8	9
VI दक्षिणी क्षेत्र								लाख रुपये
आंध्र प्रदेश . . .	809	2504	892	1295	2122	3853	4958	16431
	(26.5)	(8.7)	(8.4)	(7.6)	(9.6)	(16.4)	(17.4)	(12.3)
कर्नाटक . . .	261	2260	1008	1946	2190	1320	1429	10424
	(8.6)	(7.9)	(9.5)	(11.4)	(9.9)	(5.6)	(5.0)	(7.8)
केरल . . .	17	345	100	208	247	370	960	2247
	(0.5)	(1.2)	(0.9)	(1.2)	(1.1)	(1.6)	(3.4)	(1.7)
पांडिचेरी . . .	—	8	15	5	—	—	—	27
		(—)	(0.1)	(—)				(—)
तमिलनाडु . . .	325	3877	817	1228	1599	894	693	9430
	(10.7)	(13.6)	(7.7)	(7.2)	(7.2)	(3.9)	(2.4)	(7.1)
	1412	9003	2832	4681	6158	6437	8040	38559
	(46.3)	(31.5)	(26.6)	(27.4)	(27.8)	(27.5)	(28.2)	(29.0)
जोड़ (I से VI) . .	3047	28618	10640	17115	22082	24430	28487	133356$
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं।

£वर्षवार आंकड़े इससे पहले के प्रकाशनों में दिए गए हैं।

$1976–77 और 1977–78 में किए गए वितरणों में अल्पावधि वितरण शामिल नहीं हैं।

कम्बाइन/कटाई की मशीन/बुलडोजर/बिजली चालित हल . . .	2,435 इकाइयां
ट्रालर्स/यांत्रिक नौकाएं . .	2,598 इकाइयां
दुधारू पशु . . .	95,500 पशु
मुर्गियां	12,93,000 चूजे
भेड़	2,11,400 पशु
कृषि विमान . . .	2 इकाइयां

टिप्पण : भौतिक उपलब्धियों का विवरण बैंकों से प्राप्त विवरणियों, परियोजना समाप्ति रिपोर्ट, निवेश की इकाई लागत इत्यादि के आधार पर तैयार किया गया है।

(ख) स्वीकृतियां

1.17 इस वर्ष के दौरान निगम द्वारा स्वीकृत योजनाओं की संख्या और उसके द्वारा वायदा की गई राशि दोनों में पिछले वर्ष की तुलना में काफी वृद्धि हुई है। 2,505 योजनाएं स्वीकृत की गई और सदस्य बैंकों को 573 करोड़ रुपयों की पुनर्वित्त सहायता दी गई, जबकि निगम ने पिछले वर्ष 1,836 योजनाएं स्वीकृत की थीं। और उसके वायदे 330 करोड़ रुपये के ही थे। स्वीकृत योजनाओं का आकारवार वर्गीकरण तथा 1978-79 के दौरान किए गए वायदे नीचे सारणी विवरण 3 में दिए गए हैं। इसका सार संक्षेप नीचे सारणी 8 में दिया गया है।

सारणी 8

1978-79 के दौरान स्वीकृत योजनाओं का आकारवार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

योजना का आकार	मंजूर योजनाओं की संख्या	कृपुवित्त के वायदे
5 लाख रुपये तक	817	21
5 से 10 लाख रुपये तक	548	44
10 से 25 लाख रुपये तक	644	110
25 से 50 लाख रुपये तक	349	142
50 से 100 लाख रुपये तक	77	58
100 लाख रुपये से ऊपर	70	198
	2505	573

इनमें से 268 योजनाएं, जिनके संबंध में वायदे की राशि 16.8 करोड़ रुपयों की थी, क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा स्वीकार की गई और 85.2 करोड़ रुपयों के वायदे के साथ 701 योजनाओं को प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ निदेशकों ने जनवरी 1979 में प्रत्यायोजित स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रदत्त अधिकारों के अधीन मंजूर किया। गत वर्ष के 252 करोड़ रुपयों के वायदे के अंतर्गत राज्य भूमि विकास बैंकों के लिए स्वीकृत 529 योजनाओं के मुकाबले में इस वर्ष निगम ने 314 करोड़ रुपयों के वायदे के अंतर्गत 1955 योजनाओं की स्वीकृति वाणिज्य बैंकों को दी, एजेन्सीवार स्वीकृतियों का सारांश नीचे सारणी 9 में दिया गया है :

सारणी 9

एजेन्सीवार स्वीकृत योजनाएं

वर्ष	राभूवि बैंक	वाणिज्य बैंक	राम० बैंक	जोड़
क. योजनाओं की संख्या				
1977–78	330	1465	41	1836
1978–79	529	1955	21	2505
ख. कृपुविनि के वायदे (करोड़ रुपये)				
1977–78	129	192	9	330
1978–79	252	314	7	573

दोनों वर्गों को दिए गए वायदों की राशि पिछले वर्ष की तुलना में 123 करोड़ रुपये और 122 करोड़ रुपये अधिक है। राज्य सहकारी बैंकों के मामले में स्वीकृत योजनाओं की संख्या पिछले वर्ष की 41 योजनाओं की बजाए केवल 21 थी; वायदे की राशि भी पिछले वर्ष के 9 करोड़ रुपये के मुकाबले में 7 करोड़ रुपये थे।

1.18 प्रयोजन की दृष्टि से संख्या और वायदे, दोनों संदर्भों में लघु सिंचाई निवेशों की स्वीकृतियां लगभग पिछले वर्ष से दुगुनी हैं। स्वीकृतियों के प्रयोजनवार विवरण नीचे सारणी 10 में दिए गए हैं:

सारणी 10

1978–79 के दौरान स्वीकृतियां—प्रयोजनवार

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कृपुविनि के वायदे
लघु सिंचाई	866	331
ग्रामीण विद्युतीकरण (निगम)	169	16
भूमि विकास	107	27
कृषि मशीनीकरण	320	50
बागान/बागानी	311	68
मुर्गीपालन/भेड़पालन/सुअरपालन	152	8
मत्स्यपालन	102	17
डेरी विकास	229	17
भंडार और बाजार केन्द्र	196	30
गोबर गैस संयंत्र	29	3
वन उद्योग	13	5
अन्य	11	1
जोड़	2505	573

इन स्वीकृतियों में, वाणिज्य बैंकों और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के सहयोग से सम्मिलित रूप से वित्त पोषित किये जा रहे ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अधीन 87,000 पम्पसेटों में बिजली लगाने के लिए सहभागी वाणिज्य बैंकों के लिए स्वीकृत 16 करोड़ रुपयों के वायदे की 169 योजनाएं भी शामिल हैं।

1.19 सदस्य बैंकों के कार्यों में विविधता लाने पर जोर दिया जा रहा है। इस वर्ष के दौरान 1470 योजनाएं स्वीकार की गई जिनके संदर्भ में निगम के कुल वायदे 226 करोड़ रुपये के थे। ये स्वीकृतियां लघु सिंचाई को छोड़कर इतर प्रयोजनों के लिए थीं। वर्ष 1977-78 में 1314 योजनाएं स्वीकार की गई थीं और 153 करोड़ रुपयों की पुनर्वित्त सहायता प्रदान की गई थी। वर्ष के दौरान बागान और बागवानी, कृषि मशीनीकरण, भंडार और बाजार केन्द्र तथा भूमि विकास की योजनाओं के लिए काफी अधिक वायदे दिये गये। गत वर्ष से तुलना करने पर यह दिखाई पड़ता है कि जहां तक वायदों का सम्बन्ध है, डेरी विकास योजनाओं के लिए किये गये वायदों में गिरावट आयी और मत्स्यपालन की योजनाओं के लिए किये गए वायदों में वृद्धि हुई।

1.20 क्षेत्रफल स्वीकृतियों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई पड़ी (विवरण–1). पूर्वी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में गिरावट देखी गई जहां सक्षम विकास योजनायें बनाने में अधिक प्रयास की आवश्यकता पड़ती है।

1.21 जून 1979 के अंत तक 8655 योजनायें स्वीकार की गई जिनमें निगम का वायदा 2303 करोड़ रुपये का है। इनमें से 2387 योजनायें राज्य भूमि विकास बैंकों के लिये स्वीकार की गई। जिनमें 1284 करोड़ रुपयों के वायदें है। 6147 योजनायें वाणिज्य बैंकों के लिये मंजूर की गई और इनमें निगम का वायदा 974 करोड़ रुपयें का है। शेष 121 योजनायें 44 करोड़ रुपयें के निगम के वायदे के साथ राज्य सहकारी बैंकों के लिये स्वीकार की गई। इनमें 3713 योजनायें लघु सिंचाई प्रयोजन के लिये है और इनमें निगम का वायदा 1501 करोड़ रुपयें का है अथवा कुल वायदों का 65 प्रतिशत है। 802 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता युक्त 4942 योजनाएं विशाखीकृत ऋण विवरण की है। (विवरण 2 और 5)।

1.22 इस वर्ष के दौरान निगम द्वारा स्वीकृत योजनाओं का आकारवार एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण विवरण–3 में दिया गया है। उसमें दर्शित आंकडों का विश्लेषण यह दिखाता है कि केवल लघुसिंचाई, कृषि मशीनीकरण और भंडार तथा बाजार केन्द्रों की अधिकांश स्वीकृत योजनाओं की राशि 25 लाख रुपयें से अधिक थी। बागान और बागबानी योजनाओं के लियें स्वीकृत योजनाओं की राशि क्रमशः 10 लाख रुपयें और 25 लाख रुपयें के बीच तथा 25 लाख रुपयें और 50 लाख रुपयें के बीच थी। सघन क्षेत्र विकास परियोजनाओं के अधीन परिकल्पित बृहत कार्यक्रमों के कारण भूमि विकास योजनाओं का आकार और भी बड़ा था। दूसरी ओर, मुर्गीपालन, भेड़पालन, और डेरी विकास इत्यादि से संबंधित अधिकतर योजनाओं का आकार मुख्यतः अल्प इकाई लागत के कारण अन्य प्रयोजन एवं अनेक लोगों को प्राप्त पूंजी सहायता की तुलना में 25 लाख रुपयें से कम था। मुर्गीपालन और भेड़पालन की योजनाओं के अंतर्गत वायदों के अनुसार ही योजनायें प्रथम 3 आकार दलों के बीच (25 लाख रुपयें तक) पायी गयी। डेरी विकास कार्यक्रम से सम्बन्धित बहुत से वायदे उन योजनाओं से सम्बन्धित है जिनकी राशि का आकार 5 लाख रुपयें और 15 लाख तथा 10 लाख और 25 लाख रुपयों के बीच का है।

1.23 यह विचारणीय है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान स्वीकार की गई योजनाओं का औसत आकार गत वर्ष की तुलना में संकुचित होता नजर आ रहा है। 1974–75 में औसत आकार 33 लाख रुपये का था, वह 1977–78 तक तेजी से घटकर 19 लाख रुपये तक आ गया। हालांकि आलोच्य वर्ष के दौरान औसत आकार में थोड़ी सी वृद्धि हुई और वह प्रति योजना 23 लाख रुपये तक बढ़ गया। इसके आलावा वाणिज्य बैंकों को स्वीकृत एजेन्सीवार योजनाओं का आकार सभी प्रयोजनों के संदर्भ में, राज्य भूमि विकास बैंकों के लिये स्वीकृत आकार की अपेक्षा छोटा था। जहां तक राज्य भूमि विकास बैंक का सवाल है, योजनाओं का मुख्य प्रयोजन लघुसिंचाई था और ये योजनायें बड़े आकार की थी अर्थात् उसी प्रयोजन हेतु वाणिज्य बैंकों के सम्बन्ध में पाये गये 17 लाख रुपये का आकार के मुकाबले में यह 50 लाख रुपये से अधिक था।

1.24 निगम द्वारा मंजूर की गई योजनाओं का विश्लेषण यह दर्शाता है कि देश के 5004 खण्डों में से 4621 खण्डों में, कृपुविनि के कार्यान्वियन के लिये स्वीकृत कोई न कोई योजना चल रही है। जिन 383 खण्डों में जून 1979 के अंत तक कृपुविनि की कोई भी योजना चालू नहीं है, उनकी राज्यवार स्थिति इस प्रकार है:

अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह	मणिपुर	5
	5 मेघालय	21
अरुणाचल प्रदेश	43 मिजोरम	20
असम	63 नागालैंड	17
बिहार	2 उड़ीसा	23
दादर और नगर हवेली	1 राजस्थान	16
गुजरात	1 त्रिपुरा	7
जम्मू और काश्मीर	8 उत्तर प्रदेश	69
लक्षद्वीप	5 पश्चिम बंगाल	34
मध्य प्रदेश	43	

2. राज्यवार रूपरेखा

आन्ध्र प्रदेश

वर्ष के दौरान राज्य वित्तपोषक बैंकों के लिये 90.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त संबंधी वायदें के साथ 222 योजनायें स्वीकार की गई। जबकि गत वर्ष 45.8 करोड़ रुपयें के वायदे के साथ 151 योजनायें स्वीकार की गई थी। वर्ष के दौरान वितरित पुनर्वित्त की राशि 49.6 करोड़ रुपयें तक पहुंची, जो गत वर्ष केवल 38.5 करोड़ रुपयें थी। पुनर्वित्त में राज्य भूमि विकास बैंकों का हिस्सा 42.8 करोड़ रुपये था जबकि वाणिज्य बैंकों द्वारा लिए गए पुनर्वित्त की राशि 6.8 करोड़ रुपए थी। 49.6 करोड़ रुपये की वितरित राशि में से 38.6 करोड़ रुपयें लघु सिंचाई के लियें वितरित कियें गयें: यह राशि कुल वितरित राशि की 78 प्रतिशत थी बाकी 11 करोड़ रुपयें की राशि विविध प्रयोजनों के लियें वितरित की गई।

2.2 अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंकों/अविसंघ की सहायता प्राप्त दो परियोजनायें एक सघन क्षेत्र विकास के लिये तथा दूसरी मत्स्यपालन के लिये–राज्य में कार्यान्वित की जा रही है: आवश्यक विधान और राज्यस्तर पर संगठन व्यवस्था के अभाव के कारण सघन क्षेत्र विकास परियोजना की प्रगति धीमी रही। वर्ष के दौरान वितरित की गई राशि 70.0 लाख रुपयें थी; जहां तक मत्स्यपालन परियोजना का संबंध है, बैंक के स्तर पर वितरण अभी शुरू हुआ है तथा उसमें अभी तेजी आनी है।

2.3 30 जून 1979 तक राज्य में मंजूर की गयी योजनाओं की कुल संख्या 756 थी और उसमें कृपुविनि के वायदे 271.1 करोड़ रुपये के थे जिसमें से 164.3 करोड़ रुपयें की राशि उपलब्ध करायी गयी। इनमें 473 योजनायें राज्य के कम विकसित क्षेत्रों के लियें स्वीकार की गई जिनमें लियें कृपुविनि के वायदे 159 करोड़ रुपयें थे। इनम से 83 करोड़ रुपयें का पुनर्वित्त प्राप्त किया गया।

2.4 वर्ष के दौरान राज्य के वित्तपोषक बैंकों को 38 योजनायें स्वीकार की गई, और उनमें निगम के वायदे 11.4 करोड़ रुपयें थे जबकि गतवर्ष स्वीकृत योजनायें 65 थी और निगम के वायदे 13.1 करोड़ रुपयें थे। वर्ष के दौरान वितरित 2.3 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त पिछले वर्ष के 2.7 करोड़ की तुलना मे थोड़ा कम था। वाणिज्य बैंकों ने पुनर्वित्त की संपूर्ण राशि का लाभ उठाया। स्वीकृत योजनाओं के संदर्भ में न तो राज्य भूमि विकास बैंकों ने और न ही राज्य सहकारी बैंकों ने पुनर्वित्त प्राप्त किया। वितरित 2.3 करोड़ रुपयों में से 4 लाख रुपये केवल लघु सिंचाई के लिये थे और शेष विविध प्रयोजनों के लिये थे।

2.5 संस्थागत वित्त के लिये योग्य वातावरण और पर्याप्त मूलभूत आवश्यकताओं के न होने के कारण इस क्षेत्र में राज्य का कार्य काफी कमजोर रहा। इसके अलावा बिजली की कमी, संपर्क व्यवस्था की कमी, भूमिगत जल की उपलब्धि, तथा अन्य प्राकृतिक साधनों के सर्वेक्षणों के अभाव के कारण प्रगति में बाधा पड़ी है। भूमि दस्तावेज और प्रशिक्षित स्टाफ की कमी के कारण भी प्रगति धीमी पड़ गई। आंध्र सरकार ने सहकारी ऋण के स्वरूप की जांच करने और कमियों को पहचानने तथा उन्हे दूर करने के उपाय खोजने के उद्देश्य से एक समिति का गठन किया है ताकि यह ऋण वितरण का उचित माध्यम बन सके।

2.6 निगम के अध्यक्ष ने योजना बनाने और उसे कार्यान्वित करने से सम्बधित समस्याओं पर राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया और सुधार की दिशा में उचित सुझाव दिये।

2.7 जून 1979 के अंत में राज्य में निगम द्वारा किये गये वायदों की कुल राशि 28.2 करोड़ रुपये थी परन्तु राज्य द्वारा ली गयी राशि केवल 7.2 करोड़ रुपये थी।

मानचित्रों में 30 जून 1979 तक दर्शाये आंकड़े करोड़ रुपयों में है इनमें मुख्य प्रयोजन ही शामिल है।

बिहार

2.8 वर्ष के दौरान वित्तपोषक बैंकों को 31.4 करोड़ रुपये के वायदों के साथ 131 योजनाओं की स्वीकृति दी गई जबकि गत वर्ष केवल 166 योजनायें स्वीकृत हुई थीं और 20.5 करोड़ रुपये के वायदे किये गये थे। वर्ष के दौरान कुल 22.5 करोड़ रुपये का वितरण हुआ जबकि गत वर्ष 18.6 करोड़ रुपये ही वितरित हुए थे। वाणिज्य बैंकों द्वारा लिये गये पुनर्वित्त की राशि 19.9 करोड़ रुपये थी जो राज्य सहकारी भूमि विकास बैंकों द्वारा लिये गये 2.6 करोड़ रुपयों की तुलना में अधिक थी। भारी अतिदेयों के कारण राज्य सहकारी भूमि विकास बैंकों के कार्य पर बुरा असर पड़ा। इस समस्या पर अध्यक्ष महोदय ने राज्य के मुख्य मंत्री तथा अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा की तथा चर्चा में बैंक की पुनर्व्यवस्था के लिये आवश्यक उपाय सुझाये गये।

2.9 वर्ष के दौरान वितरित कुल पुनर्वित्त की राशि 22.5 करोड़ रुपये थी। उस में से 11.9 करोड़ रुपये लघु सिंचाई के लिये थे तथा बाकी राशि 10.6 करोड़ रुपये विभिन्न प्रयोजनों के लिये थी, लघु सिंचाई के संदर्भ में आमतौर पर किसानों द्वारा किये जाने वाले निवेशों को विकसित किया जा रहा है साथ ही बिहार जल विकास निगम, सिंचाई जल की व्यवस्था के लिये गहरे नलकूपों का निर्माण कर एक नाजुक भूमिका निभा रहा है।

2.10 अंविसंघ की सहायता प्राप्त बीज परियोजना चरण–II राज्य में कार्यान्वित की जा रही है और कृषि साख परियोजना तथा बाजार केन्द्र विकास परियोजना पूरी हो रही है।

2.11 जून 1979 के अंत तक राज्य में निगम के कुल वायदे की राशि 153 करोड़ रुपये थी जिसमें से 91 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का लाभ उठाया गया।

गुजरात

2.12 वर्ष के दौरान इस राज्य में 69 योजनायें स्वीकार की गईं और उनमें निगम के पुनर्वित्त संबंधी वायदे की राशि 15.8 करोड़ रुपये थी जबकि पिछले साल 70 योजनायें स्वीकृत की गई थीं और वायदे की राशि 22.4 करोड़ रुपये थी। गत वर्ष वितरित 13.2 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त की राशि के मुकाबले में इस साल 15.2 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। पुनर्वित्त में वाणिज्य बैंकों का 14.5 करोड़ रुपये का हिस्सा राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा प्राप्त केवल 0.6 करोड़ रुपये की तुलना में अधिक था। वितरित राशि 15.2 करोड़ रुपये थी; उसमें से 10.3 करोड़ रुपये की राशि लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिये और शेष 4.9 करोड़ रुपये की राशि विविध प्रयोजनों के लिए थी।

2.13 अपने भारी अतिदेयों के कारण राज्य भूमि विकास बैंक अधिक मात्रा में पुनर्वित्त प्राप्त करने में असमर्थ रहा। निगम के अध्यक्ष ने राज्य के मुख्य मंत्री के साथ मार्च 1979 में इस स्थिति पर विचार विमर्श किया तथा परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने बैंकों की पुनर्व्यवस्था के लिये कुछ प्रस्ताव बनाये है जो विचाराधीन हैं।

2.14 सघन क्षेत्र विकास कार्यक्रम, जिसमें कृपुविनि का 23 करोड़ रुपयों का वायदा है तथा अंविसंघ की सहायता प्राप्त समन्वित मत्स्यपालन परियोजना, राज्य में कार्यान्वित की जा रही है।

2.15 जून 1979 के अंत तक कृपुविनि के कुल वायदों की राशि 110.8 करोड़ रुपये थी तथा इसमें से 83.7 करोड़ रुपयों का उपयोग किया गया।

हरियाणा

2.16 वर्ष के दौरान राज्य में वित्तपोषक बैंकों के लिये 118 योजनाएं स्वीकार की गईं और उनमें निगम के पुनर्वित्त के वायदे की राशि 47.1 करोड़ रुपये थी। गत वर्ष 57 योजनाएं ही मंजूर की गई थीं तथा निगम के वायदे की राशि 15.2 करोड़ रुपये ही थी। गत वर्ष के 11.1 करोड़ रुपयों के मुकाबले में इस वर्ष के दौरान वितरित पुनर्वित्त की राशि 21 करोड़ रुपये थी। वाणिज्य बैंकों द्वारा लिये गये पुनर्वित्त की राशि 9.5 करोड़ रूपये थी इसमें समन्वित रूई विकास परियोजना के अधीन लिया गया 25 लाख रुपये का अल्पावधि ऋण भी शामिल है। इसके मुकाबले में राज्य भूमि विकास बैंकों का 9.7 करोड़ रूपये का हिस्सा थोड़ा अधिक था। शेष 1.8 करोड़ रुपये की राशि का संबंध अल्पावधि ऋण से था। इस परियोजना के अधीन राज्य सहकारी बैंकों द्वारा उपयोग में लायी गयी कुल वितरित राशि में से 7.6 करोड़ रुपये लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिये थे। 11.4 करोड़ रुपये विविध प्रयोजनों के लिये वितरित किये गये तथा शेष 2 करोड़ रुपये समन्वित रुई विकास परियोजना के अधीन अल्पावधि ऋण के रूप में दिय गये थे।

2.17 समन्वित रूई विकास परियोजना के अतिरिक्त अंविसंघ की सहायता प्राप्त दो परियोजनायें अर्थात् हरियाणा सिंचाई परियोजना तथा राष्ट्रीय बीज परियोजना, राज्य में कार्यान्वित हो रही थीं।

2.18 राज्य में जून 1979 के अंत तक निगम के कुल वायदों की राशि 178.9 करोड़ रुपये थी जिसके अंतर्गत 106.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त की राशि का उपयोग किया गया।

हिमाचल प्रदेश

2.19 वर्ष के दौरान इस राज्य में स्थित बैंकों को खासकर अंविसंघ की सहायता प्राप्त परियोजनाओं के अधीन 10 योजनायें स्वीकार की गईं; जिनमें निगम का पुनर्वित्त सहायता का वायदा 5.2 करोड़ रुपये का था जब कि पिछले वर्ष 5 योजनाओं के मामले में केवल 43 लाख रूपयों के वायदे किये गये थे। वर्ष के दौरान वितरित पुनर्वित्त की राशि 50 लाख रूपये थी जबकि गत वर्ष 23 लाख रुपये वितरित किये गये थ। गत वर्ष राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा ली गयी 6 लाख रुपये की राशि के मुकाबले में इस वर्ष पुनर्वित्त म वाणिज्य बैंकों का अंश 44 लाख रुपये से अधिक था। वितरित 50 लाख रुपये में 2 लाख रुपय की राशि लघु सिंचाई प्रयोजना के लिये दी गयी थी और शेष

48 लाख रुपये की राशि विविध प्रयोजनों के लिये वितरित की गई थी।

2.20 राज्य में अंविसंघ की सहायता प्राप्त सेब अभिसंस्करण एवं विपणन परियोजना कार्यान्वित की जा रही थी।

2.21 क्षमता प्राप्त क्षेत्रों के भूजल स्रोतों का उपयोग करने की दिशा में राज्य में कोई भी क्रमबद्ध प्रयत्न नहीं किया गया। कृषि विकास से संबंधित समस्याओं तथा नयी बागान/बागबानी योजनायें बनाने के मानदण्डों पर राज्य प्राधिकारियों से चर्चा की गयी। निगम ने राज्य सरकार के अनुरोध पर कांगड़ा घाटी के चाय उत्पादन क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराने के निमित्त अधिकारियों के एक दल को नियुक्त किया है ताकि ऐसा कार्यक्रम निर्धारित किया जा सके जिसे कृपुविनि की सहायता से बढ़ावा मिले।

2.22 राज्य में कृपुविनि के वायदे की राशि जून 1979 के अंत में कुल 8 करोड़ रुपये तक पहुंच गई. परन्तु प्रयुक्त राशि की मात्रा 1 करोड़ रुपये ही थी।

2.23 वर्ष के दौरान राज्य में स्थित बैंकों को 3 योजनायें स्वीकार की गईं और इनमें 11 लाख रुपयों का वायदा किया गया जबकि गत वर्ष 7 योजनायें स्वीकृत की गई थीं तथा 55 लाख रुपयों का वायदा किया गया था। वर्ष के दौरान वितरित पुनर्वित्त की राशि 14 लाख रुपये थी जब कि गत वर्ष 15 लाख रुपये की राशि वितरित की गयी थी। राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा लिये गये 2 लाख रुपये के मुकाबले में वाणिज्य बैंकों का हिस्सा 12 लाख रुपया था। 14 लाख रुपये के पुनर्वित्त की संपूर्ण राशि विविध प्रयोजनों के लिये ही थी।

2.24 भारी अतिदेय राशियों से युक्त कमजोर सहकारी ऋण ढांचे के कारण राज्य में वितरण की गति पहले की तरह नगण्य रही। राज्य भूमि विकास बैंक ने विकास को बढ़ावा देने के लिये आवश्यक निपुणता अभी प्राप्त नहीं की है। अपने निम्नस्तरीय ऋण जमा अनुपात और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न चलनिधि के अतिरेक के कारण वाणिज्य बैंक पुनर्वित्त सहूलियतें प्राप्त करने के लिये निगम से संपर्क स्थापित नहीं करते। ऋण संस्थाओं की इन कमजोरियों के अलावा अपरिष्कृत होने के कारण राज्य की केवल 6% भूमि ही खेती के लायक है। शीतकालीन तापमान के कारण अधिकांश भूमि में साल में एक बार ही खेतीबाड़ी की जा सकती है जिनसे निवेशों की संभावना सीमित हो जाती है। अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त बागवानी परियोजना कार्यान्वित की जा रही है; इसमें उत्पादित वस्तुओं को श्रेणीवार अलग करने और उन्हें पैक करने के केन्द्र एवं रससांद्रीकरण संयंत्र की स्थापना शामिल है। परियोजना के अन्तर्गत ऋण का एक हिस्सा कुकुरमुत्ते पर किये जाने वाले अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये उपयोग में लाया जायेगा; क्योंकि राज्य में इसकी अच्छी संभावना है।

2.25 जून 1979 के अन्त में राज्य को प्रदत्त निगम के वायदे की राशि 2 करोड़ रुपये तक पहुंच गई और राज्य ने 1.2 करोड़ रुपये लिये हैं।

कर्नाटक

2.26 वर्ष के दौरान राज्य के वित्तपोषक बैंकों को 150 योजनाएं मंजूर की गईं जिनमें निगम के वायदे की राशि 22.1 करोड़ रुपये थी। गत वर्ष मंजूर की गयीं योजनायें 162 थीं और 28.8 करोड़ रुपये के वायदे किये गये थे। वर्ष के दौरान 14.3 करोड़ रुपये की कुल राशि वितरित की गई जबकि पिछले साल 13.2 करोड़ रुपये वितरित किये गये थे। राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा ली गई 4.9 करोड़ रुपये की राशि की तुलना में वाणिज्य बैंकों द्वारा लिया गया पुनर्वित्त 9.4 करोड़ रुपये था। सम्बद्ध प्राथमिक भूमि विकास बैंकों की भारी अतिदेय राशि के कारण राज्य भूमि विकास बैंक की कार्याविधि पर बुरा असर पड़ा। यह राज्य भूमि विकास बैंक ऐसे 5 बैंकों में से है जिनके सम्बन्ध में निगम के अध्यक्ष ने राज्य के मुख्य मंत्री से बैंक की पुनर्व्यवस्था के लिये आवश्यक उपायों के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय चर्चा की। वितरित 14.3 करोड़ रुपये में से 3.7 करोड़ रुपये लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिये थे और शेष 10.6 करोड़ रुपये विविध प्रयोजनों के लिये थे।

2.27 राज्य में रेशम उत्पादन की बड़ी संभावना है और वर्ष के दौरान निगम ने समन्वित रेशम विकास के लिये 6.4 करोड़ रुपये के वायदे के साथ 22 योजनायें स्वीकार की थीं; इनमें अल्पावधि ऋण का भी प्रावधान था।

2.28 अंविसंघ की सहायता प्राप्त चार परियोजनायें अर्थात् कर्नाटक कृषि थोक बाजार परियोजना, डेरी विकास परियोजना, सिंचाई परियोजना तथा राष्ट्रीय बीज परियोजना (चरण II) राज्य में कार्यान्वित हो रही हैं।

2.29 जून 1979 के अन्त तक राज्य में निगम द्वारा किये गये कुल वायदे की राशि 182.6 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी जिसमें से राज्य ने 104.2 करोड़ रुपये का लाभ उठाया है।

केरल

2.30 वर्ष के दौरान राज्य के बैंकों को 174 योजनायें स्वीकार की गईं जिसमें निगम का वायदा 30.3 करोड़ रुपये का था जबकि गत वर्ष 50 योजनायें स्वीकार की गई थी और 16.8 करोड़ रुपये का वायदा किया गया था। गत वर्ष के 3.7 करोड़ रुपये के मुकाबले में इस वर्ष के दौरान वितरित राशि 9.7 करोड़ रुपये तक बढ़ गयी। राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा लिये गये 2.5 करोड़ रुपये के मुकाबले में वाणिज्य बैंकों द्वारा लिया गया 7.1 करोड़ रुपया अधिक था। वितरित 9.6 करोड़ रुपये में से 5 करोड़ रुपया लघु सिंचाई के लिये था और शेष 4.6 करोड़ रुपये की राशि विविध प्रयोजनों के लिये थी।

2.31 निगम के अध्यक्ष ने बैंक को अधिक मात्रा में निगम से पुनर्वित्त की सहायता लेने में हुई समस्याओं पर राज्य सरकार और भूमि विकास बैंकों से चर्चा की।

2.32 राज्य में पेड़ों की फसल के विकास की एक परियोजना अंविसंघ की सहायता से कार्यान्वित है। राज्य में भूमि विकास से संबंधित कार्यान्वित की जा रही दो अन्य योजनायें हैं—कुट्टनाड की भूमि विकास परियोजना और त्रिचूर की कोल परियोजना।

2.33 जून 1979 के अंत तक इस राज्य में निगम द्वारा किये गये वायदे की राशि 74 करोड़ रुपये थी और इसमें से 22.5 करोड़ रुपये लिये गये।

मध्य प्रदेश

2.34 इस वर्ष के दौरान राज्य में वित्तपोषक बैंकों को 399 योजनायें स्वीकार की गईं। इनमें निगम के वायदे 60.6 करोड़ रुपये थे। गत वर्ष 190 योजनायें मंजूर की गई थी और निगम के वायदे 32.8 करोड़ रुपये थे। वर्ष के दौरान वितरित पुनर्वित्त की राशि 16.7 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह राशि गत वर्ष के 16.7 करोड़ रुपये के स्तर पर ही थी। वाणिज्य बैंकों को प्राप्त 9.6 करोड़ रु० का हिस्सा राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा प्राप्त 7.1 करोड़ रुपये के मुकाबले में अधिक था। 16.7 करोड़ की वितरित राशि में से 14.2 करोड़ रुपये की राशि लघु सिंचाई के प्रयोजन के लिये थी और शेष 2.5 करोड़ रुपये की राशि विविध प्रयोजनों के लिये थी।

2.35 राज्य में दो महत्वपूर्ण सघन क्षेत्र विकास कार्यक्रम कार्यान्वित हैं, पहला चंबल में अंविसंघ द्वारा वित्तपोषित है तथा दूसरा होशंगाबाद जिले के तवा में पश्चिमी जर्मनी के के० एफ० डब्ल्यू० द्वारा वित्तपोषित है। इन परियोजनाओं की प्रगति बहुधा कृषकों की दिलचस्पी के अभाव और अंशतः प्रक्रियागत देरी के कारण धीमी रही है। कृषिनि की सहायता से राज्य के अपने वन निगम द्वारा एक विकास कार्यक्रम भी कार्यान्वित किया जा रहा है।

2.36 जून 1979 के अंत तक राज्य के सम्बन्ध में किये गये निगम के कुल वायदों की राशि 186.7 करोड़ रुपये थी जिसमें से राज्य ने 10434 करोड़ रुपये प्राप्त किये।

महाराष्ट्र

2.37 इस वर्ष के दौरान राज्य के बैंकों के लिये 241 योजनायें स्वीकृत की गई थीं जिन के संदर्भ में निगम के वायदों की राशि 40.6 करोड़ रुपये थी जबकि पिछले वर्ष स्वीकृत 233 योजनाओं के संदर्भ में निगम के वायदों की राशि 26.4 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान वितरित पुनर्वित्त की राशि 24.3 करोड़ रुपये थी जबकि गत वर्ष वितरित राशि 19.7 करोड़ रुपये थी। राज्य भूमि विकास बैंकों का हिस्सा 13.9 करोड़ रुपये था जो वाणिज्य बैंकों द्वारा लिए गये 10.4 करोड़ रुपयों के मुकाबले में अधिक था। वितरित 24.3 करोड़ रुपयों की राशि में से 17.7 करोड़ रुपये की राशि लघु सिंचाई प्रयोजन के लिए थी तथा बाकी 6.6 करोड़ रुपये की राशि विविध प्रयोजनों के लिए थी।

2.38 राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा प्राप्त 13.9 करोड़ रुपए का पुनर्वित्त पिछले वर्ष के दौरान लिये गये 12.5 करोड़ के पुनर्वित्त की तुलना में अधिक थी। अपनी शाखाओं की उच्चस्तरीय अतिदेय राशियों के कारण बैंक की कार्यावधि बाधाग्रस्त हो गई। बैंक को पुनर्व्यवस्थित करने की दृष्टि से निगम के अध्यक्ष ने मार्च 1979 में राज्य के मुख्य मंत्री से बातचीत की और राज्य सरकार, बैंक की स्थिति को सुधारने की दिशा में कुछ निश्चित उपाय खोजने के लिए सहमत हो गई और 8.15 करोड़ रुपये तक के कुछ ऋणों के समस्त दायित्व को भी अपने ऊपर लेने के लिए सरकार राजी हो गई।

2.39 कृषिनि द्वारा वित्तपोषित क्रियाकलापों में पशु विकास के लिए निर्मित भारतीय उद्योग प्रतिष्ठान (बी० ए० आई० एफ०) की परियोजना महत्वपूर्ण थी। इस के अन्तर्गत वीर्यसंचयन के लिए संकर पशुओं के मुंह और पैरों से सम्बन्धित बीमारियों को रोकने और पशुओं का स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए वैक्सीन का उत्पादन करना शामिल है।

2.40 इस राज्य में अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ की सहायता से महाराष्ट्र और सिंचाई और सघन क्षेत्र विकास समन्वित परियोजना राष्ट्रीय बीज परियोजना (चरण I) तथा समन्वित रूई विकास परियोजना कार्यान्वित हैं।

2.41 जून 1979 के अन्त तक राज्य में निगम द्वारा किये गए वायदे की कुल राशि 203.1 करोड़ रुपये थी जिसमें से 131.7 करोड़ रुपये लिये गये।

मणिपुर

2.42 इस वर्ष के दौरान राज्य में वित्तपोषक बैंकों को 2 योजनाएं स्वीकृत की गईं और इस संबंध में निगम का वायदा 20 लाख रुपया था, जबकि गत वर्ष 24 योजनाएं स्वीकृत की गई थीं और निगम का वायदा 1.4 करोड़ रुपया था। वर्ष के दौरान वितरित पुनर्वित्त की राशि 43 लाख रुपये थी और राज्य सहकारी बैंक ने विविध प्रयोजनों के लिए इस सम्पूर्ण राशि का प्रयोग किया।

2.43 भूमि विकास के लिये बैंक की दृष्टि से व्यवहार्य योजनाओं के निर्माण के सम्बन्ध में राज्य सरकार को निर्देश देने की दृष्टि से 1978 के नवम्बर महीने में निगम के तकनीकी अधिकारियों के एक दल ने राज्य का दौरा किया। विकास कार्य को बढ़ावा देने की दृष्टि से राज्य सरकार, इस क्षेत्र में एक भूमि विकास निगम तथा बागान फसल विकास निगम की स्थापना शीघ्र ही करने का प्रस्ताव करती है।

2.44 जून 1979 के अंत तक राज्य में निगम के कुल वायदे की राशि 2 करोड़ रुपये तक पहुंच गई और राशि केवल 0.8 करोड़ रुपये थी।

मेघालय

2.45 वर्ष के दौरान इस राज्य में कोई नई योजना स्वीकार नहीं की गई। जून 1979 के अंत तक स्वीकृत कुल योजनाओं की संख्या केवल 5 थी जिनके संदर्भ में वित्तीय सहायता 65 लाख रुपये की थी और पुनर्वित्त का वायदा केवल 59 लाख रुपया था। स्वीकृत योजनाओं के सन्दर्भ में कोई आहरण नहीं किया गया। इन योजनाओं में मेघालय

वन विकास निगम द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली वन उद्योग परियोजना भी शामिल है और इसमें वित्तीय सहायता की राशि 49 लाख रुपये है तथा पुनर्वित्त के वायदे की राशि 44 लाख रुपये है।

2.46 फरवरी 1979 में, उत्तरपूर्वी क्षेत्र में क्रियाशील बैंकों तथा राज्य सरकार के अधिकारियों के लाभ के लिए योजना निर्माण पर निगम द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से एक कार्यशाला चलाई गई।

2.47 निगम के अध्यक्ष ने कृषि विकास की योजना बनाने से सम्बन्धित समस्याओं पर और उनके निराकरण के आवश्यक उपाय खोजने के संबंध में सरकारी अधिकारियों से चर्चा की।

नागालैंड

2.48 इस राज्य में वर्ष के दौरान न तो कोई योजना स्वीकृत की गई और न इसके पहले स्वीकृत योजनाओं के सम्बन्ध में कोई आहरण किया गया। जून 1979 के अंत तक राज्य में स्वीकार की गई योजनाओं की कुल संख्या 6 रही और इस संबंध में वित्तीय सहायता 50 लाख रुपये थी तथा कृपुविनि का वायदा 47 लाख रुपये था। इससे केवल 18 लाख रुपये लिये गये।

उड़ीसा

2.49 पिछले वर्ष की 65 योजनाओं के मुकाबले में जिनमें 13.6 करोड़ रुपयों के वायदे थे, इस वर्ष के दौरान राज्य के बैंकों के लिए 55 योजनाएं स्वीकृत की गई जिनमें 6.7 करोड़ रुपये के वायदे थे। पिछले वर्ष वितरित किये गए 8.2 करोड़ रुपए के पुनर्वित्त के मुकाबले में इस वर्ष 8.7 करोड़ रुपये की राशि पुनर्वित्त के रूप में वितरित की गई। पुनर्वित्त में वाणिज्य बैंकों का 4.3 करोड़ रुपये का हिस्सा था जोकि राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा ली गई 2.9 करोड़ रुपये की राशि से अधिक था। 8.7 करोड़ रुपये की वितरित राशि में से 6.8 करोड़ रुपये लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिए तथा शेष 1.9 करोड़ रुपये की राशि विविध प्रयोजनों के लिए थी। राज्य में पुनर्वित्त का उपयोग कई कारणों से धीमा रहा, जैसे उपयुक्त प्रशिक्षण प्राप्त स्टाफ की कमी, सुस्त कृषि विस्तार सेवा का न होना तथा वित्तय संस्थाओं की संगठनात्मक कमजोरियाँ,। कृपुविनि ने चालू और बकाया योजनाओं का पुनरीक्षण करने, प्रस्तावों के निबटारों में तेजी लाने के लिए उठाए जाने योग्य कदम निश्चित करने तथा कृषि विकास के लिए और अधिक योजनाएं बनाने के लिए किये जाने वाले आवश्यक प्रयत्नों की दिशा निर्धारित करने के उद्देश्य से एक अध्ययन दल का गठन किया है।

2.50 अंविसंघ से सहायता प्राप्त एक विस्तार-व-अनुसंधान-परियोजना पर कार्य हो रहा है जिससे कृषकों को उपलब्ध विस्तार-सुविधाओं में सुधार होने की आशा है। राज्य में अंविसंघ की सहायता प्राप्त दो परियोजनाओं, उड़ीसा सिंचाई परियोजना तथा राष्ट्रीय बीज परियोजना (दूसरा चरण) को भी कार्यान्वित किया जा रहा है।

2.51 राज्य में निगम के वायदों का कुल योग जून 1979 के अंत तक 78.4 करोड़ रुपये रहा जिसमें से 27.3 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया। 30 जून 1979 तक राज्य में स्वीकृत योजनाओं की संख्या 298 थी जिनके लिए निगम के वायदों की राशि 78.4 करोड़ रुपये थी इनमें से 66 योजनाएं जिनके लिए वायदों की राशि 18.4 करोड़ रुपये थी; राज्य के कम विकसित क्षेत्रों के लिए स्वीकृत की गई थी और इस राशि में से 4.7 करोड़ रुपये की राशि पुनर्वित्त के रूप में ली गई।

पंजाब

2.52 पिछले वर्ष की 96 योजनाओं के मुकाबले में, जिनमें 26 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त के वायदे थे, इस वर्ष के दौरान राज्य के वाणिज्य बैंकों को, 154 योजनाएं, जिनके लिए 36.9 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त के वायदे थे, स्वीकृत की गई। पिछले वर्ष वितरित 11.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त के मुकाबले इस साल के दौरान 16.2 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त वितरित किया गया। पुनर्वित्त में वाणिज्यिक बैंकों का हिस्सा 12.4 करोड़ रुपये (समन्वित रूई विकास परियोजना के अन्तर्गत 0.2 करोड़ रुपये के अल्पावधि ऋण को मिला कर) था जो कि राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा लिए गए 3.5 करोड़ रुपये के मुकाबले में अधिक था। वितरित 16.2 करोड़ रुपयों में से 5.7 करोड़ रुपये की राशि लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिए 10.3 करोड़ रुपये विविध प्रयोजनों के लिए तथा शेष 0.5 करोड़ रुपये की राशि समन्वित रूई विकास परियोजना के अन्तर्गत अल्पावधि कृषि प्रयोजनों के लिए थी।

2.53 लघु सिंचाई निवेश में गुंजाइश कम होने के कारण जल प्रबंध की योजनाओं को इस राज्य में महत्व मिला। हरियाणा की तरह ही, नहरों के आधुनिकीकरण, जलस्रोतों आदि का एक ठोस कार्यक्रम हाल ही में परिकल्पित अंविसंघ द्वारा सहायता प्राप्त पंजाब सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत तैयार किया गया है। अंविसंघ से सहायता प्राप्त 2 अन्य परियोजनाओं—राष्ट्रीय बीज परियोजना (चरण I) तथा समन्वित रूई विकास परियोजना—में भी राज्य सहभागी है।

2.54 राज्य में जून 1979 के अंत तक निगम के वायदों का योग 156 करोड़ रुपये का था जिनमें से 95.5 करोड़ रुपयों का उपयोग किया गया।

2.55 राज्य के बैंकों को इस वर्ष के दौरान 141 योजनाएं स्वीकार की गई जिनके लिए 34.6 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त के वायदे किये गये थे जबकि पिछले वर्ष 79 योजनाएं स्वीकृत की गई थीं। जिनके लिए 19.7 करोड़ रुपयों का पुनर्वित्त प्रदान करने के वायदे किये गये थे। पिछले वितरित 13.1 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त के मुकाबले में इस वर्ष के दौरान 16.2 करोड़ रुपये की राशि का पुनर्वित्त वितरित किया गया। पुनर्वित्त में वाणिज्य बैंकों का हिस्सा 10.4 करोड़ रुपया था जो कि राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा लिए गए 5.8 करोड़ रुपये से अधिक था। राज्य सहकारी बैंक ने, जिसे अन्त्योदय कार्यक्रम के अंतर्गत 3.2

करोड़ रुपये का पुनर्वित्त स्वीकृत किया गया था, वर्ष के दौरान कोई भी रकम नहीं ली। वितरित 16.2 करोड़ रुपये की राशि में से 9.7 करोड़ रुपये लघु सिंचाई प्रयोजन के लिए तथा शेष 6.5 करोड़ विविध प्रयोजनों के लिए थे।

2.56 चालू योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की जांच करने, बकाया योजनाओं का विश्लेषण करने तथा मंजूरी में तेजी लाने के आवश्यक मुद्दों की पहचान कराने की दृष्टि से कृपुविनि ने एक अध्ययन दल का गठन किया। इस दल ने राज्य में उपलब्ध क्षमता को दृष्टिगत रखकर निगम द्वारा बनाए गए संदर्भ ऋण वितरण कार्यक्रम का भी पुनरीक्षण किया तथा उन क्षेत्रों के बारे में सुझाव दिए जहां नयी योजनाएं बनाई जा सकती हों।

2.57 राज्य में, अंविसंघ की सहायता प्राप्त दो परियोजनाएं—चंबल सघन क्षेत्र विकास परियोजना तथा राजस्थान नहर सघन क्षेत्र विकास परियोजना—कार्यान्वित की जा रही है। इसके अतिरिक्त अंविसंघ की सहायता प्राप्त राष्ट्रीय बीज परियोजना के दूसरे चरण में राजस्थान भी आ जाता है और इसी संदर्भ में वित्तीय संस्थाओं के लिए एक बैंकिंग योजना को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। सघन क्षेत्र विकास परियोजनाओं के मामले में वितरण की गति में, योग्य किसानों को जमीन के आबंटन तथा हस्तान्तरण के संदर्भ में में आनेवाली कानूनी तथा विधिक कठिनाइयों के कारण कुछ मंदी आ गई है।

2.58 इस सन्दर्भ में राज्य में जून 1979 के अन्त तक निगम के वायदों का कुल योग 137.6 करोड़ रुपये था जबकि 52.7 करोड़ रुपये का प्रयोग किया गया।

तमिलनाडु

2.59 राज्य के वित्तपोषक बैंकों को वर्ष के दौरान 114 योजनाएं स्वीकृत की गई जिनके लिए 14.4 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त का वायदा किया गया था जब कि पिछले वर्ष 89 योजनाएं स्वीकृत की गई थी। इनके लिए 6.5 करोड़ रुपये का वायदा किया गया था। इस वर्ष के दौरान 6.9 करोड़ रूपये का पुनर्वित्त वितरित किया गया जबकि पिछले वर्ष यह राशि 8.9 करोड़ रुपये थी। पुनर्वित्त में राज्य भूमि विकास बैंक का हिस्सा 4.4 करोड़ रुपये था जो कि वाणिज्यिक बैंकों द्वारा लिए गए 2.5 करोड़ रुपये से अधिक था। कुल वितरित 6.9 करोड़ रुपयों में से 4.3 करोड़ रुपये लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिए थे तथा शेष 2.6 करोड़ रुपये विविध प्रयोजनों के लिए थे।

2.60 पिछले दो वर्षों में पुनर्वित्त के वितरण की गति कुछ धीमी पड़ गई है जिसका मुख्य कारण यह है कि लघु सिंचाई विकास के लिए उपलब्ध क्षमता का कमोबेश पूर्ण उपयोग हो चुका था। तमिलनाडु उन राज्यो में से एक है जहां लघु सिंचाई क्षेत्र में वाणिज्य बैंकों की भूमिका सीमित रही है।

2.61 कई सम्बद्ध प्राथमिक भूमि विकास बैंकों की बहुत अधिक अतिदेय राशि होने के कारण राज्य भूमि विकास बैंक को भी तकलीफ हुई। बैंक को पुनर्व्यवस्थित करने के उद्देश्य से निगम के अध्यक्ष ने राज्य के मुख्य मंत्री से मार्च 1979 में विस्तृत विचार विमर्श किया। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए दो अलग-अलग दलों ने—पहला भूमि विकास बैंकों की गठन संबंधी समस्याओं का अध्ययन करने के लिए तथा दूसरा कृषकों को विशेष रूप से लघु कृषकों को राहत पहुंचाने के उपाय सुझाने के लिए—जो सिफारिशें की हैं, वे राज्य सरकार के विचाराधीन हैं।

2.62 राज्य में निगम के द्वारा किये गये वायदों का कुल योग जून 1979 के अंत तक 108.1 करोड़ रुपये था जबकि 94.3 करोड़ रुपये लिये गये।

त्रिपुरा

2.63 वर्ष के दौरान राज्य के लिये कोई योजना स्वीकृत नही की गई। वाणिज्यिक बैंकों ने पहले से ही स्वीकृत योजना के अन्तर्गत लघुसिंचाई के उद्देश्यों के लिए 1 लाख रुपये की राशि आहरित की। 30 जून, 1979 तक स्वीकृत 8 योजनाओं में से वन विकास से संबंधित 2 योजनाएं त्रिपुरा वन विकास तथा बागान निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित की जानी है।

2.64 राज्य में निगम द्वारा किये गये वायदों का कुल योग जून 1979 के अंत तक 68 लाख रुपये था जबकि केवल 12 लाख रुपयों का उपयोग किया गया।

2.65 वर्ष के दौरान इस राज्य में स्थित बैंकों के लिए 361 योजनाएं स्वीकार की गई हैं और इसमें पुनर्वित्त का वायदा 98.9 करोड़ रुपया है, जबकि पिछले साल 220 योजनाएं मंजूरी की गई थीं। और पुनर्वित्त का वायदा 24 करोड़ रुपया था। गत वर्ष वितरित किये गये 43.2 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त की अपेक्षा इस वर्ष के दौरान 48.8 करोड़ करोड़ रुपये का पुनर्वित्त वितरित किया गया। इसमें से 27.6 करोड़ रुपये की राशि लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिए थी और बाकी 21.2 करोड़ रुपये विविध प्रयोजनों के लिए थे। वर्ष के दौरान लिए गए पुनर्वित्त की राशि में राज्य भूमि विकास बैंक का हिस्सा 26.1 करोड़ रुपये था जो वाणिज्य बैंकों द्वारा लिए गए 22.7 करोड़ रुपये के मुकाबले में थोड़ा अधिक था।

2.66 रामगंगा, शारदा सहायक और गण्डक क्षेत्रों में राज्य के सघन क्षेत्र विकास कार्यक्रम हैं और ये कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। राज्य भूमि विकास बैंकों ने किसानों के खेतों में चालू विकास कार्य को पूरा करने की दृष्टि से सघन क्षेत्र विकास प्राधिकरण को अंतिम वित्त वितरित करना शुरू कर दिया है।

2.67 राज्य ने 1978 तक अंविसंघ की सहायता प्राप्त कृषि ऋण परियोजना सफलतापूर्वक पूरी कर दी है तथा परियोजना समाप्ति रिपोर्ट तैयार करने हेतु चलाया गया सर्वेक्षण यह साबित करता है कि बैंकों के ऋण से लाभान्वित होने वालों में 60 प्रतिशत लघु कृषक थे। अंविसंघ की

सहायता प्राप्त राष्ट्रीय बीज परियोजना (चरण II) राज्य में कार्यान्वित की जा रही है।

2.68 राज्य में 30 जून, 1979 तक मंजूर की गई योजनाओं की कुल संख्या 1213 है और इस सम्बन्ध में निगम का वायदा 348.2 करोड़ रुपया है जिसमें से 212.8 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया गया है। स्वीकृत योजनाओं में से 349 योजनाएं राज्य के कम विकसित क्षेत्र अर्थात् पूर्वी जिलों के लिए मंजूर की गई थीं और इसमें निगम के वायदे की राशि 122.3 करोड़ रुपये थी। राज्य ने कुल 56 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया।

पश्चिम बंगाल

2.69 वर्ष के दौरान राज्य में वित्तपोषक बैंकों के लिए 97 योजनाएं स्वीकार की गई जिनके सम्बन्ध में 23.8 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का वायदा किया गया था। जबकि गत वर्ष 89 योजनाएं मंजूर की गई थीं तथा वायदा किये गए पुनर्वित्त की राशि 14.5 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान राज्य में वितरित 10.4 करोड़ रुपया पिछले वर्ष के 10 करोड़ रुपये की राशि की तुलना में सीमान्त रूप से ही अधिक था। पुनर्वित्त में वाणिज्य बैंकों का हिस्सा 6.1 करोड़ रुपये था जो राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा प्राप्त 4.3 करोड़ रुपये के मुकाबले में अधिक था। वितरित 10.4 करोड़ रुपये में से 7.8 करोड़ रुपये की राशि लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिए थी तथा शेष 2.6 करोड़ की राशि विविध प्रयोजनों के लिए थी।

2.70 अंधिसंघ की सहायता प्राप्त एक कृषि विकास परियोजना राज्य में कार्यान्वित की जा रही है। गतिशील हो रहे उथले नलकूपों के कार्यक्रम के अलावा इस परियोजना में लघु सिंचाई निगम द्वारा नलकूपों की स्थापना की परिकल्पना भी की गयी है। राज्य में चाय बागान के लिए कई योजनाएं मंजूर की गई हैं जिनके संदर्भ में वितरण कार्य में अभी तेजी आनी है क्योंकि दस्तावेज तैयार करने का कार्य और अन्य औपचारिकताएं पूरी करनी हैं।

2.71 निगम के अध्यक्ष ने और भी अधिक योजनाएं बनाने के लिए साधन और उपाय ढूंढ निकालने तथा मंजूर की गई योजनाओं के अधीन आहरण की स्थिति को सुधारने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के संबंध में जून 1979 में राज्य सरकार एवं अन्यान्य वाणिज्य बैंकों से विचार विमर्श किया है। कुछ क्षेत्रों में व्यापक रूप के विकास कार्यक्रम चलाने के लिए राज्य में एक व्यापक क्षेत्र विकास निगम की स्थापना की गई है। इस निगम द्वारा प्रवर्तित बाहर योजनाओं पर कारवाई की जा रही है।

2.72 जून, 1979 के अंत तक निगम के वायदे की कुल राशि 65.8 करोड़ रुपये थी और 29 करोड़ रुपये का प्रयोग किया गया था।

3. वर्ष के दौरान किये गए नीति संबंधी प्रमुख निर्णय

(1) ब्याज दरें

निगम द्वारा दिये जाने वाले पुनर्वित्त संबंधी ब्याज दरें और निगम की योजनाओं के अन्तर्गत अंतिम ऋणकर्ताओं से ली जानेवाली ब्याज दरों में कटौती करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय इस वर्ष लिया गया। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को पांच वर्ष की अवधि के लिए निगम कर से छूट देने और उसके ऋणों पर ब्याज दरों में 1/2 प्रतिशत की कटौती करने के भारत सरकार के निर्णय के बाद कृषिनि ने अपनी योजनाओं के अन्तर्गत ब्याज दरों में 15 मार्च 1979 से निम्नप्रकार कटौती कर दी:

(प्रतिशत दर)

	पुरानी ब्याज दरें		संशोधित ब्याज दरें	
	पात्रता प्राप्त संस्थाओं को दिए गये पुनर्वित्त पर	अंतिम ऋण कर्ताओं के लिए	पात्रता प्राप्त संस्थाओं को दिये गये पुनर्वित्त पर	अंतिम ऋण कर्ताओं के लिए
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. लघु सिंचाई और भूमि विकास	7.5	10.5	6.5	9.5
2. विविध प्रयोजन				
(क) लघु कृषक	8	11	6.5	0.5
(ख) अन्य	8	11	7.5	10.5

बढ़ायी गयी ब्याज दरें 15 मार्च 1979 को अथवा उसके बाद किये गये वितरणों पर लागू होंगी।

3.2 रिजर्व बैंक ने राज्य भूमि विकास बैंक तथा वाणिज्य बैंकों को भी यह सूचित किया है कि वे अपने अंतिम ऋणकर्ताओं से कृषि या अन्य संबंधित प्रयोजनों के लिए दिये जाने वाले तीन साल से अन्यून अवधि के मीयादी ऋणों पर उन्हीं दरों पर ब्याज लें चाहे वे कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के पुनर्वित्त का उपयोग करते हों या न हों।

(2) अतिदेय स्तर की सीमा में छूट

3.3 भारतीय रिजर्व बैंक ने सितम्बर, 1975 में डिबेंचर के मानदण्डों के निर्धारण के लिए एक स्थायी समिति नियुक्त की थी। इस समिति ने वर्ष के दौरान वर्तमान मानदण्डों पर फिर से विचार-विमर्श किया और उनमें कुछ प्रमुख परिवर्तनों की सिफारिश की। राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा प्राथमिक भूमि विकास बैंकों को/अपनी शाखाओं को 30 सितम्बर 1979 तक दिये गए अग्रिमों के विनियम से सम्बन्धित इन मानदण्डों को भारत सरकार तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ से परामर्श कर भारतीय रिजर्व बैंक तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने अंतिम रूप दिया। मानदण्डों में किये गए प्रमुख परिवर्तन नीचे दिये जाते हैं जो जनवरी 1979 से अमल में आए :

(i) पहले प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/राज्य भूमि विकास बैंकों की शाखाओं का वर्गीकरण उन इकाइयों के लिए जिनकी अतिदेय राशियां मांग के 25 प्रतिशत से अधिक हो, 10-10 प्रतिशत की अतिदेय राशियों के खण्डों के आधार पर किया जाता था। अब उसे 5-5 प्रतिशत के खण्डों में बदल दिया गया है। लेकिन इन इकाइयों का पात्र ऋण कार्यक्रम पिछली प्रणाली के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यक्रम से उच्चतर होगा।

(ii) जिन प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/शाखाओं की अतिदेय राशियां पूर्व निर्धारित 60 प्रतिशत या अधिक माँग की बजाय 55 प्रतिशत और उससे अधिक हों वे किसी प्रकार के ऋण कार्यक्रम के पात्र नहीं होंगे। लेकिन जिन ऋणों की पहली किश्तें/वितरित कर दी गयी है उनकी दूसरी परवर्ती किश्तों के सुनिश्चित व्यय की पूर्ति के मामले में यह बात लागू नहीं होगी।

(iii) प्रत्येक प्राथमिक भूमि विकास बैंक/शाखा की अतिदेय राशियों की स्थिति जून के अंत में विद्यमान पिछले तीन सालों की अतिदेय राशियों के औसत या पिछले वर्ष की अतिदेय राशियों के आधार पर—इनमें जो भी कम हो—निर्धारित की जाएगी जबकि इससे पहले पिछले वर्ष के अंत में विद्यमान अतिदेय राशियों के आधार पर उसकी पात्रता निर्धारित की जाती थी।

(iv) जिन प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/शाखाओं की अतिदेय राशियां मांग के 26 प्रतिशत और 55 प्रतिशत के बीच हों, वे पात्रता के निर्दिष्ट प्रतिशत तक नये ऋणों की मंजूरी कर सकते हैं।

(v) चाहे प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/शाखाओं की अतिदेय राशियों की स्थिति कुछ भी क्यों न हो, वे दूसरी और परवर्ती किश्तों के सुनिश्चित व्यय का वितरण कर सकती हैं ताकि ऋणकर्ता अपने निवेश पूरा कर सकें। यह बात उन निवेशों पर लागू होगी जिनके लिए पहले की किश्तें दी जा चुकी हैं।

(vi) लघु कृषकों को बड़ी मात्रा में ऋण उपलब्ध कराने के कार्य को बढ़ावा देने की दृष्टि से प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/शाखाओं को जो लघु कृषक विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, सघन क्षेत्र विकास कार्यक्रम आदि के क्षेत्रों में आती है तथा जिनकी मानदण्डों के अनुसार ऋण की पात्रता है, किसी प्रतिबन्ध के बिना इन कार्यक्रमों के अंतर्गत परिभाषित लघु कृषकों को उधार देने की अनुमति दी जाएगी।

(3) राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा पुनर्वित्त की चुकौती

3.4 राज्य भूमि विकास बैंकों के विशेष विकास डिबेंचरों में कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा दिए गए अंशदान को वार्षिक आधार पर वापस करने हेतु व्यक्तिगत ऋणकर्ताओं से 100 प्रतिशत वसूली करने में राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा अनुभव की गई परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने राज्य भूमि विकास बैंकों को दिनांक 1 जुलाई 1978 से विशेष विकास डिबेंचर जारी करने की अनुमति दी है। इनकी परिपक्वता की अवधि अंतिम ऋणकर्ताओं को जारी किए गए ऋणों की अवधि से दो वर्षों से अधिक नहीं होगी; बशर्ते कि डिबेंचरों की अवधि 15 वर्षों से अधिक न हो; हालांकि यह सुविधा राज्य बिजली बोर्ड जैसे कंपनी निकायों को जहां व्यक्तिगत वसूली का प्रश्न नहीं उठता, दिए गए ऋणों के संबंध में जारी किए गए डिबेंचरों के लिए प्राप्त नहीं होगी।

3.5 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा 1 जुलाई 1978 को या उसके बाद जारी किए गए अभिदत्त विशेष विकास डिबेंचरों की राशियों पर पहले की तरह छमाही की बजाए वार्षिक आधार पर ब्याज प्रत्येक वर्ष के 1 जुलाई, को अथवा किसी अन्य पूर्व निर्धारित तिथि को अथवा डिबेंचरों की वार्षिक किश्तों के साथ, जिनकी निश्चित तिथि वापसी की सहमति से निर्धारित होगी; देय होगा।

(4) ऋण के 90 प्रतिशत पर रियायती पुनर्वित्त

3.6 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम राज्य भूमि विकास बैंकों को लघु सिंचाई योजना हेतु जारी किए गए

उनके डिबेंचरों में अभिदान के रूप में 90 प्रतिशत पुनर्वित्त प्रदान करना आ रहा है। इस प्रकार डिबेंचरों में राज्य सरकारों के अंशदान को कम कर 10 प्रतिशत कर दिया है। यह सुविधा 30 जून 1979 तक उपलब्ध थी। निगम ने इस प्रश्न पर पुनर्विचार कर यह निर्णय किया है कि राज्य भूमि विकास बैंकों को ही नहीं बल्कि वाणिज्य बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भी लघु सिंचाई निवेशों के संबंध में भी अनिश्चित काल तक 90 प्रतिशत रियायत देने का निर्णय किया है। यही नहीं, यह रियायत राज्य बिजली बोर्ड को उक्त बैंकों द्वारा कृपुविनि की योजनाओं के अंतर्गत कृषि पंपसैटों को बिजली चालित करने के लिए दिए जाने वाले ऋणों/अग्रिमों के संबंध में भी प्राप्त होगी। यह सुविधा उन्हीं क्षेत्रों में दी जाएगी जहां ग्रामीण विद्युतीकरण निगम ने नई योजनाओं का क्रियान्वयन शुरू नहीं किया है।

3.7 90 प्रतिशत के पुनर्वित्त की यह रियायत 31 मार्च 1979 तक उन सक्षम कृषि विकास योजनाओं को भी प्राप्त थी जिन्हें विशेष एजेंसियों जैसे—लघुकृषक विकास एजेंसी, सूखा-ग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, जनजातीय क्षेत्रों, अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों तथा गिरिजनों की एजेंसियों की सहायता प्राप्त थी। अब यह निश्चय किया गया है कि बैंकों द्वारा इन योजनाओं के अधीन दिए गए ऋणों पर 90 प्रतिशत पुनर्वित्त की रियायत अनिश्चित काल तक जारी रखी जाए।

(5) पंपसेटों को बिजली चालित करने के लिए वित्तीय सहायता

3.8 आलोच्य वर्ष के दौरान निगम ने सदस्य बकों द्वारा पंपसेटों के बिजलीकरण हेतु राज्य बिजली बोर्ड को दिए गए ऋणों पर दिए जाने वाले पुनर्वित्त के मानकों को उदार बना दिया है। जिससे वित्तीय सहायता देने वाले बैंक, पिछले वर्ष की प्रति इकाई दर रु० 4,500 की अपेक्षा इस वर्ष 5 अश्वशक्ति वाले हर पंपसेट पर रु० 5,500 की दर से ऋण देंगे, ऐसे प्रसंगों में जहां उच्च शक्ति की मोटरों की स्थापना तकनीकी आधारों पर की जानी होती है, मोटरों की शक्ति में आई हर 2.5 अश्वशक्ति की वृद्धि पर अधिक ऋण दिया जा सकता है, जिसकी मात्रा हर वृद्धि के लिए रु० 1,000 से अधिक नहीं होगी। वित्तीय सहायता से सम्बन्धित यह उदारीकृत मान 1 जुलाई, 1978 के बाद बिजलीकृत कुओं के सम्बन्ध में लागू किया गया है। ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की नई योजना को दृष्टिगत रखते हुए कृपुविनि की योजना केवल उन क्षेत्रों में जारी रहेगी जहां ग्रामीण विद्युतीकरण निगम ने कोई नई योजना शुरू नहीं की है।

(6) प्रधान कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को पुनर्वित्त मंजूर न करने के अधिकारों का प्रत्यायोजन

3.9 पात्रता प्राप्त संस्थाओं से प्राप्त योजनाओं को मंजूर करने में शीघ्रता लाने की दृष्टि से प्रधान कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को पुनर्वित्त की मंजूरी हेतु कुछ सीमित अधिकार प्रत्यायोजित करना निगम का दूसरा निर्णय था। प्रत्यायोजन की यह प्रणाली ठीक प्रकार से कार्य कर रही है।

(7) केवल बोरिंग कार्य के लिए लघु कृषकों को वित्तीय सहायता

3.10 जो लघु कृषक अपने निजी पंपसेट खरीदने में असमर्थ हैं, उनके मामले में निगम ने इस वर्ष के दौरान केवल बोरिंग कार्य हेतु पुनर्वित्त प्रदान करने के प्रश्न पर विचार किया। इस संबंध में निगम इस बात से सहमत हुआ कि जिन राज्यों में किराए पर पंपसैट देने की व्यवस्थाएं संतोष-जनक हैं तथा निवेश तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त हैं, वहां लघु कृषकों को केवल बोरिंग कार्य के लिए वित्तीय सहायता देने वाली योजनाएं पुनर्वित्त के लिए कुछ निश्चित शर्तों के अधीन पात्र होंगी।

(8) खाद्यान्न भंडार

3.11 निगम द्वारा खाद्यान्न भंडारों की सुविधा बढ़ाने के सम्बन्ध में दिये गए वायदे पूरे करने के लिए जैसा कि पिछली रिपोर्ट में बताया गया है, भंडार क्षमता 20 लाख टन की वृद्धि करने के निमित्त गोदाम निर्माण कार्य के लिए पुनर्वित्त सुविधा देने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी है। इन गोदामों का निर्माण प्राइवेट पार्टियों द्वारा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश राज्यों में होगा।

(9) बाजार केन्द्रों के विकास की योजनाओं के लिए पुनर्वित्त

3.12 आगामी योजना में परिकल्पित बाजार केन्द्र विकास कार्यक्रम तथा राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ से ही 1 प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने के सम्बन्ध में अनुभव की गई कठिनाइयों के परिप्रेक्ष्य में, निगम बाजार केन्द्रों के विकास की योजनाओं के लिए पुनर्वित्त सुविधा देने के लिए सहमत हो गया। इन बाजार केन्द्रों का न्यूनतम शुल्क 1/2 प्रतिशत होगा; बशर्ते कि कृषि उत्पादन बाजार समितियों से संबंधित अधिनियमों में आगामी दो या तीन वर्षों में शुल्क को बढ़ाकर 1 प्रतिशत कर देने का प्रावधान किया जाय। निगम ने इस संदर्भ में राज्य सरकारों को मार्ग निर्देश जारी किया है।

(10) लघु सिंचाई के निवेशों के लिए कृपुविनि की योजनाओं के अन्तर्गत 2 से 4 हैक्टेयर भूमि वाले किसानों को पूंजी सहायता

3.13 वर्ष के दौरान भारत सरकार ने 2 से 4 हेक्टेयर भूमि वाले कृषकों को पूंजी सहायता देने का निर्णय किया और उसके अनुसार, व्यक्तिगत योजनाओं के लिए 20 प्रतिशत की दर से तथा सामूहिक योजनाओं के लिए 40 प्रतिशत की दर से, पूंजी सहायता क्षेत्रवार शुरू की गई कृपुविनि की योजनाओं या उनके बराबर की योजनाओं के अन्तर्गत लघु सिंचाई के लिए किए जाने वाले निवेशों के लिए दी जाएगी।

किन्तु इसके लिए भूमिगत जल संबंधी प्रमाणपत्र भी आवश्यक होगा। ऐसी सहायता अलग-अलग कृषकों को उसी सीमा तक दी जाएगी जिस सीमा तक समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों को दी जाती है तथा यह सहायता कृषकों के विभिन्न-वर्गों अर्थात् जन-जातीय गैर-जनजातीय आदि वर्गों को रु० 3000 और रु० 5000 के बीच दी जाएगी। भारत सरकार ने भी उन ऋणों के माध्यम से यह सहायता देने का निर्णय किया है, जो ऋण के अंतिम सदुपयोग को सुनिश्चित करती है।

4. प्रमुख उद्देश्य और उपलब्धियां

निगम ने अपने समक्ष जिन लक्ष्यों को रखा है वे इस प्रकार हैं:—(1) संस्था का गठन (2) क्षेत्रीय असंतुलन को कम करना (3) निगम के कार्यक्रमों में और अधिक लघु कृषकों को समाविष्ट करना तथा (4) कारोबार का विविधीकरण। इन वर्षों में इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति हुई है जैसा कि निम्नांकित अनुच्छेदों से सिद्ध होता है:

(I) संस्था का गठन

4.2 एक विकास बैंक की तरह, कृषिविनि के प्राथमिक उत्तरदायित्वों में से एक उत्तरदायित्व है—सदस्य बैंकों को संस्था गठन में सहायता देना, ताकि कृषि निवेशों के लिए और अधिक ऋण प्रदान करने में सुविधा हो सके। इस संदर्भ में निगम ने कई पहलुओं पर जोर दिया है। सबसे आवश्यक पहलू यह है कि सदस्य बैंक और राज्य सरकारों के कर्मचारियों को, योजना निर्माण, मूल्यांकन तथा ऋण वितरण की गुणवत्ता सुधारने से संबंधित क्षमता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को व्यापक और मजबूत बनाया जाये। इन कार्रवाइयों का विवरण रिपोर्ट में अन्यत्र दिया गया है। निगम द्वारा उठाया गया दूसरा महत्वपूर्ण कदम है बैंकों को क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से ऋण विभाग का निर्माण करने में मदद देना और उनकी आर्थिक क्षमता सुधारने के लिए विभाग के कार्य में विविधता लाना और उन्हें आवश्यक विशेषज्ञता प्राप्त करने में सक्षम बनाना। परि-योजना निर्माण, अनुवर्ती कार्रवाईयों और कार्यान्वयन के निरीक्षण में आयी कठिनाइयों को कार्यशालाओं और विचार-विमर्शों द्वारा तथा इस संबंध में निर्देश जारी कर, दूर करने के प्रयत्न किये गये हैं। उनके लिए स्वीकृत की गयी योजनाओं पर निकट से निगरानी करने और उनके मूल्यांकन की एक प्रणाली का निर्धारण करने के लिए भी उन्हें धीरे-धीरे प्रोत्साहन दिया जा रहा है। संस्था गठन के संबंध में निगम द्वारा अपनाए गये तीसरे आयाम में कारोबारी प्रणालियों को औचित्य-पूर्ण बनाना, ऋण प्रदान करने के तरीकों और ऋण वितरण के मानदण्डों को उचित स्वरूप देना और आचरण संबंधी कुछ नियमों को कड़ाई से लागू करना शामिल है। विकास के बहुएजेंसी दृष्टिकोण के तहत, निगम द्वारा बड़ी परियोजनाओं के लिए बैंकिंग योजनाओं की तैयारी में वाणिज्य बैंकों को शामिल करने से ऋण की अंतर्सांस्थानिक समस्याओं को दूर करने में मदद मिली है और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में गति आई है। इस बहुएजेंसी दृष्टिकोण को अपनाने से कृषि के लिए मीयादी ऋण देने में वाणिज्य बैंकों की बढ़ती हुई संबद्धता में बढ़ोत्तरी भी हुई है और जैसा कि इस रिपोर्ट में अन्यत्र जिक्र किया गया है, पिछले दो वर्षों में कृषिविनि के पुनर्वित्त के कुल वितरणों का आधे से अधिक हिस्सा इन बैंकों ने ही लिया है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लिए मानदण्ड के रूप में निगम वसूली कार्य पर निरन्तर बल दे रहा है। भूमि विकास बैंकों के लिए परिवर्तित रूप में अतिदेय राशि संबंधी अनुशासन को बनाये रखने तथा वाणिज्य बैंकों के लिए स्थायी समिति के गठन आदि से यह प्रमाणित हो जाता है। निगम, सदस्य बैंकों से निरन्तर चर्चा करता रहता है ताकि उनकी संचालन संबंधी कठिनाइयों को समझा जा सके और ऐसी चर्चा के आधार पर अपनी स्वयं की नीति का भी पुनरीक्षण कर सके।

4.3 1977-78 में यह देखा गया कि पांच राज्य भूमि विकास बैंक भारी अतिदेय राशियों की स्थिति से इतने परेशान थे कि उनकी आर्थिक स्थिति ही खतरे में पड़ गई थी। उनकी संगठनात्मक कमजोरियां पहचानी गयी थीं। इनके अतिरिक्त कुछ ऐसे विषय भी थे जिनसे चिंता उत्पन्न होती थी, जैसे (i) चूककर्ताओं की काफी बड़ी संख्या। इनका बोझ बैंकों को इसलिए उठाना पड़ रहा था कि बैंकों को राज्य सरकार के कुछ विशिष्ट कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करना था (ii) बड़ी संख्या में निष्क्रिय निवेश, जिनके कारण अतिदेय राशि की स्थिति बनी थी। निगम के अध्यक्ष ने भारत सरकार, निगम, तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से बिहार, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के मुख्य मंत्रियों से गंभीर विचार-विमर्श किया तथा इन बैंकों के पुनर्स्थापन के लिए कुछ उपाय निश्चित किए। इसके प्रति उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया रही है और अब वे कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर हैं।

(II) क्षेत्रीय असंतुलनों में कमी

4.4 विभिन्न राज्यों में कृषिविनि के कार्यों की रूपरेखा रिपोर्ट में अन्यत्र प्रस्तुत की गई है। पिछले वर्षों में निगम ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, असम, पश्चिम बंगाल और पश्चिम में राजस्थान तथा उत्तर में हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू और काश्मीर सहित उत्तरपूर्वी राज्यों को देश के कम विकसित और/अथवा कम बैंक सुविधा वाले राज्य माना है, और अपने प्रयत्नों को कृषि निवेश को प्रोत्साहन देने तथा उसका विकास करने की ओर केंद्रित किया है। उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्वी क्षेत्रों सहित, निवेश अच्छेखासे हो गए हैं, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा पश्चिम बंगाल और राजस्थान में यद्यपि निवेश की दर तेज नहीं हुई फिर भी इसे बरकरार रखा गया है (विवरण 6) राजस्थान, उड़ीसा जैसे राज्यों में विकास की धीमी गति के कारण खोजने तथा भविष्य में विकास की संभाव्यता की जांच करने के लिए विशेष दल भेजने के ठोस प्रयत्न किए गए। उत्तर पूर्वी क्षेत्र में परियोजना निर्माण को सुविधाजनक बनाने तथा स्वीकृत परि-योजनाओं के सुगम कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक

कार्यशाला चलाई गई । कृषुविनि के अध्यक्ष तथा भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारत सरकार और निगम के अधिकारियों के एक दल ने बिहार के मुख्य मंत्री, राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों तथा भूमि विकास बैंक से कृषि निवेशों के विभिन्न पक्षों के संबंध में बातचीत की ।

4.5 कम विकसित राज्यों में कृषि विकास को प्रोत्साहन देने के निगम के प्रयत्नों का अंदाजा 1972–73 की स्थिति के संदर्भ में भली-भाँति लगाया जा सकता है जो कि निगम के लिए आधार वर्ष माना जाता है । इससे संबंधित आँकड़े नीचे सारणी में दिए गए हैं :

सारणी 11

1972-73, 1977-78 तथा 1978-79 के दौरान कम विकसित/अल्पविकसित क्षेत्रों में किए गए वितरण

(लाख रुपयों में)

राज्य	निम्नलिखित वर्ष के दौरान वितरण			30-6-1979 तक किया गया वितरण
	1972-73	1977-78	1978-79	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
हिमाचल प्रदेश	—	23	50	101
	—	(0.1)	(0.2)	(0.1)
जम्मू और काश्मीर	—	15	14	123
	—	(0.1)	(—)	(0.1)
राजस्थान	136	1312	1616	5269
	1.4	(5.6)	(5.7)	(4.0)
असम	—	273	235	718
	—	(1.2)	(0.8)	(0.5)
मणिपुर	—	23	43	79
		(0.1)	(0.2)	(0.1)
मेघालय	—	—	—	—
नागालैण्ड	—	5	—	18
		(—)	—	(—)
त्रिपुरा	—	8	1	12
		(—)	(—)	(—)
बिहार	154	1864	2253	9055
	(1.6)	(8.0)	(7.9)	(6.7)
उड़ीसा	11	816	875	2727
	(0.1)	(3.5)	(3.1)	(2.0)
पश्चिम बंगाल	4	996	045	2900
	(0.1)	(4.3)	(3.7)	(2.2)
मध्य प्रदेश	319	1670	1666	10441
	(3.4)	(7.1)	(5.9)	(7.8)
उत्तर प्रदेश	1143	4317	4877	21275
	(12.1)	(18.4)	(17.1)	(16.0)
कुल (सभी कम विकसित राज्य)	1767	11322	12675	52718
	(18.8)	(48.3)	(44.5)	(39.5)
कुल (अखिल भारतीय)	9414	23430	28487	133356
	(100.0)	(100.00)	(100.00)	(100.00)

(कोष्ठकों में दिए गए जोड़ के प्रतिशत हैं ।)

4.6 ऊपर दी गई सारणी से यह स्पष्ट है कि वर्ष के दौरान इन राज्यों में वितरित की गई कुल 127 करोड़ रुपए की राशि 1972-73 में वितरित राशि की मात्रा (18 करोड़ रुपए) से सात गुनी अधिक है। कुल वितरित पुनर्वित्त में इन राज्यों का हिस्सा भी वास्तव में आधार वर्ष के 19 प्रतिशत से बढ़कर पुनरीक्षण वर्ष के दौरान 44.5 प्रतिशत हो गया। यद्यपि अलग अलग राज्यों में विकास की दर कई कारणों से एक समान नहीं रही, फिर भी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में हुई प्रगति पिछले कुछ वर्षों के मुकाबले में वस्तुतः उल्लेखनीय थी। फिर भी हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा उत्तर पूर्वी राज्यों में इसका प्रभाव नगण्य रहा क्योंकि वहां भौतिक कारणों, मूलभूत आवश्यकताओं की कमी तथा ऋण वितरण के स्वरूप में प्राप्त कमजोरियों के कारण उचित मात्रा में ऋण वितरण नहीं हो पाएगा।

4.7 निगम एक ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच पाए जाने वाले असंतुलनों को दूर करने की ओर भी उचित ध्यान दे रहा है और उसने कृषि विकास तथा अन्य सम्बद्ध प्रयोजनों के लिए कई योजनाएं स्वीकार की हैं (देखिए विवरण–7)

4.8 अभी हाल ही में भारत सरकार ने पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया है। हमारे निगम के अध्यक्ष इसके एक सदस्य हैं। राष्ट्रीय समिति कार्यकारी दल का गठन भी किया है जो पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए संगठनात्मक बनावट का अध्ययन करेगा और उनके सुचारू रूप से संचालन के उपाय सुझाएगा।

सारणी 12

लघु कृषकों को वित्त**

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	वर्ग	वितरित राशि कुल	उसमें लघु कृषकों का अंश		प्रतिशत
			राशि	खातों की संख्या	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
लघु सिंचाई	(क) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाएं	329.9	111.1	1,48,100	34
	(ख) कृषि पुनर्वित्त और विकास परियोजनाएं-I	112.5	62.4	83,400	55
	(ग) कृषि पुनर्वित्त और विकास परियोजनाएं-II	154.1	82.8	1,10,400	54
	(घ) लघु कृषक विकास एजेंसी/सीमान्त कृषक तथा कृषि श्रमिक योजनाएं	35.9	35.9	89,800	100
	(ङ) अन्य योजनाएं	201.4	111.9	2,79,700	56
	जोड़	833.8	404.1	7,11,400	48
विविध	(क) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाएं*	13.1	5.3	36,300	40
	(ख) कृपुविनि-I	10.5	4.0	5,300	38
	(ग) कृपुविनि-II	29.6	10.4	13,400	34
	(घ) लघुकृषक विकास एजेंसी/सीमांत कृषक तथा कृषि श्रमिक योजनाएं	5.4	5.4	11,600	100
	(ङ) अन्य योजनाएं@	74.5	44.2	1,47,300	59
		133.1	68.9	2,12,900	52
	सकल जोड़	966.9	473.0	9,24,300	49

*केवल भूमि विकास से संबंधित।

@इनमें कृषि मशीनीकरण और भंडार तथा बाजार केन्द्र शामिल नहीं हैं।

**31 मार्च 1979 तक अनंतिम।

(III) लघु कृषकों को सहायता

4.9 निगम, अपने कार्यक्रमों के अन्तर्गत लघु कृषकों को और अधिक संख्या में समाविष्ट करने के कार्य में निरन्तर प्रयासशील रहा है। निगम अपनी प्रथम और द्वितीय कृपुविनि साख परियोजनाओं के अन्तर्गत अपने वायदों को पूरा करने में सफल रहा है। इन वायदों के अनुसार इन परियोजनाओं के अन्तर्गत वितरित राशि का कम से कम 50 प्रतिशत लघु

कृषकों को दिए गए गए ऋण के संदर्भ में होगा। मार्च 1979 के अंत तक, द्वितीय कृपुवित्त साख परियोजनाओं के अन्तर्गत लघु कृषकों को दिए गए ऋण के संदर्भ में पुनर्वित्त के वितरण का कुल योग 93 करोड़ रुपए रहा जो कि परियोजना के अंतर्गत कुल वितरण का 51 प्रतिशत है। सभी कृपुवित्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत लघुकृषकों के समावेशन संबंधी उपलब्ध आंकड़े सारणी-12 में दिए गए है ।

4.10 इस सारणी से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कुल मिलाकर लघु सिंचाई के अन्तर्गत लघु-कृषकों के समावेशन में थोड़ा सुधार हुआ और वह 48 प्रतिशत हो गया जबकि कृषि मशीनीकरण, भंडार और बाजार केंद्रों को छोड़कर, विविध प्रयोजनों के अन्तर्गत, यह प्रतिशत घटकर 52 प्रतिशत रह गया, जो मुख्य रूप से चाय बागानों तथा मत्स्योद्योग में हुए अधिक वितरण के कारण हुआ । यह उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की परियोजनाओं की समापन रिपोर्टों के संबंध में किए गए क्षेत्र सर्वेक्षणों ने यह सिद्ध कर दिया है कि परियोजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत से अधिक लाभभोगी लघु कृषक थे। निगम को अभी भी सदस्य बैंकों से उनके लिए मंजूर किए गए विभिन्न कृपुवित्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत आए लघु कृषकों से संबंधी आंकड़े इकट्ठे करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

4.11 इस वर्ष के दौरान निगम ने लघु कृषक विकास एजेन्सी के तत्वावधान में 177 योजनाएं स्वीकार कीं जिनमें 18.2 करोड़ रुपये के वायदे थे, (विवरण–8) । जून 1979 के अंत तक ऐसी योजनाओं की कुल संख्या 534 थी जिनमें निगम के वायदे की राशि 90 करोड़ रुपये है, इनमें से राज्य भूमि विकास बैंकों के लिये 155 योजनाएं स्वीकार की गई हैं जबकि वाणिज्य बैंकों और सहकारी बैंकों के लिये क्रमशः 358, तथा 21 योजनाएं स्वीकार की गई हैं। प्रयोजनवार, स्वीकृत योजनाओं का बड़ा भाग लघु सिंचाई के हिस्से में आया, उनकी संख्या 227 है और उसके बाद डेरी विकास योजना है जिसकी संख्या 211 है। इनके अन्तर्गत आए अन्य प्रयोजनों में मुर्गीपालन (13), भेड़पालन (43), भूमि विकास (22), बागान और बागवानी (9), सुअरपालन (2), मत्स्योद्योग (2) तथा अन्य (5) हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत पिछले वर्ष के 5 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त वितरण के मुकाबले में इस वर्ष के दौरान 14.4 करोड़ का वितरण किया गया। जून 1979 के अंत तक इन योजनाओं के अन्तर्गत निकाली गयी राशि 47.0 करोड़ रुपये थी जो कि वायदों का 50 प्रतिशत थी ।

4.12 चालू योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए गए समन्वित ग्रामीण विकास (सग्रावि) कार्यक्रम को गतिशील बनाना इस वर्ष के दौरान एक मुख्य बात रही। इसका मुख्य उद्देश्य एक निश्चित अवधि में उत्पादक कार्यक्रमों द्वारा लक्ष्य वर्ग के लिये अच्छा जीवन स्तर तथा पूर्ण रोजगार प्रदान करना है। प्रारम्भ में देश के 2300 खंडों में यह कार्यक्रम शुरू किया गया है तथा योजनावधि के अंत तक 3500 खंडों में यह योजना चलाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम में, ग्रामीण समाज के कमजोर वर्गों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है, जिनमें लघु एवं सीमांत कृषक, बटाईदार, कृषि मजदूर, ग्रामीण कारीगर, अनसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के लोग शामिल हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिन विकास योजनाओं को लिया जाएगा उनमें लघु सिंचाई भूमि विकास, कृषि औजार तथा पशुपालन कार्यक्रम शामिल हैं । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभान्वित लोगों को 25 से 33⅓ प्रतिशत तक पूंजी उपदान उपलब्ध है। कृपुवित्त, समन्वित ग्रामीण विकास खंडों के लिये, उन निवेशों के संबंध में, जिनके लिये पुनर्वित्त की पात्रता होगी, बैंकिंग योजनाएं तैयार करने के लिये कटिबद्ध है। बहुत-सी योजनाएं बनाई गई हैं और स्वीकार की जा रही हैं।

4.13 राजस्थान राज्य सरकार द्वारा बनाए गए अन्त्योदय कार्यक्रम का भी विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए। इसके अन्तर्गत प्रत्येक गांव में सबसे गरीब 5 परिवारों का पता लगाया जाता है और कृषि तथा अन्य सम्बद्ध गतिविधियों के विकास और ग्रामीण उद्योगों के विकास आदि के द्वारा उनका आर्थिक स्तर सुधारा जाता है। कार्यक्रम का मूलाधार पशुपालन योजनाएं होंगी तथा अन्य सहायक धन्धों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। कृपुवित्त ने इस कार्यक्रम के लिए राजस्थान राज्य सहकारी बैंक को 3.2 करोड़ रुपये तक की निधि देने का वायदा किया है ।

(iv) परिचालन में विविधता

4.14 निगम और सदस्य बैंकों के कारोबार में विविधता लाने के प्रयत्न आलोच्य वर्ष के दौरान भी जारी रहे। जैसा कि पहले सूचित किया गया है, लघु सिंचाई के अतिरिक्त अन्य प्रयोजनों के लिए, और भी अधिक संख्या में योजनाएं स्वीकार की गई हैं। पिछले 2 वर्षों में सघन क्षेत्र विकास कार्यक्रम का महत्व काफी बढ़ गया है। इस वर्ग में निगम द्वारा अंविसंघ/अंपुवि बैंक से सहायता प्राप्त 7 परियोजनाओं के अतिरिक्त, अन्य राज्यों में विशेष रूप से गुजरात और उत्तर प्रदेश में कई अन्य परियोजनाएं स्वीकार की गई हैं; जिनमें खेतों के विकास के लिये सांस्थानिक ऋण लगा हुआ है। उच्चतमस्तर पर दिसम्बर 1978 में परियोजनाओं के कार्यान्वयन के व्यापक निरीक्षण के उपरांत निगम, राज्य सरकारों से मिलकर ऋण परिचालन से संबंधित कठिनाइयों को दूर करने के लिये कई विषयों पर विचार कर रहा है। अपनी ओर से निगम ने अपनी कार्यविधि आसान बना दी है और कार्यान्वयन करने वाल अभिकरणों को उचित किस्तों में अंतरिम वित्त वितरित करने तथा सरकारी गारंटी पर ऋण लेनेवालों के पात्र एवं अपात्र ऋण कर्ताओं के रूप में वर्गीकरण किये जाने तक पूर्ण हो चुके विकास के लिये तदर्थ ऋण प्रदान करने की अनुमति भी प्रदान कर दी है ।

4.15 विकास का एक और आशाजनक क्षेत्र अंतदेशीय मत्स्यपालन है जो लघुकृषकों को काफी लाभान्वित भी करेगा। मत्स्योद्योग एक ऐसा प्रमुख स्रोत है जिससे बड़ी मात्रा में

ताजा मछली की आपूर्ति की जा सकती है। यह काफी संभाव्यतावाला कार्यक्रम है; खास तौर पर बिहार, यू० पी०, उड़ीसा तथा पश्चिमी बंगाल में, जहां कुल जलक्षेत्र का 70 प्रतिशत भाग परिष्कृत मछली तालाबों के लिये है, इसकी अधिक संभावना है। विकास की इस मद के लिए निगम ने पहले ही 50 योजनाएं स्वीकृत की हैं; जिनके संबंध में 7 करोड़ रुपयों के वायदे किये गये हैं। इसी प्रयोजन के लिये अंविसंघ की सहायता प्राप्त एक परियोजना के संबंध में भी बातचीत चल रही है। यह योजना भारत में अपने ढंग की पहली है।

4.16 जिन अन्य क्षेत्रों में कार्यकलापों में विविधता लाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं वे हैं—रेशम उत्पादन, बाजार केन्द्रों का विकास, भंडार, बागान, गायों-का अंतर्प्रजनन, कसाईखानों का आधुनिकीकरण, तथा नए खाद कारखाने लगाना। कर्नाटक में अंविसंघ की सहायता से एक रेशम उत्पादन परियोजना पर विचार किया जा रहा है। कॉफी, रबड़ इत्यादि अन्य बागानों में निगम के योगदान को बढ़ाने के लिये भी कदम उठाए जा रहे है। इस संबंध में यह पता लगाया जाएगा कि क्या पण्प मंडलों द्वारा बनाई गई विकास योजनाओं के लिये निगम की पुनर्वित्त सहायता के साथ, संस्थागत ऋण की मदद मिल सकती है। बी० ए० आई० एफ० द्वारा प्रवर्तित देशी गायों के अंतर्प्रजनन में भी निगम मदद कर रहा है। ऐसी कई योजनाएं स्वीकार की गई हैं। इसी तरह वर्ण-संकर बछड़ियों को पालने से संबंधित योजना भी कई प्रदेशों में जोर पकड़ रही है।

सारणी 13

प्रयोजन के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की परियोजनाएं

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ के ऋण का उपयोग करने के लिए आवश्यक वितरण	कृपुवि निगम के कार्यक्रम के लिए अंविसंघ/अंपुवि बैंक की सहायता की राशि	30 जून 1979 तक कृपुविनि द्वारा किया गया पुनर्वित	30 जून 1979 तक अंविसंघ/अंपुवि बैंक द्वारा भारत सरकार के माध्यम से वितरित राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. लघु सिंचाई	1213.9	673.9	167.7	415.6
2. भूमि विकास	11.7	8.3	8.5	
3. कृषि मशीनीकरण	93.3	57.3	64.6	
4. बाजार केन्द्र विकास	23.8	17.2	18.5	10.2
5. खराब होने वाली बागवानी उपज का अभिसंस्करण और विपणन	30.3	13.3	0.4	—
6. डेरी विकास	60.6	33.8	—	—
7. सुघन क्षेत्र विकास	68.6	46.5	6.6	5.4
8. बीज उत्पादन	51.0	35.9	2.2	1.9
9. विविध प्रयोजन* (जैसी बक्ष की फसलें, मुर्गीपालन आदि)	172.9	87.8	54.5	10.0
10. मत्स्यापालन विकास	22.3	7.6	—	—
11. $रूई विकास और अभिसंस्करण	16.1	10.3	2.5	1.1
	1764.5@@	991.9@	775.5	444.2

*इसमें केरल में रोपण फसलों का विकास शामिल है।

$इसमें समन्वित रूई विकास परियोजना के अधीन उन्नत किस्म की रूई पैदा करने के लिए निर्धारित 75 लाख डालरों का ऋण शामिल है।

@कृपुविनि साख परियोजना III का घटक शामिल है।

5. विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएं

I. अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की सहायता प्राप्त परियोजनाएं

चूंकि द्वितीय कृपुविनि साख परियोजना के लिये उपलब्ध ऋण का उपयोग पूरा होने वाला था। अतः कृपुविनि साख परियोजना तैयार करने तथा इस सम्बन्ध में विश्व बैंक और अंविसंघ से, अप्रैल 1979 में बातचीत की दिशा में, कदम उठाए गए। भारत सरकार और कृपुविनि ने सफलता पूर्वक समझौता वार्ता पूरी की और अंविसंघ ने जुलाई 1979 में 2500 लाख डालर का ऋण मंजूर किया। यह ऋण कृपुविनि के 2 वर्षीय ऋण वितरण कार्यक्रम की मदद करने के लिये है, यद्यपि जैसा कि पूर्ववर्ती ऋणों के संदर्भ में था, प्रतिपूर्ति कुछ ही प्रयोजनों तक सीमित रहेगी। इस अवधि के दौरान एक अन्य स्वागत योग्य बात यह हुई है कि कनाडा के कैनेडियन अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ, पश्चिम जर्मनी के केडि-

टनस्टल्ट फर आदरोफबाऊं (के० एफ० डब्यू०), यू० के०, स्विटजरलैंड तथा जापान ने कृपुविनि को कृषि विकास में उनके योगदान को बनाए रखने के लिये साधन उपलब्ध कराने में रुचि दिखाई है। इन ऋणों के लिये भारत सरकार, कृपुविनि तथा अन्य अभिकरणों के बीच चल रही बातचीत पूरी होने वाली है। ये ऋण किसी भी प्रकार से अंविसंघ के ऋणों के संबंध में किये जाने वाले आहरणों पर बुरा असर नहीं डालेंगे, बल्कि कृपुविनि के पास उपलब्ध साधनों के पूरक सिद्ध होंगे। तृतीय कृपुविनि साख परियोजना के स्वीकृत होने के बाद विश्व बैंक/अंविसंघ द्वारा किया गया ऋण का वायदा 1 अरब अमरीकी डालर के लक्ष्य को पार कर गया है। यह ऋण कृपुविनि के माध्यम से दिया जाएगा।

5.2 हालांकि इस परियोजना में द्वितीय कृपुविनि साख परियोजना की पद्धति का ही अनुसरण किया गया है फिर भी इसमें कई महत्वपूर्ण तथ्यों को स्वीकारा गया है जैसे, कृषि निवेशों में वाणिज्य बैंकों की बढ़ती हुई भूमिका, सहकारी भूमि विकास बैंकिंग प्रणाली को एक स्वस्थ संस्थागत रूप प्रदान करने के लिये आवश्यक प्रयास, खासतौर पर लघु सिंचाई निवेशों के लिये, ऋण वितरण की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार, जिला और खंड स्तरों पर आयोजन के महत्व, मूल्यांकन और निगरानी के तरीकों में सुधार की आवश्यकता, तथा वितरण की गणवत्ता सुधारने और लघु कृषकों का समावेशन बढ़ाने के लिये सदस्य बैंकों के स्टाफ को तैयार करने म प्रशिक्षण सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका।

5.3 तृतीय कृपुविनि साख परियोजना के अतिरिक्त वर्ष के दौरान, विश्व बैंक से पंजाब सिंचाई परियोजना के संबंध में भी बातचीत की गई है।

5.4 जून 1979 तक 37 परियोजनाएं विश्व बैंक ग्रुप ने स्वीकार की है। जिनमें 11670 लाख डालर के ऋण कृपुविनि के माध्यम से दिए जाएंगे। इनमें 12 कृषि ऋण परियोजनाएं, 7 सघन क्षेत्र विकास परियोजनाएं 3 दुग्धविकास परियोजनाएं, 3 बीज परियोजनाएं, 2 बाजार केन्द्र परियोजनाएं, 2 बागबानी उत्पादन विपणन परियोजनाएं, 2 मत्स्योद्योग परियोजनाएं, एक समन्वित कृषि विकास परियोजना, कृपुविनि की 3* सामान्य ऋण व्यवस्थाएं और 2 सिंचाई परियोजनाएं शामिल है, प्रयोजनवार ऋण वितरण कार्यक्रम तथा अब तक किये गये वितरण और जून 1979 के अंत तक अंविसंघ द्वारा प्रतिपूर्ति की गई अथवा प्रतिपूर्ति के योग्य राशि का भी विवरण सारणी 13 में दिया गया है। अलग अलग परियोजनओं का संक्षिप्त ब्योरा विवरण 9 में तथा कुल ऋण वितरण कार्यक्रम, वितरण और अन्य पक्षों के संबंध में ब्योरेवार विवरण 10 में दिए गए हैं।

(क) द्वितीय कृपुविनि साख परियोजना

5.5 चालू दूसरी कृपुविनि ऋण परियोजना के अंतर्गत, जून 1979 के अंत तक 238 करोड़ रुपये का जो वितरण कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने किया है उसके लिये कुल 2000 लाख डालर की निर्धारित ऋण राशि में से 1580 लाख डालर की राशि के अंविसंघ के ऋण की आहरण करने की अर्हता प्राप्त हो जाएगी। शेष 420 लाख डालर के ऋण का उपयोग शीघ्र ही करने के लिये प्रयत्न किए जा रहे है।

5.6 दूसरी कृपुविनि ऋण परियोजना के अंतर्गत 22 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में ऋण वितरण किया गया। इसमें से 195 करोड़ रुपये लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिये तथा 43 करोड़ रुपये डेरी, मुर्गीपालन, मत्स्योद्योग, बागान आदि विविध निवेशों हेतु प्रदत्त ऋणों के पुनर्वित्त के संबंध में दिए गए।

(ख) कृषि ऋण परियोजनाएं

5.7 अब तक 9 कृषि ऋण परियोजनाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न की जा चुकी हैं, जो आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा, गुजरात, पंजाब और उत्तर प्रदेश के लिये स्वीकार की गई थीं। इन परियोजनाओं में कृपुविनि के वितरण का कुल योग 328 करोड़ रुपयों का रहा जिसमें अंविसंघ का 2780 लाख डालर का ऋण लगा हुआ था।

5.8 इस समय तीन परियोजनाएं—बिहार कृषि ऋण परियोजना, पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना और केरल कृषि विकास परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। बिहार कृषि ऋण परियोजना में जून 1979 तक 38.9 करोड़ रुपयों के पुनर्वित्त का वितरण किया गया। यदि जल स्रोत और विकास निगम का वित्त पोषित कार्यक्रम भी प्रतिपूर्ति के लिये शामिल कर लिया जाए तो परियोजना जल्दी ही समाप्त की जा सकती है। इस सम्बंध में भारत सरकार से पत्र-व्यवहार चल रहा है। पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना में उथले नलकूपों के कार्यक्रम में अच्छी प्रगति हो रही है। मगर गहरे नलकूप कार्यक्रम और कृषि सेवा केंद्र और बाजार केन्द्र विकास जैसे अन्य घटकों की गति धीमी है। जून 1979 के अन्त तक इन परियोजनाओं के अन्तर्गत कृपुविनि जो वितरण करेगा उस वितरण से 150 लाख डालर में से 110 लाख डालर के आहरण की अर्हता प्राप्त होगी। केरल कृषि विकास परियोजना के अंतर्गत 25 लाख रुपयों का प्रथम वितरण इस वर्ष के दौरान कृपुविनि द्वारा किया गया। योजना के प्रारम्भ में अक्सर हो जाने वाली देरी से इसके कार्यान्वयन की गति धीमी रही।

(ग) सघन क्षेत्र विकास परियोजनाएं

5.9 इस समय 7 सघन क्षेत्र विकास परियोजनाएं विश्व बैंक समूह की सहायता से चल रही हैं और इनमें खेतों के विकास के लिये, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के द्वारा ऋण दिया जा रहा है। इन परियोजनाओं में से 2 राजस्थान में तथा एक-एक परियोजना मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उड़ीसा में हैं। राजस्थान, आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र की सघन क्षेत्र विकास परियोजाओं में सीमित प्रगति हुई है। इस धीमी प्रगति के कई कारण

*जुलाई 1979 म स्वीकृत तृतीय कृपुविन परियोजना भी शामिल है।

थे। आंध्र प्रदेश में अभी तक लाभान्वित होने वाले लोगों की जमीन का अनिवार्य रूप से विकास करने का अधिकार सघन क्षेत्र विकास अभिकरण को देने से संबंधित कानून बनाया नहीं गया है। इस राज्य में तथा कर्नाटक में भी परियोजना को कार्यान्वित करने के लिये कोई अलग, निकाय या एजेन्सी की स्थापना नही की गई है। राजस्थान में भूखंडों के पुनर्रेखांकन और आयतीकरण से भी कानूनी अड़चनें खड़ी हो गई है। उड़ीसा में सघन क्षेत्र के कृषक, खेत विकास कार्य के लिये बैंक ऋण का उपयोग करने में झिझक रहे हैं। कहा जाता है कि राज्य सरकार अपने खर्च पर खेतों को पानी पहुंचाने वाली नालियों का निर्माण करने का विचार कर रही है। और इस प्रकार हुए खर्च की वसूली के अतिरिक्त जल शुल्क लगा कर की जाएगी। कृपुविनि के इस निर्णय के फलस्वरूप कि वह महाराष्ट्र में अंतरिम वित्त प्रदान करेगी, बैंकों ने कुल 71 लाख रुपए वितरित किए ताकि भूमि विकास निगम, परियोजना कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर सकें। इस अंतरिम वित्त का समायोजन पात्रताप्राप्त ऋणकर्ताओं को ऋण देकर और ऋण मांगने वाले अपात्र कृषकों को विशेष ऋण देकर किया जाएगा। मध्य प्रदेश में यह कार्यक्रम 12000 हेक्टेयर से घटाकर केवल 5000 हेक्टेयर करने का प्रस्ताव है; क्योंकि कृषकों की प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं रही।

5.10 सघन क्षेत्र परियोजनाओं में, उन कृषकों के खेतों के विकास के लिए वित्त प्रदान करने के लिए जो विभिन्न कारणों से ऋण लेने के पात्र नहीं हैं, निगम एक विशेष ऋण खाता रख रहा है जिसके लिए भारत सरकार, संबंधित राज्य सरकारें तथा कृपुविनि द्वारा योगदान किया जा रहा है। जून, 1979 के अंत तक इस निधि कोष में 9 राज्यों के संदर्भ में 6.6 करोड़ रुपयों की राशि जमा हो चुकी थी। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात भी शामिल हैं। इनमें से राजस्थान नहर सघन क्षेत्र परियोजना के अंतर्गत 1.2 करोड़ रुपयों की राशि पहले ही दी जा चुकी है।

(घ) डेरी विकास परियोजना

5.11 राजस्थान, मध्य प्रदेश, और कर्नाटक में, अंविसंघ द्वारा स्वीकृत तीन डेरी विकास परियोजनाओं में से मध्य प्रदेश और राजस्थान के परियोजना प्राधिकारियों ने, आसान शर्तों के कारण भारतीय डेरी निगम से धन लेना पसंद किया है। केवल कर्नाटक डेरी विकास परियोजना में वर्ण-संकर गायों के कार्यक्रम का वित्त पोषण कृपुविनि की पुनर्वित्त सहायता से बैंकों द्वारा किया जाएगा। कृपुविनि द्वारा इस कार्यक्रम के लिए एक बैंकिंग योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसका कार्यान्वयन 1979-80 में प्रारम्भ हो जाएगा।

(ङ) बाजार केन्द्र परियोजनाएं

5.12 बिहार और कर्नाटक में दो बाजार केन्द्र परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। बिहार बाजार केन्द्र परियोजना की प्रगति संतोषजनक है और आगे बढ़ाई गई तिथि अर्थात 31 दिसम्बर, 1979 तक इसके पूरे हो जाने की आशा है। कर्नाटक थोक कृषि बाजार परियोजना के कार्यान्वयन में होने वाली देरी के कारणों का भी पता लगाया जा चुका है और अब इस योजना का कार्यान्वयन काफी सरलता से होने की संभावना है। इस बात की भी संभावना है कि योजनाएं पूरी करने के लिए, परियोजना समाप्ति की तिथि 31 दिसम्बर, 1979 से एक वर्ष और आगे बढ़ानी पड़े।

(च) बीज परियोजनाएं

5.13 तराई बीज परियोजना समाप्त की जा चुकी है। राष्ट्रीय बीज परियोजना के प्रथम चरण के अधीन आंध्र प्रदेश हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और महाराष्ट्र आते हैं। उक्त परियोजना के अंतर्गत केवल पंजाब में एक योजना स्वीकार की गई है और कृपुविनि ने उसके लिए 28 लाख रुपए की पुनर्वित्त सहायता भी जारी कर दी है। महाराष्ट्र बीज निगम और भारतीय राज्य खेत निगम से प्राप्त प्रस्ताव कृपुविनि के विचाराधीन है।

5.14 राष्ट्रीय बीज परियोजना के दूसरे चरण के अंतर्गत, बिहार राज्य बीज निगम द्वारा लगाए जाने वाले बीज अभिसंस्करण संयंत्र की परियोजना रिपोर्ट, कृपुविनि द्वारा तकनीकी रूप से पास कर दी गई है।

(छ) समन्वित रूई विकास परियोजना

5.15 समन्वित रूई विकास परियोजना में मौसमी ऋण खाते के अंतर्गत 1978-79 के दौरान 2.5 करोड़ रुपए वितरित किए गए। इस वर्ग के अंतर्गत कृपुविनि द्वारा किए गए दावों का अब तक कुल योग 18 लाख डालर हुआ है। अल्पावधि ऋण की व्यवस्था अच्छी प्रगति कर रही है। महाराष्ट्र में कई कारणों से विशेषकर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की उच्च अतिदेयता की स्थिति के कारण कोई आहरण नहीं हुआ। हरियाणा में इस परियोजना के अंतर्गत रूई की औटाई करने वाले 2 आरा संयंत्र का प्रस्ताव विचाराधीन है। महाराष्ट्र में, राज्य स्वामित्व के उपक्रम द्वारा लगाय जाने वाले विलायक निस्सारण संयंत्र की साध्यता रिपोर्ट कृपुविनि ने तैयार कर ली है।

(ज) मत्स्योद्योग परियोजनाएं

5.16 गुजरात मत्स्योद्योग परियोजना में 45 यंत्रीकृत नावों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और नावों की खरीद की एक योजना 62 लाख के वित्त पोषण के लिए स्वीकार की गई है। परियोजना के अंतर्गत 1400 आउट-बोर्ड मोटरों की आपूर्ति के लिए भी आर्डर दिए जा चुके हैं। अक्तूबर 1978 मे चालू हुई आंध्र प्रदेश मत्स्य परियोजना के लिए कृपुविनि द्वारा एक बैंकिंग योजना बनाई गई। परियोजना के अंतर्गत कृपुविनि द्वारा वर्ष के दौरान 2 लाख रूपए का प्रथम वितरण किया गया।

(झ) बागबानी परियोजनाएं

5.17 जम्मू और कश्मीर बागबानी परियोजना जनवरी 1979 से लागू हुई और कृषिविनि द्वारा एक बैंकिंग योजना तैयार की गई । परियोजना का कार्यान्वयन चालू वर्ष से प्रारंभ हो जाएगा । हिमाचल प्रदेश सेब अभिसंस्करण और विपणन परियोजना के अंतर्गत, ढुलाई केबल पथों को छोड़कर, जितनी भी योजनाएं परिकल्पित थीं, सब स्वीकार कर ली गई हैं । अब तक इस योजना के अंतर्गत कृषिविनि ने 44 लाख रुपए वितरित किए हैं । परियोजना समाप्ति की तिथि दिसम्बर 1980 तक बढ़ा दी गई है

(ञ) सिंचाई परियोजनाएं

5.18 हरियाणा सिंचाई परियोजना दिसम्बर 1978 से अमल में आयी । परियोजना के अंतर्गत परिकल्पित जलमार्गों की मेंड़ें बनाने, आवर्धक नलकूपों के निर्माण और विकास की अन्य मदों से संबंधित योजनाओं को स्वीकृति दे दी गई है । अंविसंघ द्वारा मार्च 1979 में पंजाब सिंचाई परियोजना के अंतर्गत स्वीकार की गई जिसके लिए 460 लाख डालर का ऋण है । परियोजना के अंतर्गत जिस विकास कार्यक्रम का वित्तपोषण किया जाना है वह मूल्य मुख्य रूप से जलपथों के आधुनिकीकरण से संबंधित है । इस परियोजना के अंतर्गत एक बैंकिंग योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

(ट) निर्माणाधीन परियोजनाएं

5.19 मछलियों के अंडे बैठाने के 27 आधुनिक स्थान बनाने और 117000 हैक्टेयर में फैले मछलियों के तालाबों में सुधार करने से संबंधित एक अंतर्देशीय मत्स्योद्योग परियोजना के संबंध में जल्दी ही विश्व बैंक से बातचीत होने की संभावना है । इनके अंतर्गत बंगाल, बिहार, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश, के राज्य आएंगे । कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा भेजी गई बहुराज्यीय काजू विकास परियोजना और एक रेशम उत्पादन परियोजना का पूर्व-मूल्यांकन अंविसंघ के दलों ने पूरा कर लिया है । कर्नाटक रेशम उत्पादन परियोजना के लिए विश्व बैंक मूल्यांकन दल संभवतः सितम्बर 1979 में भारत आयेगा । विश्व बैंक का एक दल जल्दी ही राजस्थान नहर सघन क्षेत्र विकास परियोजना के दूसरे चरण का अध्ययन करेगा ।

II अन्य अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों की सहायता प्राप्त परियोजनाएं

(क) क्रेडिटनस्टल्ट फर बादरोफबाऊ (के० एफ० डब्ल्यू०) की सहायता प्राप्त परियोजना

5.20 मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में पश्चिम जर्मनी के क्रेडिटनस्टल्ट फर बादरोफबाऊ (के० एफ० डब्ल्यू०) की सहायता से कार्यान्वित की जा रही सघन क्षेत्र विकास परियोजना के अंतर्गत 61 योजनाओं के संदर्भ में खेत विकास के लिए तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है । मध्यप्रदेश भूमि विकास निगम को मशीनरी और उपकरण खरीदने के लिए भी कृषिविनि ने 18 लाख रुपयों का पुनर्वित्त वितरित किया है । खेत विकास कार्यों के लिए कृषिविनि ने 9 लाख रुपए का पुनर्वित्त वितरित किया । आयात की जाने वाली मशीनरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश भूमि विकास निगम ने पूरे विश्व से निविदाएं आमंत्रित की हैं ।

(ख) परियोजनाएं जिन्हें अन्य सहायता एजेंसियों की सहायता मिलेगी

5.21 पिछली वार्षिक रिपोर्ट में केनेडियन अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ द्वारा कृषिविनि को दिए गए ऋण का उल्लेख किया गया था । इस वर्ष के दौरान कैनेडियन अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ ने 150 लाख केनेडियन डालर का ऋण प्रदान किया है जिसका संपूर्ण आहरण, दूसरी कृषिविनि ऋण परियोजना के अंतर्गत अक्तूबर-दिसम्बर 1978 के दौरान किए गए वितरणों के संदर्भ में किया जा सका । इस ऋण के लिए वैसी ही शर्तें थीं जैसी द्वितीय कृषिविनि ऋण परियोजना के अंतर्गत अंविसंघ ने निर्धारित की थीं । तृतीय कृषिविनि ऋण परियोजना के मूल्यांकन के लिए आए अंविसंघ के दल के साथ केनेडियन अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ ने भी अपने अधिकारी शामिल किए थे । इसी तरह संयुक्त राज्य/भारत स्थानीय लागत अनुदान 1974 के अंतर्गत भी, कृषिविनि द्वारा, दूसरी कृषिविनि ऋण परियोजना के अधीन किए गए वितरणों के संदर्भ में आहरित किए जाने के लिए, 150 लाख डालर का ऋण उपलब्ध था । शीघ्र ही इस ऋण का पूरा उपयोग किया जाएगा

6. अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य

(क) निगरानी और मूल्यांकन

इस वर्ष के दौरान किए गए कार्यों में योजना के अंत में रिपोर्ट और परियोजना समाप्ति रिपोर्टें तैयार करने के अलावा निगरानी, समवर्ती मूल्यांकन और कार्योत्तर मूल्यांकन अध्ययन महत्वपूर्ण रहे । ये अध्ययन परस्पर संबंधित हैं और अध्ययन स्तर पर कार्यक्रम के कार्यान्वियन की पर्याप्त जानकारी प्राप्त करने के मूलभूत उद्देश्य को पूरा करते हैं ताकि योजना के बेहतर निर्माण, मूल्यांकन और कार्यान्वयन के लिए नए अनुभव मिल सकें । प्रत्येक योजना की आर्थिक एवं भौतिक प्रगति के सम्बन्ध में सदस्य बैंकों से प्राप्त की जाने वाली त्रैमासिक विवरणियों के अलावा निगम, कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की निगरानी और समवर्ती मूल्यांकन भी करता है ताकि प्रमुख आंकड़ों का संचयन और विश्लेषण कर प्रबन्ध तंत्र को परियोजना/योजना की प्रगति की सूचना समय समय पर दी जा सके तथा उचित कार्रवाई, यदि कोई हो तो, दर्शायी जा सके। परियोजना समाप्ति रिपोर्ट और योजना के अंत में रिपोर्ट परियोजना/योजना के समाप्त होने ही तत्काल तैयार की जाती है । परियोजना समाप्ति रिपोर्ट, जिसका सम्बन्ध अंविसंघ द्वारा स्वीकार की गई योजनाओं से पूरी की गई परियोजनाओं के बारीक पुनरीक्षण का प्रयास करती हैं । इसकी सीमा में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, परियोजना लागत, ऋण का उपयोग और पुनर्विवरण, वित्तीय स्रोत, कार्यान्वियन करने वाली एजेन्सियों का गठन और प्रबन्ध व्यवस्था, नीति परिवर्तन, योजना की परिधि में लाये गये

लघु कृषकों की संख्या और कृषकों को प्राप्त लाभ तथा क्षेत्र प्रभाव इत्यादि आते हैं। इससे योजना परिरूपण और विकास नीति के संबंध में निर्णय लेने में सहूलियत होती है। कार्यान्वयन के दौरान व्यक्ति द्वारा पूरी की गई योजना के अनुभवों का सार निकालने और उस अनुभव द्वारा उसी उद्देश्य की नई योजनाओं की बनावट में सुधार लाने की दृष्टि से योजना के अंत में रिपोर्ट तैयार की जाती है। मूल्यांकन अध्ययन योजनाओं के पूरे होने के पश्चात् ही किये जाते हैं ताकि संबंधित व्यक्तियों को निवेशों से संपूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इनसे सुदूर भविष्य में निवेशों से प्राप्त होने वाले अधिक लाभ की जांच एवं कार्यारंभ में की गयी प्रत्याशी तथा कार्योत्तर उपलब्धियों की तुलना करने का उद्देश्य पूरा होता है। ये रिपोर्टें निवेशों से अधिकतम लाभ प्राप्त करने की दिशा में व्यक्तियों द्वारा अनुभव की गई कठिनाइयों पर भी प्रकाश डालती हैं।

6.2 वर्ष के दौरान निगम ने विकास से संबंधित सभी उद्देश्यों को पूरा करने की दृष्टि से कई प्रकार के अध्ययन किये। (योजनाओं की संख्या अधिक होने के कारण केवल चुनीन्दा अध्ययन ही करने पड़े) तथा इसके परिणामों, से संबंधित बैंकों को अवगत कराया गया। विश्व बैंक के कहने पर निगम ने पोचम्पड परियोजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के चुने गए क्षेत्रों में प्रयोग में लायी गई घूर्णन जल आपूर्ति प्रणाली (वाराबन्दी) के कार्यों का निगरानी एवं मूल्यांकन अध्ययन किया। निगरानी अध्ययनों का परिणाम सम्बन्धित प्राधिकरणों को सूचित किया गया है। लाभ के मूल्यांकन पर रिपोर्ट तैयार की जा रही थी।

क्षेत्रीय कार्यालयों में निगरानी एवं मूल्यांकन कार्य को मजबूत बनाने की दृष्टि से अधिकतर कार्यालयों में कृषि अर्थशास्त्रियों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर नियुक्त किया गया। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी निगम ने वित्तपोषक बैंकों के अधिकारियों को लाभान्वित करने की दृष्टि से निगरानी एवं मूल्यांकन पर चार अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये।

6.3 स्वीकृत कई योजनाओं और सीमित स्टाफ उपलब्धता को मद्दे नजर रखते हुए निगम अपनी निगरानी प्रणाली में और भी परिष्कार लाना चाहता है। भविष्य में ऐसी निगरानियों का आधार प्रत्येक जिला होगा। स्वीकृत योजनाओं के सम्बन्ध में सदस्य बैंकों द्वार प्रस्तुत किये जाने वाले प्रगति प्रतिवेदनों के आधार पर और भी विस्तृत अध्ययन के लिए सहभागी बैंकों की शाखाओं और लाभान्वित योजना से सम्बन्धित समस्याओं को पहचान कर उनका गहरा अध्ययन किया जाएगा।

6.4 वर्ष के दौरान, योजनाओं के अंत में अलग-अलग प्रयोजनों की 9 समापन रिपोर्टें पूरी की गईं और ऐसी अन्य 14 योजनाओं की रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया गया।

परियोजना समाप्ति रिपोर्टें

6.5 इस वर्ष के दौरान कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश कृषि साख परियोजनाओं से सम्बन्धित 3 योजना समाप्ति रिपोर्टें पूरी की गईं और उन्हें अंतिम रूप दिया गया। इन सभी परियोजनाओं में निवेशों का बड़ा हिस्सा लघु सिंचाई को दिया गया; हालांकि कर्नाटक में कृषि मशीनीकरण सहायता को समान महत्व दिया गया।

6.6 उत्तर प्रदेश में चलाए गए खेत लाभ सर्वेक्षण से यह पता लगा है कि लघु सिंचाई के लिए किए गए कुल करीब 6500 लाख रुपए के निवेश से फसल क्षेत्रों में करीब 50,000 हेक्टेयर की वृद्धि हुई। पूर्ण विकास के चरण पर बढ़ता हुआ उत्पादन 5,500 लाख रुपए के अनुमानित स्तर तक पहुंचने की संभावना थी। ऋणों का करीब 60 प्रतिशत लघु कृषकों में वितरित किया गया। इन निवेशों के परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष करीब 250 लाख श्रम दिनों के अतिरिक्त रोजगार पैदा करने की परिकल्पना की गई थी। इन निवेशों से प्राप्त वित्तीय दर 23 और 33 प्रतिशत के बीच थी।

6.7 मध्य प्रदेश में कुल 2,50,000 खेतिहर किसानों एवं उनके आश्रितों को परियोजना निवेशों से फायदा हुआ। कुल वितरित किए गए ऋणों में लघु कृषकों का अंश संतोषजनक था और वह 55 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इन निवेशों के अनुमानित 82 लाख श्रमदिनों के रोजगार अवसरों के परिणाम स्वरूप, कृषि समुदाय के कमजोर वर्ग को लाभ पहुंचा। निवेशों के प्रकार पर आधारित वित्तीय दर 27% और 37% के बीच थी।

6.8 कर्नाटक में परियोजना समाप्ति रिपोर्ट के लिए चलाये गए क्षेत्र अध्ययन से यह साबित हुआ है कि परियोजना के अधीन वित्तपोषित लघु सिंचाई और भूमि विकास निवेश आर्थिक एवं लाभकर दृष्टि से व्यवहार्य है। लघु सिंचाई के अंतर्गत दिये गए उधार के करीब 27 प्रतिशत तथा भूमि विकास के अंतर्गत दिये गये उधार के 25 प्रतिशत लघु कृषकों के हित में थे। विवरणियों की वित्तीय दरें, पम्पसेट सहित खोदे हुए कुओं के लिए 21 प्रतिशत और भूमि विकास के लिए 50 प्रतिशत से ऊपर थी जबकि मूल्यांकन द्वारा अनुमानित दरें 19 प्रतिशत और 59 प्रतिशत थीं। निवेशों के कारण कूप निर्माण और भूमि विकास में किराए के मजदूर की मांग बढ़ गई और तकरीबन 330 लाख श्रमदिनों की जरूरत पड़ी तथा खेत विकास कार्यों के लिये आवर्ती आधार पर प्रतिवर्ष 110 लाख श्रमदिनों की आवश्यकता पड़ी। वर्ष 1976-77 की कीमतों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया था कि वृद्धिगत उत्पादन खर्चा 1700 लाख रुपये तक पहुंचेगा जो 3600 लाख रुपये मूल्यांकन अनुमान की तुलना में कम था।

6.9 अब तक 8 कृषि ऋण परियोजनाओं तथा प्रथम कृषि विनि साख परियोजना की समाप्ति रिपोर्टें तयार की गई हैं, या उन्हें अंतिम रूप दिया गया है। इन रिपोर्टों से यह ज्ञात हुआ है कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सिंचाई कार्य में व्यापकता लाने का मूल उद्देश्य पूरा हो गया है तथा किसानों को प्राप्त वित्तीय दर संतोषजनक थी।

कुछ राज्य भूमि विकास बैंकों ने सफलतापूर्वक कार्य निभाया। किन्तु अन्य राज्य भूमि विकास बैंकों की कार्य कुशलता अपनी भारी अतिदेय राशियों के कारण संतोषजनक नहीं रही। इन परियोजनाओं में वाणिज्य बैंकों द्वारा निभाई गई भूमिका के कारण ऋण की दिशा में अनेक एजेंसियों द्वारा किए गए प्रयास लाभकार सिद्ध हुए और इनमें उन्होंने काफी रुचि भी ली और इससे परियोजना के कार्यान्वयन में तीव्रता आई। निगम के निरीक्षण और देखभाल का स्तर काफ़ी अच्छा पाया गया। जमानती आधार पर दिए जाने वाले ऋणों के स्थान पर अब वृद्धिगत आय के आधार पर मूल्यांकन का महत्व बढ़ गया है। ऋण वितरण के प्रकारों में सुधार किया गया है और बड़ी संख्या में लघु कृषकों को ऋण वितरण की परिधि में लाने का उद्देश्य भी पूरा हो गया।

मूल्यांकन

6.10 कर्नाटक में समुद्री मत्स्योद्योग विकास योजना की चर्चा गत वर्ष की रिपोर्ट में की गई थी। मूल्यांकन कक्ष ने उससे सम्बन्धित रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया है। आंध्र प्रदेश के मुर्गीपालन विकास और कर्नाटक की काफी बागान से सम्बन्धित योजनाओं के दो और अध्ययनों को अंतिम रूप दिया गया है। आंध्र प्रदेश में 1974-75 के दौरान कार्यान्वित मुर्गीपालन योजना से यह बात सामने आई है कि अंडों के उत्पादन का स्तर निर्माण के कारण परिशीलन के समय लगाए गए अनुमान के अनुरूप ही रहा जबकि पक्के शेडों के निर्माण के कारण फार्म की स्थापना की असली लागत, परिष्कृत ढांचे और मूलनिवेश की वृद्धिगत लागत की तुलना में, अनुमानित लागत की औसतन तिगुनी रही। जहां अंडे और चुने हुए पक्षियों से अधिक से अधिक आय हुई, शुद्ध अधिशेष, मुर्गियों के चारे के बढ़े हुए मूल्य के कारण कम दिखाई पड़ा। योजना के अधीन ऋणकर्ता के लिए प्राप्त आंतरिक लाभ दर 29 प्रतिशत तक पहुंच गई।

6.11 1973-74 और 1974-75 के दौरान कर्नाटक में कार्यान्वित समुद्री मत्स्यापालन की योजना का लक्ष्य, दक्षिण कन्नड़ के समुद्र तटवर्ती जिलों के पात्रता प्राप्त कर्जदारों को यंत्रचालित मछुवा नावें उपलब्ध कराकर मछुओं की उत्पादन क्षमता को बढ़ाना था। कुल मिलाकर 49 नावों को वित्तीय सहायता दी गई है। वे ठीक प्रकार से काम कर रही हैं। वर्ष 1975-76 के दौरान शुद्ध आय का औसत स्तर 30' नाव के लिए करीब 26,300 रुपए और 32' नाव के लिए 35,400 रुपये था, मछुवाई के लिए यह मामूली वर्ष ही रहा। मछुवाई में आई प्रासंगिक कमी के कारण बाद के वर्ष के दौरान वास्तविक आय अपेक्षाकृत कम हुई। इस योजना के परिणामस्वरूप निर्मित वार्षिक रोजगार लगभग 84,000 श्रम दिवस थे और यंत्रचालित और यंत्ररहित दोनों प्रकार की नावों से संबंधित वित्तीय दर के आंकड़े 42 प्रतिशत थे। इससे यह निश्चय हुआ कि निवेश लाभदायक था।

स्टाफ में वृद्धि

6.12 बढ़ता हुआ कारोबार, उस कारण से बढ़ती हुई जटिलता और नए कारोबार के लिए सदा व्यापक होती हुई गुंजाइश के कारण निगम को अपने स्टाफ बढ़ाने की पद्धति और आंतरिक संगठन के सम्बन्ध में एक नया दृष्टिकोण अपनाना पड़ा जबकि पिछले वर्षों में अधिकार और दायित्व निगम के प्रधान कार्यालय में ही मूलरूप से केन्द्रित थे। क्षेत्रीय कार्यालयों के वर्धमान अनुभवों को देखते हुए शीघ्र ही यह निर्णय किया गया कि अधिकार और दायित्व का विकेन्द्रीकरण किया जाये। निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों को मजबूत बनाने पर अधिक बल दिया गया और उन्हें बढ़ते हुए कार्यभार निभाने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से तकनीकी एवं व्यावसायिक स्टाफ उपलब्ध कराया गया ताकि वे अपने को सौंपे गए विकास कार्यों को सफलतापूर्वक निभा सकें।

6.13 अगर कृषि सम्बन्धी निवेशों को एक व्यवस्थित ढंग से बढ़ावा देना हो और जनता पर प्रभाव डालना हो तो आयोजना इकाइयों में संगत तकनीकी आधारों के प्रखंडों का होना जरूरी हो जाता है। कृपुविनि कार्यक्रम, इस प्रकार, बृहत ग्रामीण विकास कार्यक्रम का अंग बन जाता है और निगम को इस दिशा में एक समुचित भूमिका निभानी होगी।

6.14 विभिन्न प्रबंध संस्थाओं, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे तथा अन्य संस्थाओं द्वारा चलाए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निगम ने तेरह अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया था। कृपुविनि के प्रधान कार्यालय में दो अंतर्सेवाकालीन कार्याभिमुख कार्यक्रमों की व्यवस्था की गयी थी जिनमें 51 सहायक विकास अधिकारियों ने भाग लिया।

क्षेत्रीक कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों का सम्मेलन

6.15 निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों का पांचवां सम्मेलन 29 मई से 1 जून 1979 तक चलाया गया; प्रमुख रूप से, कार्यों का पुनरीक्षण बजट कार्यविधि और तृतीय कृपुविनि साख परियोजना के संबंध में विश्व बैंक से अप्रैल 1979 को हुई बातचीत की प्रमुख विशेषताओं से क्षेत्रीय अधिकारियों को परिचित कराने के प्रयोजन से यह सम्मेलन बुलाया गया। इस सम्मेलन में क्षेत्रीय कार्यालयों को योजनाएं मंजूर करने के सम्बन्ध में प्रत्यायोजित अधिकारों के उपयोग के सम्बन्ध में उनकी कार्यविधि का पुनरीक्षण तथा समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम का परिशीलन भी किया। सम्मेलन की एक विशिष्ट बात यह रही कि निगम के प्रमुख ग्राहक राज्य भूमि विकास बैंक और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के साथ चर्चा के लिए दो बैठकों की व्यवस्था की गई ताकि निगम की नीतियों एवं क्रियाविधि से परिचय कराया जा सके और कार्यान्वयन से सम्बन्धित उनकी समस्याओं को समझा जा सके।

प्रकाशन

6.16 निगम ने वर्ष के दौरान कृषि विकास की योजनाओं के स्वरूप पर कुछ छोटी पुस्तिकायें प्रकाशित की हैं

जिनमें डेरी, मुर्गी पालन, मत्स्यपालन, चाय और काफी जैसे बागान योजनाओं को स्थान दिया गया है। ये प्रकाशन ज्यादातर ग्राम जनता की शिक्षा और भावी लाभभोगियों के लिए हैं ताकि प्राप्त सुविधाओं के प्रकार से उन्हें अवगत कराया जा सके और कोई विकास कार्य शुरू करने से पहले विचार योग्य पहलुओं को समझाया जा सके। वर्ष के दौरान निगम के प्रकाशन "कृषि परियोजनाओं के तकनीकी पक्ष" को संशोधित कर अद्यतन बनाया गया है। निगम ने जनवरी 1976 से जनवरी 1979 की अवधि में जारी किए गए महत्वपूर्ण परिपत्रों की एक पुस्तक भी प्रकाशित की है। विस्तृत जांच सूचियां भी तैयार की गई हैं और उन्हें राज्य सरकार और पात्रता प्राप्त संस्थाओं को भेजा गया है। लघु-सिंचाई, भूमि विकास एवं अनेक अन्य विविध प्रयोजनों से संबंधित ये सूचियां बेहतर योजनाएं बनाने में मदद पहुंचाने और यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार की गई हैं कि निगम के समक्ष प्रस्तुत की जानेवाली सभी योजनाओं में सम्बन्धित बैंकों द्वारा सभी आवश्यक सूचनाएं दी जाती हैं ताकि अनावश्यक पत्राचार से बचा जा सके और स्वीकृति शीघ्रातिशीघ्र दी जा सके।

अनुसंधान एवं विकास निधि

6.17 निगम ने वर्ष 1977-78 के दौरान अपने शुद्ध लाभ की रकम से एक करोड़ रुपये की अनुसंधान एवं विकास निधि बनाई है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र की अनुसंधान व कार्रवाई परियोजनाओं की सहायता करना, परियोजना निर्माण में सदस्य बैंकों की योग्यताओं को सक्षम बनाने के लिए उन्हें चयनात्मक आधार पर सहायता पहुंचाना, निगरानी एवं मूल्यांकन तथा निगम की रुचि के क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए, अनुमति देना आदि कार्य के लिए इस निधि का उपयोग किया जाएगा। निधि के उपयोग को नियंत्रित करने वाले नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और सहायता देने योग्य परियोजनाओं को निश्चित किया जा रहा है।

समितियां, कार्यकारी दल, अध्ययन इत्यादि

6.18 भूमि विकास बैंकों के विशेष संदर्भ में कृषि ऋण क्षेत्र में प्रचलित ब्याज दरों की जांच करने, पम्पसेटों के प्रतिस्थापन की अनुमानित अपेक्षाओं से तथा पिछली रिपोर्ट के उलेखानुसार कतिपय क्षेत्रों में उपलब्ध भूमिगत जल का अत्यधिक उपयोग किये जाने की संभावनाओं का नमूने के तौर पर अध्ययन करने के लिए कृपुविनि द्वारा स्थापित समितियों ने अपना अध्ययन लगभग पूरा कर लिया है तथा रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

6.19 वर्ष के दौरान निगम ने सलाहकारों तथा अपने तकनीकी स्टाफ के माध्यम से आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के चुने गए जिलों में, किसानों के कुओं पर लगाये जाने वाले सिंचाई पम्पसेटों के चयन के सम्बन्ध में अपनाए गए तकनीकी मानदंडों के प्रश्न पर अध्ययन चलाये हैं। इन अध्ययनों से यह पता चला है कि आइल इंजन और बिजली चालित मोटर दोनों प्रसंगों में, पम्पसेटों की दक्षता 50 प्रतिशत तक कम थी जबकि अधिकतम दक्षता 70 से 75 प्रतिशत तक थी। अन्य कारणों के अलावा, प्रमुख मोटरों और परिरूपित जल निस्सरण के बीच की असम्बद्धता, पम्प लगाने में तकनीकी अपेक्षाओं का पालन न करना, लापरवाह रखवाली, नलों और फुटवाल्वों में घर्षणात्मक क्षति, बिजलीचालित मोटरों पर अतिभार लद जाना इत्यादि बातें कम दक्षता की उत्तरदायी ठहरायी जा सकती हैं। कम दक्षता की इस समस्या के कारण एक बहु-विध नियंत्रण की आवश्यकता आ पड़ती है। जैसा कि "भावी संभावनाएं" परिच्छेद में चर्चा की गई है, पम्पसेटों के गुण नियंत्रण के लिए निगम कुछ उचित उपाय करना चाहता है।

6.20 श्री बी० शिवरामन की अध्यक्षता में कृषि ऋण के लिए विद्यमान संस्थागत व्यवस्थाओं का पुनरीक्षण करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एक समिति का निर्माण किया गया है (निगम के अध्यक्ष इसके एक सदस्य हैं)। यह समिति विचारणीय विषयों में एक कृषि एवं संबद्ध प्रयोजनों के लिए दिये जाने वाले मीयादी ऋण की बढ़ती हुई मांगों के परिप्रेक्ष्य में निगम के परिचालन और उसके स्वरूप से सम्बन्ध रखती है।

6.21 छठी योजना के दौरान वाणिज्य बैंकों की क्षमता बढ़ाने तथा कृषिगत निवेश के कुशल कार्यकर्त्ताओं के रूप में उनका विकास करने की दृष्टि से एक स्थायी समिति का गठन किया गया है। निगम के अध्यक्ष श्री एम० रामकृष्णय्या इस समिति के अध्यक्ष हैं। यह समिति वर्तमान व्यवस्थाओं का पुनरीक्षण करेगी और उनमें सुधार लाने के लिए उपयुक्त सुझाव देगी। "वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि-ऋण दिए जाने के" सम्बन्ध में निर्मित इस समति में कृपुविनि के अतिरिक्त भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और वाणिज्य बैंकों के प्रतिनिधि हैं। इस समिति से यह अपेक्षा है कि यह कृषि के लिए किए जाने वाले ऋण निवेश-सम्बन्धी प्रावधानों को वर्तमान प्रणालियों और कार्यविधियों का पुनरीक्षण करेगी और उनकी वसूली स्थिति में सुधार लाने के लिए जहां आवश्यक हो, उपयुक्त मार्ग निर्देश तैयार करेगी तथा कार्रवाई कार्यक्रम बनाएगी।

6.22 वर्ष के दौरान निगम के अध्यक्ष और/अथवा प्रबन्ध निदेशक ने उत्तरी, उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों के राष्ट्रीयकृत बैंकों की क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठकों में भाग लिया ताकि राज्य सरकारों से निकट संपर्क बनाया जा सके, कृपुविनि योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति एवं प्रगति से उन्हें परिचित कराया जा सके और उच्चतम स्तर पर समस्याओं को छांटा जा सके।

कार्यशालाएं

6.23 फरवरी 1979 में मेघालय में उत्तर-पूर्वी राज्यों के राज्य सहकारी अधिकारियों और बैंकों के लाभार्थ योजना सूत्रीकरण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। वर्ष के

दौरान निगम ने मध्य प्रदेश के तावा और अन्य सघन क्षेत्रों के अधीन काम करने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों और सदस्य बैंकों के लाभ के लिए (1) ग्वालियर में एक पाठ्यक्रम चलाने के निमित्त मध्य प्रदेश राज्य भूमि विकास निगम को तथा (2) हैदराबाद में "उठाऊ सिंचाई योजना में मानकीकरण और पम्प स्थापना के डिजाइन" पर परिसंवाद सहित कार्यशाला चलाने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सिंचाई निगम को वित्तीय सहायता प्रदान की। इस कार्यशाला में विभिन्न संस्थानों के 152 पदाधिकारियों ने भाग लिया था।

प्रशिक्षण

(i) वरिष्ठ और मझौले स्तर के स्टाफ

6.24 सदस्य बैंकों के कार्यकर्ताओं के लिए की जाने वाली प्रशिक्षण व्यवस्था का आलोच्य वर्ष के दौरान और भी विस्तार किया गया। कृषि बैंकिंग महाविद्यालय पुणे में चार सप्ताह में चलाए गए 15 कृषि परियोजना पाठ्यक्रमों में 374 वरिष्ठ/मझौले स्तर के अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें राज्य भूमि विकास बैंक के 155 अधिकारी तथा घाना, तंजानिया और नेपाल जैसे कुछ विदेशों के अधिकारी भी शामिल थे। इसके अलावा वर्ष के दौरान तीन क्षेत्रीय कृषि परियोजना पाठ्यक्रम क्रमशः उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्र के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए शिमला, बैंगलूर और बम्बई में आयोजित किये गए। उपर्युक्त तीन पाठ्यक्रमों में 71 अधिकारियों ने (15 भूमि विकास बैंकों से) भाग लिया।

6.25 अब तक 2030 वरिष्ठ और मझौले स्तर के पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इनमें से 878 राज्य भूमि विकास बैंकों के 701 वाणिज्य बैंकों के और बाकी 451 भारतीय रिजर्व बैंक, कृपुविनि, राज्य सरकारों इत्यादि के अधिकारी थे।

(ii) भूमि विकास बैंकों के कनिष्ठ स्तर के कर्मचारी

6.26 निगम के व्यापक मार्गदर्शन के अंतर्गत भूमि विकास बैंकों के कनिष्ठ स्तर के कर्मचारियों के लिए भूमि विकास बैंकों द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम को तीसरे वर्ष भी जारी रखा गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष के दौरान 194 पाठ्यक्रम 14 राज्य भूमि विकास बकों द्वारा चलाये गये जिनमें अलग-अलग बैंकों के 4551 अधिकारियों ने भाग लिया। तकनीकी अधिकारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निगम ने जल-भूगर्भशास्त्र पर दो तकनीकी पाठ्यक्रमों की व्यवस्था की। इन पाठ्यक्रमों में से एक लखनऊ में तथा दूसरा रुड़की में चलाया गया जहां 56 तकनीकी अधिकारी प्रशिक्षित किये गये जिनमें भूमि विकास बैंकों के पांच अधिकारी भी सम्मिलित थे।

6.27 भूमि विकास बैंकों के प्रशिक्षण स्टाफ के लिए उपर्युक्त पाठ्यक्रम चलाने वाले प्रशिक्षकों के लिए, दो कार्यशालाएं, वर्ष के दौरान निगम द्वारा चलायी गयीं। उनमें से एक पुणे में तथा दूसरी चण्डीगढ़ में क्रमशः दिसम्बर 1978 और जून 1979 में आयोजित की गई।

6.28 उपर्युक्त कार्यशालाओं से तैंतालिस प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए। 26 प्रशिक्षण केंद्रों को चलाने वाले 14 बैंकों में से बारह बैंकों में अनुवाद कार्य और प्रशिक्षणार्थियों के लिए संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पुस्तिकाएं छापने में अच्छी प्रगति की है। वर्ष के दौरान कृपुविनि के अधिकारियों ने समस्त 26 प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया।

(iii) प्रशिक्षण संबंधी अन्य व्यवस्थाएं

6.29 पहले की ही तरह बंगला देश, रोम, एफएओ और अफ्रीकी देश के 20 अधिकारियों को जिन्होंने वर्ष के दौरान कृपुविनि का संदर्शन किया, अध्ययन सुविधाएं प्रदान की गई। विभिन्न राज्य सरकारों एवं अन्य संस्थानों के सहकारिता एवं कृषि विभागों के 125 पदाधिकारियों को इसी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की गई।

7 भावी संभावनाएं

छठी पंचवर्षीय योजना के प्रारूप-दस्तावेज में कृषि ऋण के वर्तमान स्तर को लगभग तीन सालों में दुगुना करने की परिकल्पना की गई है। बहुविध एजेंसी के दृष्टिकोण से ऋण का क्रमिक संस्थानीकरण करना और कमजोर वर्ग के लिए ऋण का अधिकाधिक अंश अलग रखना, ऋण-संबंधी नीति का प्रमुख उद्देश्य होगा। उपर्युक्त उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए निगम ने 2700 करोड़ रुपये का भावी ऋण वितरण कार्यक्रम तैयार किया है। वह मोटे तौर पर उन वित्तीय साधनों की ओर इशारा करता है जिन्हें पंचवर्षीय योजना में अपेक्षित निवेश कार्यक्रम को सहायता देने हेतु आंतरिक और बाहरी साधनों से कृपुविनि जुट सकता है। फिर भी यह कार्यक्रम तभी सही रूप में पूरा होगा जब संस्थागत ऋण की उपलब्धि में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों को दूर किया जाएगा। मूलतः ऋण की मांग बड़ी मात्रा में तभी बढ़ेगी जब ऋण के संस्थानीकरण को बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों की ओर से विधिक और प्रशासनिक कार्रवाई द्वारा आवश्यक वातावरण का निर्माण किया जाएगा तथा निवेश करनेवाले कृषकों को अधिक संख्या में मशीनरी देना और पर्याप्त तकनीक उपलब्ध कराना संभव होगा, विकास की गति में तेजी लाने और उसे कायम रखने के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जहां तक ऋण संस्थाओं का संबंध है, निगम द्वारा पुनर्वित्त सुविधा का अधिक सहारा देने का निर्णय, पर्याप्त स्टाफ, क्षेत्र स्तरीय संगठन व्यवस्था, वसूली कार्य, दक्षता पहचानने और विकास कार्य के लिए व्यवहार्य योजनाएं बनाने की क्षमता के आधार पर किया जाएगा। ऋण वितरण के गुण पर बल देने से विकास की गति कुछ हद तक मंद पड़ जाएगी। उपलब्ध ऋण में पाई जाने वाली इन अड़चनों को कालान्तर में ही दूर किया जा सकता है। अनेक बाधाएं होने के बावजूद निगम ने पिछले वर्ष के 234 करोड़ रुपये के मुकाबले में इस वर्ष 285 करोड़ रुपये वितरित किये। इस तरह से यह स्पष्ट

होता है कि अधिक मांग की संभावना विद्यमान है और विकास के मार्ग की अड़चनों को दूर करने के लिए सम्मिलित प्रयास करने पर इसे पूरा किया जा सकता है। अब अग्रणी बैंक भी जिला ऋण योजना तैयार करने में तत्पर हैं जिससे खंडों के स्तर की ऋण आवश्यकताओं का अन्दाजा लग जाएगा। इन योजनाओं के अंतर्गत कृषिविनि के वित्तीय साधनों की संभाव्य मांग तभी निश्चित की जा सकती है जब ये योजनाएं तैयार होंगी। इसलिए निगम द्वारा बनाये गये भावी ऋण वितरण कार्यक्रम को लचीला समझना चाहिए और योजना के आखिरी दस्तावेज के आलोक में उसे अंतिम रूप देना होगा। सही कार्य का निर्णय ऊपर बताई गई बाधाओं को ध्यान में रखकर करना होगा।

7.2 हमारी पंचवर्षीय योजना 170 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता उत्पन्न करने का प्रस्ताव करती है, जिनमें से 90 लाख हेक्टेयर की क्षमता लघु सिंचाई निवेशों द्वारा तथा शेष 80 लाख हेक्टेयर प्रमुख एवं मध्यवर्ती सिंचाई परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न की जानी है। इसलिए निगम के भावी ऋण वितरण कार्यक्रम का बड़ा हिस्सा लघु सिंचाई निवेशों को वित्तीय सहायता देने के लिए रहेगा। ऐसे निवेशों को बढ़ावा देते हुए भी ऋण वितरण की गुणवत्ता पर बल दिया जाएगा और भूजल संभाव्यता का बेहतर मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

7.3 भूजल विकास को नियंत्रित करने के लिए एक विधान का निर्माण करने में विद्यमान कठिनाइयों के परिप्रेक्ष्य में यही एक मात्र व्यावहारिक मार्ग नजर आता है कि प्रस्तावों के तकनीकी मूल्यांकन के लिए बेहतर आधार उपलब्ध कराने के लिए संभाव्यता की व्यापक छानबीन कर यह सुनिश्चित करना होगा कि संस्थागत ऋण अतिशय भूजल विकास के लिए बाधक नहीं है। कृषिविनि ने भारत सरकार की सलाह से भूजल स्रोतों के परिशीलन के लिए कुछ मार्गनिर्देश निश्चित किये हैं जिनके अंतर्गत भूजल विकास के स्तर के आधार पर देश को तीन विस्तृत भागों में विभाजित किया जाएगा। उनमें समाविष्ट क्षेत्र इस प्रकार है: (क) ऐसे क्षेत्र जहां 5 वर्षों में निकाला जाने वाला जल पुन: निकाले जाने वाले भूजल के 60 प्रतिशत से कम हो (ख) ऐसे क्षेत्र जहां निकाला जाने वाला जल, पुन: निकाले जाने वाले जल की भराई के 60 और 80 प्रतिशत के बीच हो (ग) ऐसे क्षेत्र जहां पांच वर्षों में निकाला जाने वाला जल पुन: निकाले जानेवाले जल के 80 प्रतिशत से अधिक हो। जिन क्षेत्रों में वास्तव में भूमिगत जल निकाला जाएगा वह पुन: निकाले जाने वाले जल के 60 प्रतिशत के ऊपर हो, ऐसे क्षेत्रों में ठोस नियंत्रण रखा जाएगा।

7.4 कृषिविनि द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि किसानों द्वारा खरीदे गए प्राइम मूवर्स कुछ प्रकरणों में तकनीकी विशेषता और गुण की दृष्टि से घटिया स्तर के रहे हैं। पम्प इकाइयां प्राय: गलत ढंग से जुड़ी हुई हैं। अपेक्षित कार्य की दृष्टि से पम्पों का चयन भी कमजोर रहा है और सहायक पुर्जों के डिजाइन ढंग से नहीं किये गए है जो कार्य की क्षमता को निर्बल बना देता है। इसलिए निगम का यह प्रस्ताव है कि बैंकों में रखी जाने वाली अनुमोदित सूची में पम्पसेटों को सम्मिलित करने के लिए निर्मित/निर्माण की जाने वाली समितियों के द्वारा राज्यवार मानदंड बनाया जाए। इस प्रयोजन के लिए इस संबंध में बनाये गए मार्ग निर्देशों की जांच करने हेतु चार राज्यों में प्रायोगिक परियोजनाएं चलाने की बात सोची गई है।

7.5. कृषकों के सिंचाई पम्पसेटों के विद्युतीकरण के लिए राज्य बिजली बोर्डों को वित्तीय सहायता देने वाली वर्तमान योजना कृषिविनि के कार्यों में बड़े ही महत्व की सहायक योजना मानी जाती है। इसी प्रकार चूंकि ऐसे कार्यक्रम न्यायसंगत रूप से ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के कार्यक्षेत्र में आते हैं, यह माना गया है, कि कृषिविनि उन्हें अनिश्चित काल तक सहायता नहीं दे सकता। वाणिज्य बैंक और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के साथ सहभागित्व के आधार पर निगम ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम की सहायता करता है। इस समय कार्यान्वित हो रही योजना का परिव्यय 360 करोड़ रुपये होगा। इस संदर्भ में बिजली के अलग-अलग कनेक्शनों को पुनर्वित्त सहायता देने से पहले, निगम यह सुनिश्चित कर लेना चाहता है कि ऐसी योजनाओं के लिये ठोस तकनीकी आधार उपलब्ध होता है ताकि इस सिलसिले में स्थानीय विद्युत प्रणाली अतिभार से पीड़ित न हो अथवा उस प्रणाली को अन्य किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। इस प्रयोजन के लिये ग्रामीण विद्युतीकरण निगम से निकटतम समन्वय स्थापित किया जायेगा।

लघु कृषकों का समावेशन

7.6 पिछले दो वर्षों में कुल वितरित राशि का 50 प्रतिशत लघुकृषकों को प्राप्त हुआ है। इस संतोषजनक उपलब्धि को देखते हुए कृषिविनि समावेशन की स्थिति में सुधार लाकर धीरे-धीरे अगले कुछ वर्षों में इस समावेशन को 60% करना चाहता है। चूंकि सभी क्षेत्रों में एक ही स्तर का समावेशन करना मुश्किल है, यह प्रस्ताव किया गया है कि राज्यवार निर्धारण किया जाय और उनका समायोजन इस प्रकार किया जाये कि वे जोतों की वर्तमान पद्धति को प्रतिबिंबित कर सकें। इस व्यवस्था से प्रगति की अच्छी निगरानी भी संभव हो सकेगी। कृषिविनि लघु कृषक विकास कार्य को बढ़ावा देने की कार्य कुशलता के एक अंग के रूप में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन में बड़ी फुर्ती के साथ तत्पर है।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अपने द्वारा प्रस्तुत लघु कृषक की परिभाषा की समीक्षा यह देखने के लिये करेगा कि उसमें कोई असंगति तो नहीं है, और विभिन्न राज्यों में विद्यमान कृषि श्रमिकों के सूचकांक में किये परिवर्तनों को मद्देनजर रखते हुए मानदंडों में परिवर्तन किया जाएगा ताकि 1972 के मूल्यों पर 2,000 रुपये की आय की उच्चतम सीमा निर्धारित हो। इस बीच मार्च, 1979 में कृषिविनि ने ब्याज दरों के ढांचे में संशोधन किया है और वह भी लघु कृषकों के पक्ष में ही है, क्योंकि सभी प्रयोजनों से उन्हें उन्हीं दरों पर ब्याज देना होगा। हाल ही में भारत सरकार ने यह घोषणा की है कि ऐसे कृषकों, जिनके पास 2

और 4 हेक्टेयर के बीच जोत की भूमि है, को लघु सिंचाई पर किये जाने वाले निवेशों पर लागत के 20% के बराबर का पूंजी उपदान प्राप्त होगा। इस निर्णय से और विशेष कार्यक्रमों के भीतर न आने वाले लघु कृषकों को (जो लघु कृषक विकास अभियान के मानदंडों के अनुसार निर्धारित है) 25 प्रतिशत पूंजी उपदान देने के भारत सरकार के पिछले निर्णय से उपदान योजनाओं की एक बड़ी असंगति दूर हो गयी है।

इसके अलावा ब्याज दरों में कटौती, और अभिज्ञात लघु कृषकों को उधार देने के लिये प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/शाखाओं की उपलब्ध असीमित पात्रता से बड़ी संख्या में लक्ष्य समूह में आने वाले लघु कृषकों को, लघु सिंचाई प्रायोजनों के लिए ऋण सुविधाएं प्राप्त करने में सुविधा होगी। उसका बड़ा हिस्सा कृपुविनि की ओर से उपलब्ध कराए जाने की संभावना है। कृपुविनि यह सुनिश्चित करने का प्रयास भी करेगा कि, भारत सरकार द्वारा घोषित पूंजीगत उपदान, बैंकिंग प्रणाली से दिये जाते हैं और सही ढंग से वितरित किये जाते हैं।

7.7 कृपुविनि द्वारा बनाये गये भावी बृहत् ऋण वितरण कार्यक्रम के लिये अगर ऋण वितरण के माध्यम को सुगमतापूर्वक कार्य करना हो तो आगामी वर्षों में संस्था के गठन के लिए सुनियोजित प्रयास करना आवश्यक होगा। यह प्रक्रिया कृपुविनि द्वारा ही शुरू की जानी है। उसी प्रकार कृपुविनि ने एक सक्रिय भूमिका निभाने की दृष्टि से क्षेत्रीय कार्यालयों को स्टाफ उपलब्ध कराने की बात पर बल देते हुए स्टाफ विकास योजना बनाई है। समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के कारण उत्पन्न होने वाली बढ़ती हुई जिम्मेदारियों और क्षेत्रीय कार्यालयों के निदेशकों को प्रायोजित मंजूरी अधिकार के संदर्भ में क्षेत्रीय कार्यालयों में अतिरिक्त स्टाफ नियुक्त करने का प्रस्ताव है। इसकी नीति और प्रक्रिया बार-बार पुनरीक्षित की जा रही है ताकि मंजूरी के कार्य में तेजी आ सके, विकास को बढ़ावा दिया जा सके, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि उधार देने के प्रकार में भी सुधार लाया जाता है।

7.8 अध्यक्ष ने बिहार, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के मुख्य मंत्रियों से इन राज्य भूमि विकास बैंकों को पुनःस्थापित करने के संबंध में जो चर्चा की थी उसका जिक्र इसके पहले किया गया है। इस कार्यक्रम को गम्भीरता के साथ पूरा करने के लिये कृपुविनि राज्य सरकारों से विचार विमर्श करेगा ताकि भूमि विकास बैंक फिर से ऋण का सुदृढ़ साधन बन सके। इस बात पर बल देने के लिये कि मूलतः वसूली की स्थिति के आधार पर भूमि विकास बैंकों की कार्यकुशलता आंकी जाएगी। प्राथमिक स्तर की अतिदेय राशियों की स्थिति के संदर्भ में भूमि विकास बैंकों के ऋण वितरण कार्यक्रम का विनियमन आगामी वर्षों में भी जारी रखा जायेगा। अगले दो वर्ष के दौरान तकनीक परिवर्तन के साथ अतिदेय राशि संबंधी वर्तमान अनुशासन को चलने दिया जाएगा।

7.9 जहां तक वाणिज्य बैंकों का संबंध है, स्थायी समिति (वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि ऋण देने के सम्बन्ध में निर्मित समिति) का विचार विमर्श वाणिज्य बैंकों के कृषि संबंधी मीयादी ऋण को सशक्त बनाने और उचित कार्यवाही करने के लिये आवश्यक ढांचा उपलब्ध करायेगा। कृपुविनि यह सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्य बैंकों से लगातार चर्चा करता रहेगा कि कृषि के लिए उनके मीयादी ऋणों का एक बड़ा हिस्सा कृपुविनि कार्यक्रम के अधिकार क्षेत्र में आ जाता है, ताकि ऐसे ऋणों के लिए तकनीकी अनुशासन और योजनाबद्ध दृष्टिकोण अपनाया जा सके। चूंकि उनके द्वारा दिए गए कृषि संबंधी सभी मीयादी ऋणों पर ब्याज दरें वे ही हैं जो कृपुविनि ने अपनी योजनाओं के अन्तर्गत निर्धारित की है, अतः कृपुविनि यह लक्ष्य साधने का विश्वास रखता है। इस संबंध में बड़ी अड़चन यह है कि वाणिज्य बैंकों के प्राथमिक स्तर का स्टाफ मार्गनिर्देशों के अनुसार योजनाएं बनाने में सक्षम नहीं है। कृपुविनि द्वारा चलाया जाने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम बेहतर योजना निर्माण पर बल देता है। तेजी से चलाये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम इस स्थिति को अगले दो वर्षों में काफ़ी हद तक सुधारने में सफल होंगे।

7.10 कृपुविनि अपने कार्यक्रमों में राज्य सहकारी बैंकों, और क्षेत्रीय बैंकों को योगदान को बढ़ाने में भी और अधिक ध्यान देगा।

7.11 संस्था के गठन से संबंधित प्रयत्नों के एक भाग के रूप में इस वक्त विभिन्न स्थानों पर चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अगले दो वर्षों में और अधिक व्यापक और गहन बनाने का प्रस्ताव है। पुणे के कृषि बैंकिंग महाविद्यालय में चलाये जा रहे नियमित पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त तकनीकी स्टाफ के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा बैंकों के मुख्य कार्यपालकों के लिए सेमीनार आयोजित करने का भी विचार है।

8. वित्त

1977-78 और 1978-79 के दो वर्षों तथा 1974-75 से 1978-79 तक के पिछले पांच वर्षों की अवधि के दौरान अपने ऋण कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिये उपलब्ध कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की निधियों के स्रोतों का विवरण निम्नलिखित सारणी 14 में प्रस्तुत किया गया है:

सारणी 14

निधियों के स्रोत

(करोड़ रुपये)

	1977-78	जोड़ का प्रतिशत	1978-79	जोड़ का प्रतिशत	जुलाई 1974 जून, 1979	जोड़ का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
1. चुकता शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधियां/ अधिशेष . . .	15.8	5.5	19.9	5.7	62.3	5.2
2. भारतीय रिजर्व बैंक की विशेष जमाराशियां	0.9	0.3	1.4	0.4	3.8	0.3

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
3. भारत सरकार से लिए गए उधार :						
(क) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ की निधियां	99.6	34.4	84.8	24.2	361.0	30.3
(ख) अन्य (सी०आई०डी०ए०) .	—	—	10.3	2.9	10.3	0.9
4. भारतीय रिजर्व बैंक की राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन निधि से लिए गए उधार) . . .	65.0	22.5	75.0	21.5	290.0	24.3
5. बांड	20.6	7.1	44.1	12.6	180.1	15.1
6. बैंकों द्वारा की गयी चुकौतियां .	82.9	28.7	111.8	31.9	276.6	23.2
7. विशेष ऋण लेखा में जमा राशि .	3.1	1.1	1.9	0.5	6.6	0.5
8. अनुसंधान एवं विकास निधि .	1.0	0.3	1.0	0.3	2.0	0.2
जोड़ .	288.9	100.0	350.2	100.0	1192.7	100.0

शेयर पूंजी :

8.2 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम की धारा 20 (2) के अधीन निगम की चुकता पूंजी और प्रारक्षित निधि की 20 गुनी राशि तक उसकी उधार लेने की क्षमता सीमित है। वर्ष के दौरान निगम ने अपने कारोबार की वृद्धि के अनुरूप रु० 10 करोड़ चुकता मूल्य के शेयरों की आठवीं शृंखला जारी की है। इन शेयरों पर गारंटीकृत लाभांश 6.25 प्रतिशत है जून, 1969 के अंत में निगम की कुल चुकता पूंजी 57.5 करोड़ रुपये थी। 30 जून, 1979 को निगम की शेयर पंजी में शेयरधारियों के विभिन्न वर्गों का अंशदान इस प्रकार है :—

सारणी 15

शेयर पूंजी स्रोतों में अंशदान

(करोड़ रुपये)

	शेयर		जोड़ का प्रतिशत
	संख्या	मूल्य	
(1) (2)	(3)	(4)	(5)
1. भारतीय रिजर्व बैंक	31,072	31.1	54.0
2. मध्यवर्ती भूमि विकास बैंक	9,268	9.2	16.1
3. राज्य सहकारी बैंक	4,594	4.6	8.0
4. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	11,081	11.1	19.3
5. भारतीय जीवन बीमा निगम	893	0.9	1.6
6. अन्य बीमा और निवेश कंपनियां	592	0.6	1.0
जोड़	57,500	57.5	100.0

भारत सरकार से लिये गये उधार

8.3 वर्ष 1978-79 के दौरान निगम ने भारत सरकार से प्रतिपूर्ति के रूप में कुल 95.1 करोड़ रुपये उधार लिए जो विशिष्ट परियोजनाओं के अन्तर्गत विदेश से लिए गए ऋण के बराबर थे। इसमें अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की परियोजना के अन्तर्गत प्राप्त कुल राशि 84.8 करोड़ रुपये है तथा शेष 10.3 करोड़ रुपये की राशि कैनेडियन अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से प्राप्त सहायता है।

8.4 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 की धारा 19 के अनुसार भारत सरकार ने जुलाई 1963 में निगम को 5 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया था। निगम की प्रार्थना पर भारत सरकार ने जुलाई 1978 में इस राशि को अनुदान के रूप में परिवर्तित कर दिया।

बाजार से लिये गये उधार

8.5 अपने ऋण कार्यक्रम की पूर्ति के लिये निगम द्वारा वित्तीय साधनों को जुटाने के विविध स्रोतों में से एक मुख्य स्रोत खुले बाजार में बांड जारी करना है। वर्ष 1978-79 के दौरान कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम कुल 44.1 करोड़ रुपये की राशि के बांडों की चौदहवीं शृंखला जारी की। इन बांडों को 6¼ प्रतिशत की ब्याज दर पर 10 वर्षों की पुगाई अवधि के लिए सममूल्य पर जारी किया गया था। जून, 1979 के अंत म कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा खुले बाजार से लिए गये उधार की कुल राशि 246.4 करोड़ रुपये थी। इस वर्ष के दौरान जारी बांड़ों की चौदहवीं शृंखला के लिए विभिन्न अभिदाताओं से प्राप्त राशि तथा पिछली शृंखलाओं के लिए प्राप्त अभिदान की कुल राशि सारणी 16 में दर्शायी गयी है।

भारतीय रिजर्व बैंक से लिये गये उधार

8.6 भारतीय रिजर्व बैंक ने इस वर्ष के दौरान राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से 75 करोड़ रुपयों की ऋण सीमा मंजूर की और निगम ने इस सीमा का पूरा उपयोग किया। पिछले ऋणों की किश्तें चुकाने के बाद, जून 1979 के अंत में भारतीय रिजर्व बैंक से इस शीर्ष के अन्तर्गत लिये गये उधारों की बकाया राशि 263.5 करोड़ रुपये थी।

8.7 भारतीय रिजर्व बैंक ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को 10 करोड़ रुपये की अल्पकालीन ऋण सीमा मंजूर की।

हालांकि इस वर्ष के दौरान इस सीमा से कोई राशि निकाली नहीं गयी ।

विशेष जमाराशि

8.8 कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम की धारा 29 के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक को निगम के शेयरों से प्राप्त लाभांश को पहले पंद्रह साल के लिए ब्याज मुक्त जमा राशि के रूप में रखना है । जून 1980 में जो जमा राशि चुकायी जानी है उसे निगम की प्रार्थना पर भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 जुलाई, 1980 से और दस साल तक जारी रखना मंजूर किया है। 30 जून, 1979 तक विशेष जमा राशि की कुल रकम 5.2 करोड़ रुपये थी किन्तु बैंक ने यह सूचित किया है कि 1980-81 से जो लाभांश मिलेगा वह हर वर्ष दिया जायेगा ।

8.9 चुकौतियां

वर्ष 1978-79 के दौरान सदस्य बैंकों द्वारा की गयी चुकौतियों की राशि 111.8 करोड़ रुपए है जबकि पिछले वर्ष के दौरान उक्त राशि 82.9 करोड़ रुपये थी। जून 1979 के अंत तक सदस्य बैंकों द्वारा 287.5 करोड़ रुपयों की राशि चुकायी गयी जिसका ब्यौरा सारणी 17 में दिया गया है । सदस्य बैंक नियमित रूप से चुकौतियां करते आ रहे हैं।

सारणी 16

बांडों में अभिदान

(करोड़ रुपये)

अभिदाता	I से XIII	XIV	कुल
1. भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंक	44.7	24.1	68.8
2. राष्ट्रीय कृत बैंक	76.0	14.5	90.5
3. अन्य वाणिज्य बैंक	13.0	1.4	14.4
4. भारतीय जीवन बीमा निगम	1.9	0.8	2.7
5. अन्य बीमा और निवेश कंपनियां	1.3	0.1	1.4
6. सहकारी बैंक	64.2	3.0	67.2
7. अन्य	1.2	0.2	1.4
जोड़	202.3	44.1	246.4

सारणी 17

पुनर्वित्त की चुकौती

(करोड़ रुपये)

एजेंसी	कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की योजनाएं	अंतरराष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त योजनाएं	कुल
1. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	73.0	45.9	118.9
2. राज्य भूमि विकास बैंक	51.5	104.8	156.3
3. राज्य सहकारी बैंक	10.1	2.2	12.3
जोड़	134.6	152.9	287.5

9. संगठन और अन्य बातें

शेयरधारी

वर्ष 1978-79 के दौरान दि धनलक्ष्मी बैंक लि०, वि नैनीताल बैंक लि०, और 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के सदस्य बन गये हैं। जून, 1979 के अंत में निगम के कुल सदस्यों की संख्या 156 थी जबकि पिछले वर्ष की समाप्ति को यह संख्या 149 थी। (विवरण 12)।

निदेशक बोर्ड

9.2 इस वर्ष निदेशक बोर्ड की 5 बैठकें हुईं।

9.3 जब कृषि विभाग, कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव के रूप में डा० म० स० स्वामिनाथन की नियुक्ति हुई, तब भारत सरकार ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के अधिनियम, 1963 की धारा 10 (ग) की अपेक्षा के अनुसार श्री जी० वी० के० राव के स्थान पर उन्हें निगम के निदेशक के रूप में नामित किया। बोर्ड ने श्री जी० वी० के० राव की बहुमूल्य सेवाओं के लिये उनके प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट किया ।

9.4 28 जून, 1979 से भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यभार से अवकाश प्राप्त करने पर श्री के० माधवदास निगम के निदेशक पद से मुक्त हुए। बोर्ड ने श्री माधवदास की सेवाओं की हार्दिक सराहना की।

हिन्दी का प्रयोग

9.5 भारतीय रिजर्व बैंक की राजभाषा कार्यान्वयन समिति में कृपुविनि का प्रतिनिधित्व जारी रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेश के अनुसार निगम ने अपने प्रधान कार्यालय में तथा चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ और पटना के क्षेत्रीय कार्यालयों में हिन्दी कक्षों की स्थापना की। हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिन्दी और अंग्रेजी में एक साथ दिये जाते हैं। श्रेणी तीन और चार के कर्मचारियों से संबंधित परिपत्र भी हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में जारी किये जाते हैं। निगम के प्रधान कार्यालय में अपने स्टाफ को लाभान्वित करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक की अनिवार्य हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत हिन्दी कक्षाएं चलाने के लिये केन्द्र स्थापित किया गया है। निगम ने अपने त्रैमासिक प्रकाशन "एग्रीडीसी न्यूज" में कुछ लेखों के हिन्दी रूपांतर जोड़ने का भी निर्णय किया है।

विदेश यात्रा

9.6 वर्ष 1978-79 के दौरान, प्रबन्ध निदेशक, एक वरिष्ठ निदेशक और एक निदेशक ने भारतीय वार्तादल के सदस्यों के रूप में विश्व बैंक के साथ ऋण संबंधी बातचीत करने के लिये वाशिंगटन, अमेरिका की यात्रा की। इन यात्राओं से संबंधित व्यय की कुल राशि 1,02,600 रुपये थी।

लाभ

9.7 1978-79 के दौरान विनियोजन के लिये उपलब्ध

निगम का शुद्ध लाभ 1,398.85 लाख रहा। निदेशक, लाभ का विनियोजन निम्नांकित रूप से करने की अनुसंसाएं करते हैं :

	लाख रुपए
अनुसंधान और विकास निधि में अंतरण	100.00
प्रारक्षित निधि में अंतरण	989.63
शेयरों पर लाभांश	309.22
जोड़	1,398.85

निदेशकों की ओर से

एम० रामकृष्णय्या,
अध्यक्ष

26 सितम्बर, 1979

व्याख्यात्मक टिप्पणियां

1. राशियों को निकटतम लाख रुपयों/करोड़ रुपयों में पूर्णांकित कर दिया गया है।

2. विवरणों में निम्नलिखित चिह्नों/संक्षिप्त नामों का उपयोग किया गया है।

चिह्न : @ अद्यतन उपलब्ध आंकड़े
—शून्य या नगण्य

संक्षिप्त नाम :

प्रयोजन : लसि = लघु सिंचाई
ग्राविनि = ग्रामीण विद्युतिकरण निगम
भूमि/रक्षे वि = भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण/सघन क्षेत्र विकास
कृम/कृसेकें = कृषि मशीनीकरण/कृषि उपकरण/कृषि सेवा केन्द्र
बान/बानी = बागान/बागवानी
मुपा/भेपा/सुपा = मुर्गीपालन/भेड़ पालन/सुअर पालन
मपा = मत्स्य पालन
डेवि = डेरी विकास
भंभौरबा = भंडार और बाजार केन्द्र
वन = वन उद्योग
कृवि = कृषि विस्तार
सरूविप = समन्वित रूई विकास परियोजना
गोसं = गोबर गैस संयंत्र
अ.अ = अल्पावधि

एजेंसी : 1. राभूवि बैंक = राज्य भूमि विकास बैंक
2. वा. बैंक = अनुसूचित वाणिज्य बैंक
3. रास बैंक = राज्य सहकारी बैंक

विवरण 1

1978-79 के दौरान मंजूरियां-क्षेत्रवार और राज्यवार

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषिविनि के वायदे	राज्य सरकारों बैंकों के वायदे
(1) (2)	(3)	(4)	(5)	(6)
I. उत्तरी क्षेत्र :				
दिल्ली	1	9	8	1
हरियाणा	118	5988	4711	1277
हिमाचल प्रदेश	10	630	524	106
जम्मू और कश्मीर	3	15	11	4
पंजाब	154	4691	3687	1004
राजस्थान	141	4050	3459	591
	427	15383	12400	2983
II. उत्तर पूर्वी-क्षेत्र :				
असम	38	1317	1183	134
मणिपुर	2	21	20	1
	40	1338	1203	135
III. पूर्वी क्षेत्र :				
बिहार	131	3551	3145	406
उड़ीसा	55	741	667	74
पश्चिम बंगाल	97	2654	2382	272
	283	6946	6194	752

(1) (2)	(3)	(4)	(5)	(6)
iv मध्यवर्ती क्षेत्र :				
मध्य प्रदेश	399	7437	6063	1374
उत्तर प्रदेश	361	11683	9891	1792
	760	19120	15954	3166
v पश्चिमी क्षेत्र :				
गोवा	12	90	72	18
गुजरात	79	2092	1581	511
महाराष्ट्र	241	5236	4063	1173
	332	7418	5716	1702
vi दक्षिणी क्षेत्र :				
आंध्र प्रदेश	222	10839	9084	1755
कर्नाटक	150	2761	2209	552
केरल	174	3813	3026	787
पांडिचेरी	3	62	48	14
तमिलनाडु	114	1802	1440	362
	663	19277	15807	3470
जोड़ (I से VI)	**2505**	**69482**	**57274**	**12208**

सूचना : वर्ष के दौरान चंडीगढ़ मेघालय, नागालैण्ड और त्रिपुरा में कोई नई योजना मंजूर नहीं की गई।

वितरण 2

30 जून, 1979 तक मंजूर योजनाओं का वितरण प्रयोजनवार

(लाख रुपये)

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषिविनि के बायदे	सरकारी बैंकों के बायदे	वितरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
लघु सिंचाई	3713	171471	150055	21416	90264
भूमि विकास	499	17971	14352	3619	5612
कृषि मशीनीकरण	1284	32453	24756	7697	18673
बागान/बागवानी	798	18551	14897	3654	4159
मुर्गीपालन/भेड़ पालन/सुअर पालन	343	2294	1897	397	809
मत्स्य पालन	386	5741	4476	1265	2228
डेरी विकास	704	8540	6946	1594	1994
भंडार और बाजार केन्द्र	843	13782	11399	2383	9143
कृषि विमानन	3	53	40	13	17
वन उद्योग	26	1209	908	301	152
गोबर गैस संयंत्र	48	531	399	132	38
अन्य	8	153	135	18	12
समन्वित ग्रुई विकास परियोजना (अल्पावधि)	—	—	—	—	255
जोड़	**8655**	**272749**	**230260**	**42489**	**133356**

विवरण 3

1978-79 के दौरान मंजूर योजनाओं का आकारवार और प्रयोजनवार वर्गीकरण

(लाख रुपए)

योजना का आकार	लघु सिंचाई		भूमि विकास		कृषि मशीनीकरण		बागान/बागवानी	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
5 लाख रुपये तक . . .	298	779	63	124	86	250	31	99
5 से 10 लाख रुपये तक . .	198	1707	16	198	113	794	32	282
10 से 25 लाख रुपये तक . .	268	4964	14	353	73	1140	164	2485
25 से 50 लाख रुपये तक . .	173	8081	6	245	38	1413	69	2467
50 से 100 लाख रुपये तक . .	44	3405	5	378	6	398	11	788
100 लाख रुपये से ऊपर . .	54	15730	3	1387	4	1025	4	664
जोड़ :	1035	34666	107	2685	320	5020	311	6785

योजना का आकार	मुर्गीपालन/भेड़ पालन		मत्स्य पालन		डेरी विकास		भंडार और बाजार केन्द्र		अन्य		कुल जोड़	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
5 लाख रुपये तक	97	206	42	80	118	291	62	225	20	84	817	2138
5 से 10 लाख रुपये तक	33	231	15	109	61	432	66	502	14	145	548	4400
10 से 25 लाख रुपये तक	16	232	21	385	38	551	40	574	10	262	644	10946
25 से 50 लाख रुपये तक	6	169	19	663	9	184	20	609	9	291	349	14222
50 से 100 लाख रुपये तक	—	—	4	288	3	215	4	290	—	—	77	5762
100 लाख रुपये से ऊपर	—	—	1	203	—	—	4	797	—	—	70	19806
जोड़ :	152	838	102	1728	229	1673	196	2997	53	882	2505	57274

विवरण 4

30 जून 1979 तक मंजूर योजनाओं का राज्य, एजेन्सी और प्रयोजनवार वितरण

(लाख रुपये)

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेन्सी की कुल संख्या	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृपुविनि के कुल वायदे	वितरण	
						1978-79 के दौरान	30 जून 1979 तक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1. उत्तरी क्षेत्र							
चण्डीगढ़	2	बान/बानी	1	4	3	—	3
दिल्ली		कृम	4	130	102	9	78
		भूपा	1	20	16	—	—
		डेवि	6	41	37	6	14
			11	191	155	15	92

1	2	3	4	5	6	7	8
दिल्ली (जारी)		3 मुपा	1	12	12	—	6
			12	203	167	15	98
हरियाणा		1 ससि	48	6500	5850	366	4415
		भूवि	7	461	370	23	117
		कृम	7	1887	1416	572	1345
		बान/बानी	3	69	52	4	41
		डेवि	11	226	169	6	44
		गोसं	2	16	12	—	—
			78	9159	7869	971	5962
		2 ससि	66	8272	6674	397	2241
		ग्राविनि	2	30	15		
		भूवि	21	266	213	8	14
		कृम	118	2829	2123	305	1526
		मुपा	6	32	27	2	8
		भेपा	1	2	1	—	1
		डेवि	9	72	63	2	38
		भंओरब	58	740	591	209	429
		गोसं	2	12	10	6	6
		कृवि	1	30	23	—	—
		अन्य	1	4	4	1	1
		सरूविप (अश्र)	—	—	—	25	25
			285	12289	9744	955	4289
		3 डेवि	1	20	15	—	15
		भंओरब	4	267	262	—	243
		सरूविप (अ०अ०)	—	—	—	175	175
			5	287	277	175	433
			368	21735	17890	2101	10684$
हिमाचल प्रदेश		1 ससि	1	20	18	2	4
		बान/बानी	3	86	64	4	22
		डेवि	1	10	7	—	—
			5	116	89	6	26
		2 कृम	2	23	18	—	11
		बान/बानी	17	768	653	35	49
		मुपा	1	6	6	—	—
		सुपा	1	2	2	2	2
		डेवि	5	28	27	7	13
			26	827	706	44	75
			31	943	795	50	101
जम्मू और कश्मीर		1 कृम	1	34	26	2	22
		बान/बानी	3	130	97	—	78
		डेवि	1	14	10	—	—
		भेपा	1	23	18	—	—
			6	201	151	2	100

1	2	3	4	5	6	7	8
— उड़ीसा (जारी)	2	कुम	2	44	33	6	17
		बान/बानी	2	7	6	1	1
		डेवि	2	11	8	5	5
		अन्य	1	8	6	—	—
			7	70	53	12	23
			13	271	204	14	123
पंजाब	1	लसि	59	4289	3882	155	2791
		भूवि	23	1380	1140	197	542
		कुम	4	1430	1072	—	750
		बान/बानी	2	187	141	—	—
		डेवि	3	84	63	—	—
			91	7370	6298	352	4083
	2	लसि	46	4246	3452	383	1358
		ग्राविनि	10	211	105	33	33
		भूवि	5	269	219	22	25
		कुम	57	4328	3246	86	2115
		कुसेके	2	23	17	6	6
		मुपा	8	79	64	14	27
		डेवि	30	280	243	43	132
		भंओरखा	146	1488	1189	635	1051
		गोसं	2	23	18	—	—
		सरुविप (अ० अ०)	—	—	—	19	19
			306	10947	8553	1241	4766
	3	कुम	1	18	16	—	16
		भंओरखा	4	747	730	—	651
		सरुविप (अ० अ०)	—	—	—	32	32
			5	765	746	32	699
			402	19082	15597	1625	9548
